ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी 04:48 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 6 जून 2025
वर्ष 6, अंक 196, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मस्क ने ट्रंप को दिया करारा जवाब 14

दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर 13

## ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में हड़ताल करने पर एस्मा के तहत होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है।

शासन की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किए गए। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के तहत हड़ताल पर रोक लगाई गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी ऊर्जा निगमों में सभी तरह की सेवाओं पर हड़ताल पर रोक रहेगी। हड़ताल करने पर कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन के सूत्रों ने बताया कि निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के तेज होते आंदोलन को ध्यान में रखकर हड़ताल पर रोक लगाई गई है। वजह यह है कि बिजली कर्मी ऊर्जा निगमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन ने 87 अभियंताओं को आरोप पत्र दिए हैं, जबकि कई अभियंताओं के स्थानांतरण कर दिए गए हैं।

# भगदड़ मामले में पुलिस कमिश्नर समेत 8 अधिकारी निलंबित

## मुख्यमंत्री ने गठित किया जांच आयोग, आरसीबी, आयोजकों व केएससीए के प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी का आदेश

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बेंगलुरु के कई आला पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है जिनमें बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर बी दयानंद, बेंगलुरु सिटी के एसीपी विकास कुमार, सेंट्रल जोन के डीसीपी, कब्बन पार्क के एसीपी और इंस्पेक्टर सहित आठ अधिकारी शामिल हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश माइकल कुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग भी गठित किया है जो 30 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगा।

सीआईडी को भी मामले की जांच सौंपी गई है। मजिस्ट्रेट जांच भी हो रही है जिसका नेतृत्व बेंगलुरु शहरी उपायुक्त जी जगदीश कर रहे हैं। डीजीपी और आईजी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजर्स और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी का भी आदेश दिया है। आरसीबी, केएससीए और अन्य के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। मामला जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है।

मामला बीएनएस की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना), 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का इस्तेमाल करके जान-बूझकर चोट या गंभीर चोट पहुंचाना), 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के साथ अन्य धाराओं में दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से हुई मौतों के मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का गुरुवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद राज्य को 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### नई एसओपी तैयार करेगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह कदम बुधवार को एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास मची भगदड़ की घटना के बाद उठाया गया है जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### 10 लाख रुपये मदद देगी आरसीबी

आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की है।

## एक नजर

### शनिवार से चलेगी कटरा श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग गुरुवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी। इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमश: 715 रुपये और 1,320 रुपये है। यात्रा के दौरान यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा।

### जनगणना में बजट बाधा कभी नहीं रहा

**नई दिल्ली।** जनगणना के लिए बजट में प्रस्तावित धन कम होने की आलोचनाओं को खारिज करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस काम में धन की कमी कभी आड़े नहीं आई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगामी जनगणना के बाद लोक सभा की सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा जनगणना के लिए बजट कभी बाधा नहीं रहा है, क्योंकि धनराशि का पर्याप्त आवंटन हमेशा सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार स्पष्ट किया है।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं पर चलती थीं कभी गोलियां, आज पुष्पवर्षा

## रामकथा पार्क में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पौधरोपण किया

- अपने जन्मदिन पर रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल उतारी आरती

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम दरबार की आरती उतारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं। श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था। आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है। उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने ''अतिथि देवो भवः'' की नई परिभाषा गढ़ रही है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वह राम कथा पार्क में अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। बजरंगबली व श्रीराम की आरती उतारी। श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इसमें माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ-साथ बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई। सफेद संगमरमर से बनी प्रतिमाएं अलग ही शोभा बिखेर रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजित मुहूर्त में श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुख्यमंत्री ने रामदरबार का पूजन-अर्चन कर पहली आरती उतारी। साष्टांग प्रणाम किया। इसके बाद सरयू तट पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पौधे लगाए। इसके बाद 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया।

### सभी डीएम अपने जिले की एक नदी को करें पुनर्जीवित

मुख्यमंत्री ने आंजनेय सेवा संस्थान द्वारा पक्का घाट पर आयोजित 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने अयोध्या के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए नदियों के पुनर्जन्म, विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कह दिया गया है कि वो अपने-अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। नदियों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाए। इस वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण नदियों के किनारे किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर एनआईए का छापा

- आतंकवादी साजिश का हुआ खुलासा

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों की आतंकवादी साजिश के खिलाफ गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में 32 स्थानों पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े प्रमुख आतंकवादियों और उनके मददगारों ओवरग्रांउड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को निशाना बनाया गया।

जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, वे प्रमुख आतंकवादियों और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की शाखाओं द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर, पीएएएफ, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे संगठनों से संबद्ध आतंकवादियों के मददगारों के आवासीय परिसर हैं।

# पतंजलि से जुड़े भूमि घोटाले में नेपाल के पूर्व पीएम माधव पर मुकदमा

काठमांडू, एजेंसी

- सरकारी रियायत के साथ खरीदी गई जमीन को बेच देने का है आरोप
- मुकदमे में दो तत्कालीन मंत्री, मुख्य सचिव समेत 93 लोगों के नाम

नेपाल की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी सीआईएए ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल के खिलाफ पतंजलि योगपीठ से जुड़े भूमि घोटाले में मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि पतंजलि ने साल 2010 में कावरेपालनचोक जिले में भूमि सीमा छूट के तहत जमीन खरीदी थी। सरकारी रियायत के साथ अधिग्रहीत इस जमीन को बाद में कैबिनेट स्तर की मंजूरी के साथ बेच दिया गया।

काठमांडू पोस्ट की खबर के मुताबिक पद के दुरुपयोग की जांच संबंधी आयोग (सीआईएए) ने मामले में संलिप्तता के आरोप में माधव नेपाल के साथ 92 अन्य के खिलाफ एक विशेष अदालत में मुकदमा दायर किया है। हालांकि, पतंजलि ने एक बयान में कहा है कि उसने नेपाल के कानून के अनुसार उचित प्रक्रिया के तहत जमीन खरीदी थी। पतंजलि ने कोई सरकारी जमीन नहीं खरीदी है। राजनीतिक प्रतिशोध की कार्यवाही में हमारा नाम घसीटना अनुचित है। सीआईएए ने कहा कि तय सीमा से अधिक भूमि बेची गई जो कानून का उल्लंघन है। नेपाल में संभवतः यह पहली बार है कि भ्रष्टाचाररोधी संस्था ने किसी पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। सीआईएए ने पूर्व कानून मंत्री प्रेम बहादुर सिंह, पूर्व भूमि सुधार मंत्री डंबर श्रेष्ठ और पूर्व मुख्य सचिव माधव प्रसाद घिमिरे समेत 93 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

### माधव ने कहा- कानूनी प्रक्रिया का सामना करेंगे

माधव नेपाल ने आरोपों से इन्कार करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह कानूनी प्रक्रिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली मुकदमा दायर कराकर उनका राजनीतिक करियर खत्म करना चाहते हैं। मई 2009 से फरवरी 2011 तक प्रधानमंत्री रहे माधव नेपाल ने कहा, उनके राजनीतिक करियर को खत्म करने के इरादे से यह साजिश रची गई है। मुकदमा दायर होने के बाद, मौजूदा सांसद माधव नेपाल की संसद सदस्यता खत्म हो गई है।

# ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत

रीवा, एजेंसी

- तीन अन्य घायल, मप्र के रीवा जिले में हुआ हादसा
- प्रयागराज से गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे सभी लोग



मध्यप्रदेश के रीवा जिले में गुरुवार को एक ऑटो रिक्शा पर ट्रक पलट जाने के कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे।

दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विवेक लाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से गुजर रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक ऑटोरिक्शा पर पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने बाद में दम तोड़ दिया। ऑटोरिक्शा में सवार यात्री प्रयागराज में गंगा नदी में स्नान करने के बाद रीवा की सीमा से लगे मऊगंज जिले के नईगढ़ी लौट रहे थे। एएसपी ने बताया कि ट्रक प्रयागराज से रीवा जा रहा था। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल (38), पिंकी (35), हीरालाल जायसवाल (65), प्रवीण (12), अंबिका (8), मानसी (7) और अरविंद (6) के रूप में हुई है।

## हत्या के दोषी को कोर्ट ने दी मौत की सजा

**कानपुर देहात।** करीब 10 माह पहले एक बच्ची की हत्या में एडीजे कोर्ट-6 ने दोषी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है, जबकि बच्ची के माता-पिता सहित छह लोगों की हत्या के प्रयास में उम्रकैद दी है। 15 लाख 10 हजार जुर्माना लगाया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव की पूजा ने पति की मौत के बाद औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र निवासी बहन पूनम के देवर दीपू से वर्ष 2021 में दूसरी शादी कर ली थी। 22 जुलाई 2024 को दीपू ने पत्नी पूजा, सौतेले पुत्र उमंग, पूजा के देवर महेंद्र, उसकी पत्नी विभा, पुत्री काव्या व 8 साल के पुत्र सूर्यांश पर हमला किया था, जिसमें काव्या की मौत हो गई थी।

# मैनपुरी में आर्मी के फर्जी ट्रेनिंग कैंप का पर्दाफाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर 400 से ज्यादा युवाओं से ठगी

**अमृत विचार :** मैनपुरी जिले में एक ऐसे फर्जी आर्मी ट्रेनिंग कैंप का पर्दाफाश हुआ है जहां कई साल से युवाओं को ठगा जा रहा था। उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, कर्नाटक समेत कई राज्यों में विज्ञापन जारी कर ट्रेनिंग के लिए युवाओं को इन सेंटरों पर बुलाया जाता था।

पुलिस ने एक शिकायत के बाद इस गैंग के मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसकी सहयोगी सुमित्रा सेनापति को गिरफ्तार कर लिया। अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गईं।

भारतीय पुलिस प्रोटेक्शन फोर्स (बीपीपीएफ) नाम से संचालित इस नकली सैन्य भर्ती केंद्र से सेना जैसी वर्दी, एयरगन, फर्जी दस्तावेज के साथ काफी सामान बरामद हुआ है। मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय यूट्यूब के जरिए प्रचार-प्रसार करता था। तेलंगाना के करीमनगर जिले के बनटाउन थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र राजइया ने किशनी पुलिस से शिकायत की थी। गिरोह के सदस्य युवाओं को सेना में भर्ती का झांसा देकर उनसे 2 से 3 लाख रुपये तक की वसूली कर रहे थे। करीब 400 युवाओं से ठगी की जा चुकी है।

### कैंप में सेना के झंडों और वर्दी का इस्तेमाल

मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय यह फर्जी ट्रेनिंग कैंप किशनी इलाके के जटपुरा चौराहे के पास करीब 22 बीघा जमीन पर चला रहा था जो उसने 25 हजार रुपये के मासिक किराए पर ली हुई थी। फर्जी ट्रेनिंग कैंप में उसने अलग-अलग बटालियन के झंडे लगाए हुए थे, जिससे दूर से ही लगता था कि यहां आर्मी का कोई ठिकाना है। आरोप है कि अक्सर वह खुद सेना की वर्दी पहनकर यहां मौजूद रहता था। अनुमान लगाया जा रहा है कि चार साल से किए जा रहे इस फर्जीवाड़े के दौरान उसने बेरोजगार युवाओं को सेना में नौकरी के सपने दिखाकर 15 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है।

### यूट्यूब के जरिए देता था युवाओं को झांसा

एफआईआर कराने वाले तेलंगाना के अशोक और उनके साथियों के मुताबिक यूट्यूब पर एक विज्ञापन देखने के बाद उन्होंने अरविंद पांडेय से संपर्क किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद पांडेय युवाओं को सीआरपीएफ, एयरफोर्स, नेवी और सेना में भर्ती का झांसा देकर दो से तीन लाख रुपये तक वसूलता है। उसने और उसके साथियों ने उसे ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कर ट्रेनिंग कैंप ज्वाइन किया था। बाद में फर्जीवाड़े का पता लगा तो अपना पैसा वापस मांगा लेकिन उसने किसी का पैसा वापस नहीं किया।

# साकेत कोर्ट के लॉकअप में विचाराधीन बंदी की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- पेशी पर आए दो अन्य कैदियों ने पीट-पीटकर मार डाला

दिल्ली की साकेत अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए लाए गए एक विचाराधीन बंदी की न्यायालय के हवालात में दो अन्य कैदियों ने कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस मामले को सुरक्षा में बड़ी चूक बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने लात-घूंसों से उस पर हमला किया और उसका सिर दीवार पर दे मारा।

पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे अमन (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा कि हवालात में कई विचाराधीन कैदियों की मौजूदगी में अमन पर जितेंद्र उर्फ जित्ते और जयदेव उर्फ बच्चा ने हमला कर दिया। अमन को साकेत अदालत में पेशी के लिए लाया गया था और हवालात के खारजा नंबर- 5 में यह घटना हुई।

प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि पूर्व में हुए विवाद के कारण यह हमला किया गया।

## शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत

- विवादित वीडियो पोस्ट करने पर हुई थी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं हुआ है। कानून की छात्रा पनोली (22) को पिछले सप्ताह हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# पहली बार फ्रांस से बाहर भारत में बनेगी राफेल की बॉडी

## फ्रांस की दसॉ एविएशन के साथ हुआ टाटा एडवांस सिस्टम का करार

- उत्पादन के लिए हैदराबाद में होगी एक अत्याधुनिक केंद्र की स्थापना

नई दिल्ली, एजेंसी



फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान की बॉडी (फ्यूजलाज) बनाने के लिए गुरुवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कंपनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्ट्री में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।

### भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में अहम कदम

दसॉ के चेयरमैन ट्रैपियर ने कहा कि यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख कंपनियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल विस्तार में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में एक अहम कदम है।

# आगे बढ़ने के लिए बच्चों को अच्छे संस्कार दें : डॉ केशव

## अमृत विचार ने स्वर्ण फार्म में मेधावी छात्रों के सम्मान में आयोजित किया प्रतिभा पुरस्कार - कल के सितारे, आज का सम्मान कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली




सम्मानित हुए मेधावियों के साथ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल और अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. केशव कुमार अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को समाचार पत्र वितरकों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के होनहार बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 वीं और 12वीं जीवन की पहली सीढ़ी है। अंक अच्छे आए हैं। इसके बाद भी हमें रुकना नहीं है। यह शुरुआत है। शुरुआती चमक को अंतिम पायदान तक बरकरार रखना है। आगे बढ़ने के लिए अभिभावक भी बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बच्चे भी अपना लक्ष्य निर्धारित करें, मेहनत और संघर्ष से ही सफलता मिल सकती है। अमृत विचार की इस पहल से बच्चों का हौसला बढ़ेगा।

अमृत विचार की ओर से डेंटल कॉलेज रोड स्थित स्वर्ण फार्म में बृहस्पतिवार को समाचार पत्र वितरकों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के होनहार बच्चों के लिए प्रतिभा पुरस्कार - कल के सितारे, आज का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेधावी बच्चों को सम्मानित करने से पहले उन्हें संबोधित करते हुए डॉ. केशव ने कहा कि कंप्टीशन के दौर में मेहनत बहुत करनी होगी। अभी समय मेहनत करने का है। बाद में जिंदगी यह मौके नहीं देगी। मेधावियों से कहा कि अच्छे अंक के बावजूद अभी भी आपकी पहचान मां-बाप से है, इसलिए आने वाला कल ऐसा बनाएं जिससे उनकी वजह से माता-पिता की पहचान हो। अभिभावकों से कहा कि अच्छे संस्कार के साथ ही बच्चों को यातायात नियम और कानूनों का पालन करना सिखाएं। पढ़ाई के दौर में मोबाइल का उपयोग बहुत ही सीमित रखें। सोशल मीडिया को फोन और दिमाग से लॉग आउट ही नहीं, बल्कि हो सके तो बच्चे डिलीट कर दें। अमृत विचार की तरह सभी अपने विचारों को अमृत बनाएं।

मेधावियों और उनके अभिभावकों से कहा कि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में बीबीए, बीएससी समेत तमाम कोर्स हैं। महंगाई के इस दौर में बच्चों की फीस अभिभावकों को बहुत सताती है। आश्वस्त किया कि वह अमृत विचार से जुड़े हर सदस्य के साथ हैं। अभिभावक अपने बच्चों को यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलाएं। बच्चों को स्कॉलरशिप से लेकर उनकी फीस में हर संभव मदद कराई जाएगी। सीओओ पार्थो कुनार ने कहा कि शिक्षा का पहला गुण ''उत्साह'' है। इसे हमेशा बनाए रखना चाहिए। कम नंबर आना जीवन का अंत नहीं होता है। जीवन की कीमत नंबर से कई गुना ज्यादा है। मेधावियों से कहा कि वह देश का भविष्य हैं। आगे चलकर आप लोग ही देश के लिए बहुत कुछ बड़ा कार्य करेंगे, इसलिए अभी से लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें। अपनी रुचि के हिसाब से कोर्स चुनें। आपके जीवन में बाधक कुछ नहीं बन सकता है। अमृत विचार से जुड़े सभी वितरकों से कहा कि पांच साल के सफर में अमृत विचार को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका बखूबी रही है। शीघ्र ही प्रबंधन की ओर से सभी वितरकों को मेडिकल कार्ड दिए जाने की बात कही, ताकि स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या आने पर मदद मिल सके। इससे पहले अमृत विचार के प्रतिभा पुरस्कार समारोह का शुभारंभ सीओओ पार्थो कुनार, स्थानीय संपादक नवीन गुप्ता, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, प्रसार प्रबंधक अभय गुप्ता, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर मयंक तिवारी और समाचार पत्र वितरक संघ के अध्यक्ष विमल पांडेय ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीबीएसई और यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के 33 मेधावियों को सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मान पाते देख अभिभावक भी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में माइंड गेम खिलाकर बच्चों की प्रतिभा को निखारा गया। मेधावी और उनके साथ आए अभिभावकों के लंच की व्यवस्था भी अमृत विचार की ओर से की गई थी।

- **समाचार पत्र वितरकों के 10वीं व 12वीं के होनहार बच्चों को किया गया सम्मानित**
- **सोशल मीडिया को फोन और दिमाग से लॉग आउट ही नहीं, डिलीट कर दें छात्र**

### इन मेधावियों को मिले मेडल

अमृत विचार की ओर से आयोजित प्रतिभा पुरस्कार– कल के सितारे, आज का सम्मान समारोह में इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों में अनुष्का रानी, अंश सक्सेना, हाईस्कूल की अंशिका, यश मनकोटिया को गोल्ड मेडल, इंटरमीडिएट की प्रज्ञा, विश्वास पांडेय, साक्षी शंखधार, जीत सोढ़ी, हाईस्कूल की पवनी गुप्ता, अविरल तिवारी, अमल कुमार, वैष्णवी रस्तोगी, मुस्कान और शगुन श्रीवास्तव को ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### इनको मिला सांत्वना पुरस्कार

इंटरमीडिएट के शरद चंद निषाद, गौरव कश्यप, आराध्या मिश्रा, आदित्य राठौर, अर्चित अग्रवाल, केशव मिश्रा, हाईस्कूल में प्रियांशी मिश्रा, लक्ष्य मिश्रा, अनमोल मौर्य, रोशनी, अंश अग्रवाल, आयुष, अंशुल गुप्ता, अमन, वंशिका नेगी, आकाश, मो. तनजीत, अनिकेत और पवनेश को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।




कार्यक्रम में बोलते डॉ. केशव अग्रवाल। • अमृत विचार



प्रतिभा पुरस्कार समारोह में मौजूद समाचार पत्र वितरकों के परिवार के सदस्य व अन्य। • अमृत विचार



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते सीओओ पार्थो कुनार, साथ में स्थानीय संपादक नवीन गुप्ता, एचआर हेड सतीश द्विवेदी, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता व अन्य।



मेधावी को सम्मानित करते डॉ. केशव अग्रवाल। • अमृत विचार

### कार्यक्रम में यह लोग भी रहे मौजूद

संस्थान के सुबोध शर्मा, एचआर हेड सतीश द्विवेदी, सुमित शर्मा, रामआसरे गुप्ता, नितिन मिश्रा, संदीप सिंह, अंकित सिंह, वितरक नीरज, सुमित वर्मा, कपिल तिवारी, तौसीफ, संतोष, मो. जैगम, पंकज, शेखर, मुन्नालाल, उमेश रावत, सचित गुप्ता, पिंटू, राकेश मिश्रा, सुरेश यादव, यादराम, विशाल सक्सेना, भुवांश गुप्ता, आदित्य, करन, गौरव मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, राजेश, ओमप्रकाश, धर्मवीर, अर्चित अग्रवाल, शिवम, सोनू, वेदप्रकाश, विनीत ग्रोवर, विशाल गुप्ता, नितिन सक्सेना, अर्जुन सिंह नेगी, इंदरसेन, सचिन मिश्रा, मो. शमशाद, मुकेश रस्तोगी व अमृत विचार अभिकर्ता नितिन गुप्ता मौजूद रहे।

### बच्चों का सम्मान अमृत विचार की सराहनीय पहल

युवा का विपरीत है वायु। वायु यानि जीवन। ये आज के युवा कल हमारे देश में वायु बनकर प्रगतिशील भारत बनायेंगे। जब बात उस तबके के युवाओं की आती है जिनके अभिभावकों ने उन्हें अपनी नींद और सपने बेचकर तैयार किया हो। तो इन युवाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। ऐसे वितरक समाज के मेधावी बच्चे जिन्होंने शिक्षा के पहले पड़ाव हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो, उनके सम्मान से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अमृत विचार संस्थान की ओर से ऐसे युवाओं का सम्मान करना वास्तव में बहुत सरहनीय पहल है।

–**विमल पांडेय**, अध्यक्ष, समाचार पत्र वितरक संघ, बरेली



बिशप कोनराड के छात्र यश ने 10वीं में 91 फीसदी अंक प्राप्त किए। पिता अमृत विचार के वितरक हैं। यश कहते हैं कि पिता की मेहनत ने उन्हें शिक्षा की राह दिखाई। इस कार्यक्रम से भविष्य के लिए नई ऊर्जा मिली है। कार्यक्रम में सम्मान मिलने पर लगा कि किसी ने हमारे भीतर कुछ कर गुजरने की अलख जगा दी है। आगे जाकर यूपीपीएससी की तैयारी की ठानी है।



वैष्णवी रस्तोगी ने हाईस्कूल में 84 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। वैष्णवी कहती हैं कि जीवन में माता–पिता का सपोर्ट होना ही आपको प्रेरित करेगा। कहा कि विद्यार्थियों को उनका लक्ष्य पता हो तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम में सम्मान देकर हमारी मेहनत को सराहा गया है। आगे भी मेहनत करती रहूंगी।



शहर के एसवी इंटर कॉलेज के छात्र अनमोल मौर्य ने 10वीं में 65 फीसदी अंक पाए हैं। अनमोल बताते हैं इंटरमीडिएट के बाद वह एनडीए की तैयारी करेंगे। अमृत विचार का मेधावियों के सम्मान में हुआ कार्यक्रम हमारे लिए नई दिशा लेकर आया है। डा. केशव सर के प्रेरणादायक अनुभव से बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके सुझाव बहुत काम आएंगे।



बिना कोचिंग के 10वीं की छात्रा अंशिका सोढ़ी ने 96 फीसदी अंक लाकर अपने स्कूल जिंगल बेल्स के साथ–साथ रिश्तेदारी में मान बढ़ाया है। उनके पिता संजय सोढ़ी अमृत विचार के एजेंट हैं। अंशिका बताती हैं कि उनके पिता ने पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी, उनका सपना पूरा करना ही लक्ष्य है। कार्यक्रम में मिला सम्मान हमको आगे जाकर और बेहतर करने की प्रेरणा देगा।



गौरव कश्यप को इंटर में 69 फीसदी अंक मिले हैं। वह सीए बनना चाहते हैं। गौरव बताते हैं कि कार्यक्रम बेहद शानदार रहा। मेधावियों को भविष्य चुनने के दौरान ध्यान रखने वाली महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई। उन्हें सफलता प्राप्त करने के मंत्र बताए गए। कार्यक्रम में सम्मानित होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, शुक्रिया अमृत विचार।



सिविल लाइंस के सेंटर मैरीज के अविरल तिवारी ने 10वीं में 88 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। इनके पिता अभिकर्ता हैं। अविरल बताते हैं कि उन्होंने शुरू से ही पिता जी को कठित परिश्रम करते दिखा है। कोचिंग से ज्यादा सेल्फ स्टडी अच्छी लगती है। आगे भी बिना कोचिंग इंटरमीडिएट की पढ़ाई के बाद यूपीपीएससी की तैयारी करेंगे।



विश्वास पांडेय ने एनईआर स्थित केवी स्कूल से 12वीं में 76 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। विश्वास कहते हैं कि उन्होंने घर पर रहकर सेल्फ स्टडी की। परिणाम के दिन माता–पिता को गर्व महसूस कराया था। अब अमृत विचार ने सम्मानित कर इसमें चार चांद लगा दिए। आगे भी बेहतर करेंगे। छात्रों से अपील की कि वह मेहनत करते रहें, सफलता जरूर मिलेगी।



इंटरमीडिएट में 72 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र जीत का सपना इंजीनियर बनना है। जीत ने सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल से इंटर की पढ़ाई की है। वह कहते हैं उम्मीद से कम नंबर मिले हैं, लेकिन निराश नहीं हैं। कार्यक्रम में अतिथियों से मिली सीख हमारे लिए मूल्यवान साबित होगी। सम्मान देकर हमारी मेहनत को सराहा गया।




सम्मान समारोह में बच्चों ने उत्साह के साथ फन गेम्स में भाग लिया। • अमृत विचार

# हाउस टैक्स सही कराने में बीत रहे दिन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नगर निगम कार्यालय में हर रोज 15 से 20 आ रहीं आपत्तियां**
- **छूट के साथ टैक्स जमा करने की 30 जून को है आखिरी दिन**

**अमृत विचार :** हाउस टैक्स 30 जून तक जमा करने पर विभाग 10 प्रतिशत की छूट दे रहा है। पर बिलों में काफी संख्या में गलतियां आने के कारण लोगों टैक्स जमा नहीं कर पा रहे है। इसके कारण उनको नगर निगम दफ्तर का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

पिछले साल हुए जीआईएस सर्वे में हुई गलतियों का असर इस बार भी देख रहा है। जबकि नगर निगम के अधिकारियों का दावा है टैक्स की वसूली में इजाफा हुआ है। पर हकीकत तो यह है कि भवनस्वामियों की परेशानी खत्म नहीं हुई हैं। हर रोज 15 से 20 भवनस्वामी गलत बिलों का सुधार कराने के लिए नगर निगम पहुंच रहे हैं। वहीं विभाग शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के लिए भवन स्वामियों को हाउस टैक्स 30 जून तक जमा करने में 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अब 10 प्रतिशत छूट पाने को महज 24 दिन बचे हैं। अपने हाउस टैक्स में सुधार कराने के लिए हर रोज नगर निगम और जोन कार्यालय पर लोगों की भीड़ जुटी रह रही है।

सपा के वरिष्ठ पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि गलत बिल के कारण लोग टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं। इसे सुधारा भी नहीं जा रहा है। इस वजह से धीरे-धीरे छूट का समय भी गुजर रहा है।

पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने बताया कि उनकी स्वयं की फाइल छह माह से सुधार के लिए पड़ी हुई है, लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से ठीक नहीं हो पा रहा है। काफी संख्या में लोग परेशान हैं।

## नेक्स्ट जनरेशन पीआरएस से टिकट आरक्षण को मिली रफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर रेल यात्रियों को अब टिकट बुकिंग में नेटवर्क फेल होने की समस्या से राहत मिलने जा रही है। रेलवे ने यहां नेक्स्ट जनरेशन पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम को लागू कर दिया है।

इस अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर के जरिए टिकट बुकिंग प्रणाली को और अधिक तेज, सटीक और नेटवर्क समस्या रहित बनाया गया है। बरेली जंक्शन पर हाल ही में इस उच्चीकृत प्रणाली को लागू किया गया है।

# एजीएम ने किया इज्जतनगर-बहेड़ी रेल खंड का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं और संरचनात्मक व्यवस्थाओं की स्थिति परखी**
- **सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग और एआई की चुनौतियां भी समझाईं**




इन्वायरमेंट सस्टेनेब्लिटी रिपोर्ट का विमोचन करते रेल अफसर। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के अपर महाप्रबंधक डीके सिंह ने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को इज्जतनगर-बहेड़ी रेल खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इज्जतनगर और बहेड़ी रेलवे स्टेशनों का गहन निरीक्षण कर साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं और संरचनात्मक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अपर महाप्रबंधक डीके सिह ने सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रेलवे पहले से ही पर्यावरण संरक्षण के तहत क्लीन व ग्रीन अभियान और प्लास्टिक के कम प्रयोग जैसे कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से आग्रह किया कि यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार करते हुए स्टेशन परिसर और ट्रेनों की स्वच्छता बनाए रखें। बैठक में इन्वायरमेंट सस्टेनेब्लिटी रिपोर्ट का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मंडल के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान रेलवे की सेवा गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया गया।

# कच्चे बांध को ईको टूरिज्म स्थल बनाने को सर्वे रिपोर्ट का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बहेड़ी में बहगुल नदी को ईको टूरिज्म स्थल बनाने के प्रयास तेज**

**अमृत विचार :** बहेड़ी में स्थित बहगुल नदी पर बने कच्चे बांध (जलाशय) को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने के लिए शासन के आदेश पर किए गए सर्वे की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। बिंदुवार रिपोर्ट बननी है। ऐसे में समय लग रहा है। रिपोर्ट अगले सप्ताह आने की संभावना है। रिपोर्ट के बाद प्रक्रिया और तेज की जाएगी।

दरअसल, तहसील बहेड़ी के खमरिया गांव से होकर गुजरी बहगुल नदी पर बने कच्चे बांध को ईको टूरिज्म स्थल बनाने के लिए स्थानीय निवासी ने कमिश्नर सौम्या अग्रवाल से मिलकर आग्रह किया था। इसके बाद पर्यटन विभाग में स्थापित ईको टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से नामित आर्किटेक्ट हिमांशु ने पिछले दिनों मौके पर पहुंचकर सर्वे किया था। आर्किटेक्ट ने सर्वे के प्रारंभिक दौर में स्थल को उपयोगी बताया है। सही स्थिति सर्वे की रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगी। उप निदेशक पर्यटन ब्रजपाल सिंह ने बताया कि अगले सप्ताह तक सर्वे की रिपोर्ट आएगी। यह भी देखा जा रहा है कि पर्यटकों के लिहाज से ईको टूरिज्म के रूप में विकसित होने के बाद स्थल कितना उपयोगी होगा, राजस्व कितना आ सकता, इसके बनने से कितना फायदा और नुकसान होगा। निर्माण में कितनी लागत आएगी। रिपोर्ट विस्तृत बनाई जा रही है। आर्किटेक्ट की ओर से हर बिंदु को शामिल किया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

# बैंकों की दहलीज पर रोजगार की उम्मीदें हुईं थी निराश, फिर जगी आस

अनुपम सिंह, बरेली

- **फाइलों को निरस्त करने की वजह वाजिब या बैंकों की मनमानी, जांच से उठेगा पर्दा**
- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना : तीन हजार से अधिक फाइलें बैंक कर चुके खारिज**

**अमृत विचार :** रोजगार का सपना लेकर लोन के लिए आवेदन करने वाले युवाओं की बैंकों की चौखट पर धराशायी हुई उम्मीदों को फिर से बल मिलता दिख रहा है। थोक के भाव में निरस्त की गईं करीब तीन हजार फाइलों की जमीनी सच्चाई जानने के लिए जिलाधिकारी ने दोबारा से जांच कराने के आदेश दिए हैं। एक-एक आवेदन की खारिज करने की वजह बारीकी से जानी जाएगी।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के लिए ब्याज मुक्त पांच लाख रुपये का लोन दिया जाता है। योजना सीएम की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। यही वजह है कि 1 अप्रैल को अपने एक दिवसीय दौरे में सीएम इस योजना की समीक्षा करना नहीं भूले थे। उनके निर्देश के बाद तत्कालीन डीएम रविंद्र कुमार ने सख्ती दिखाई थी। ज्यादा से ज्यादा ऋण वितरण कराने के लिए तहसीलवार क्रेडिट कैंप लगाए गए थे। इसमें बड़ी संख्या में आवेदनकर्ता पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी का यह प्रयास भी लोन दिलाने में युवाओं का ज्यादा भला नहीं कर सका और लोग आज भी उद्योग विभाग से लेकर बैंकों के चक्कर लगाते घूम रहे हैं। बैंक स्वीकृति देने और लोन वितरण से ज्यादा फाइलों को खारिज कर रहे हैं। उद्योग विभाग के आंकड़े बता रहे हैं कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब छह हजार से ज्यादा लोगों ने आवेदन किए थे। इसमें 5 हजार से अधिक फाइलें बैंकों को भेजी गईं थी, जिसमें 1700 से ज्यादा फाइलों को बैंकों ने निरस्त कर दिया था।

चालू वित्तीय वर्ष में भी बैंकों की मनमानी नहीं रुक रही। आंकड़े बता रहे हैं चालू वित्तीय वर्ष के शुरुआती दो महीने में 2229 के करीब आवेदन विभिन्न बैंकों को विभाग ने भेजे हैं। 553 आवेदन स्वीकृत करते हुए बैंकों ने 391 लोगों को लोन वितरित किया है, मगर हैरानी की बात है कि 1562 फाइलों को अलग-अलग कारणों का हवाला देकर खारिज कर दिया गया है। स्वीकृत और वितरण कई गुना ज्यादा निरस्त की गईं फाइलों का मामला डीएम अविनाश सिंह के संज्ञान में भी पहुंचा। इतनी बड़ी संख्या में आवेदनों को निरस्त करने की वजह कोई वाजिब वजह है या बैंकों की मनमानी है, इसकी सच्चाई जानने के लिए डीएम ने निरस्त हुई सभी फाइलों की दोबारा से जांच के आदेश दिए हैं।

**1164** फाइलें स्वीकृत के लिए बैंकों में लंबित हैं

**512** फाइलें स्वीकृत के बाद ऋण के लंबित हैं

### लोन दिलाने में जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर

आवेदकों की ओर से बैंकों पर उदासीनता और मनमानी के लग रहे आरोपों के बीच उद्योग विभाग के प्रयासों से आवेदन कराने वालों को ऋण वितरण कराने में जिले की स्थिति फिर भी अच्छी है। बरेली प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। माना जा रहा है कि अगर बैंकों के स्तर से और अपेक्षित सहयोग विभाग को मिल जाए तो जिला प्रदेश में पहले स्थान पर आ सकता है।

### बैंकों के नोडल बनाए गए यह अफसर फाइलों पर करेंगे पुनर्विचार

बैंकों की ओर से खारिज किए गए आवेदनों पर पुनर्विचार कर स्वीकृत कराने के लिए जिलाधिकारी ने बैंक वार जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल बना दिया है। जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार बैंक ऑफ बड़ौदा, उपायुक्त मनरेगा मो. हसीब अंसारी बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक, उपायुक्त एनआरएलएम योगेंद्र लाल भारती एचडीएफसी बैंक, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव पंजाब नेशनल बैंक, समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर को स्टेट बैंक, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सहायक आयुक्त सहकारिता बृजेश परिहार को कोटक महिंद्रा बैंक का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।



लोन वितरण कराने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी लगातार समीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश में दूसरे स्थान पर हैं। सरकारी बैंक अच्छा काम कर रही हैं, मगर प्राइवेट बैंक बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त कर रहीं हैं। निरस्त फाइलों को स्वीकृत कराने के लिए पुनर्विचार के आदेश हुए हैं।

–**विकास यादव**, उपायुक्त उद्योग

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

तेज हवा चलने के साथ बारिश के आसार।

34.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- पंजाबी महासभा की ओर से निर्जला एकादशी पर शरबत का वितरण शहीद पंकज अरोड़ा स्मारक पर सुबह 11 बजे।
- रोटरी क्लब ऑफ बरेली का वोकेशनल अवार्ड समारोह बरेली क्लब में शाम 8 बजे।
- मॉडल टाउन श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 8 बजे से ।
- अग्रवाल परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सत्यम बारात घर में शाम 5 बजे।
- रामायण मंदिर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष्य में कलश यात्रा सनातन धर्म मंदिर से शाम 5 बजे।

# आर्मी इंटेलीजेंस ने एक और जनसेवा केंद्र में पकड़ा फर्जीवाड़ा

## संचालक गिरफ्तार, गैनी में जनसेवा केंद्र में बनाए जा रहे थे फर्जी दस्तावेज, आर्मी इंटेलीजेंस के साथ एसओजी व अलीगंज पुलिस ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली/अलीगंज

**अमृत विचार :** जनसेवा केंद्रों पर फर्जीवाड़ा बड़े स्तर पर हो रहा है। सीबीगंज, भोजीपुरा और प्रेमनगर थाना क्षेत्रों के बाद अब अलीगंज थाना क्षेत्र के गैनी में जनसेवा केंद्र पर फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। आर्मी इंटेलीजेंस, एसओजी और अलीगंज पुलिस ने बुधवार को जनसेवा केंद्र पर छापा मारा। यहां से पुलिस ने बड़ी मात्रा में आधार कार्ड, राशन कार्ड, अन्य फर्जी दस्तावेजों के साथ ही मोहरें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोपी अधिक कमाई के लालच में फर्जीवाड़ा कर रहा था। आर्मी इंटेलीजेंस लखनऊ की बरेली इकाई को सूचना मिली कि अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गैनी में एक व्यक्ति जनसेवा केंद्र और मोबाइल रिपेयरिंग की आड़ में फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहा है। आर्मी इंटेलीजेंस, एसओजी और अलीगंज पुलिस ने बुधवार को गैनी गांव के रहने वाले देवेश पाठक के पाठक कम्युनिकेशन एवं आधार कार्ड सेंटर पर छापा मार कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी देवेश पाठक व बरामद सामान। ● अमृत विचार

- **इन दस्तावेजों का लोग नौकरियां पाने में करते थे प्रयोग**
- **आधार कार्ड, राशन कार्ड व अन्य फर्जी दस्तावेज व मोहरें बरामद**

आरोपी को भी मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि अधिक कमाई करने के चक्कर में वह फर्जी दस्तावेज बनाने लगा है।




इसी दुकान में चलता था केंद्र

> सेना की इंटेलीजेंस की सूचना पर गैनी गांव में देवेश पाठक के पाठक कम्युनिकेशन एवं आधार कार्ड सेंटर पर बुधवार को छापामार कार्रवाई की गई। वह फर्जी दस्तावेज बनाता है। उसके यहां से बरामद दस्तावेज और उपकरण पुलिस ने जब्त कर लिए। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है। अन्य जानकारी भी जुटाई जा रही है। – **नितिन कुमार** सीओ आंवला

### पुलिस को दुकान पर मिले कई फर्जी दस्तावेज

आरोपी देवेश पाठक के सेंटर से पुलिस ने 14 वोटर आईडी कार्ड, 4 आधार कार्ड, 1 पासबुक, 10 राशन कार्ड, 47 जन्म प्रमाण पत्र, 8 जाति प्रमाण पत्र और तीन मूल निवास प्रमाण पत्र भी बरामद किए हैं। आरोपी के यहां से चार मोहरे भी पुलिस को मिली हैं। इनमें एक मोहर बाल विकास परियोजना अधिकारी कोटवाल नैनीताल की है और दूसरी मोहर पर ओरिजनल डॉक्यूमेंट्स अटेस्टेड लिखा है। इसके अलावा छह सिम कार्ड भी मिले हैं।

### दस्तावेज तैयार करने में इस्तेमाल उपकरण भी जब्त

पुलिस को आरोपी की दुकान से 4 लैपटॉप, 2 प्रिंटर, 1 आई स्कैनर, 1 फिंगर स्कैनर, 2 थम्ब स्कैनर, 1 मोबाइल, 1 टैबलेट, 1 पेन ड्राइव, 2 डोंगल, 2 लैपटॉप चार्जर, 1 की बोर्ड, 1 जीपीएस, 4 यूएसबी हब बरामद हुए हैं। पुलिस ने इन्हें जब्त कर लिया है। अलीगंज पुलिस ने बताया कि आरोपी काफी लंबे समय से फर्जीवाड़ा कर रहा है। कई लोग उसके यहां तैयार फर्जी दस्तावेज बनवाने के लिए आते हैं। उनसे मोटी रकम वसूल कर वह दस्तावेज बनाता है।

### बेवसाइट के माध्यम से बनाता है दस्तावेज

आरोपी देवेश पाठक ने पुलिस को बताया कि वेबसाइट सीके डिजिटल प्रिंट पोर्टल है। वह इसी वेबसाइट का सहारा लेकर दस्तावेज तैयार करता है। बेवसाइट का लिंक भी उसने पुलिस को बताया। ये वेबसाइट विदेशी है। अब तक वह सैकड़ों लोगों के फर्जी दस्तावेज बना चुका है। बताया कि फर्जी आधार कार्ड बनाने के वह 1000 रुपये लेता है। इसी तरह अन्य दस्तावेजों पर सौदा तय करता है।

# युवती की इंस्टाग्राम आईडी पर डाले आपत्तिजनक फोटो

**बरेली, अमृत विचार :** शोहदे ने युवती के फोटो एडिट करके इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट कर दिए। जानकारी होने पर पीड़िता ने थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने नाम से इंस्टाग्राम आईडी चलाती है। उसे बदनाम करने के उद्देश्य से शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शरीफनगर निवासी अभिषेक मौर्या ने उसके फोटो एडिट करके अश्लील बना दिए और अपनी आईडी से उसे व अन्य लोगों को पोस्ट कर दिए। यही नहीं आरोपी ने फोटो पर आपत्तिजनक कमेंट करना भी शुरू कर दिए। आरोपी ने उसके रिश्तेदारों और जान-पहचान के लोगों को भी फोटो भेज दिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी इस वक्त जोगीनवादा में रहता है।

# घर में घुसकर दूसरे समुदाय के युवक ने की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में दूसरे समुदाय का युवक एक व्यक्ति के घर में बुधवार रात नौ बजे घुस गया। आरोपी ने घर में मौजूद युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे उनकी लड़की घर में अकेली थी। इसी बीच शाहनूरी मस्जिद के पास रहने वाला रईस उनके घर में घुस गया और बेटी

- **चीख पुकार सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गया**
- **पीड़िता के पिता की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

से अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने बेटी के साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। तब आरोपी रईस जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

पीड़िता के पिता ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# कक्षा एक की छात्रा से दूसरे समुदाय के युवक ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, बरेली/देवरनियां

**अमृत विचार :** दूसरे समुदाय के युवक ने टॉफी दिलाने के बहाने ले जाकर गांव के ही प्राथमिक स्कूल के शौचालय में बच्ची से दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाली महिलाएं और लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने देर रात गांव और देवरनिया थाना परिसर में हंगामा काटा। गांव में आरोपी के घर की तरफ भीड़ बढ़ी तो पुलिस ने समझाकर शांत कराया। गांव में तनाव बना है। पुलिस तैनात कर दी है। बच्ची के पिता ने थाना देवरनियां में आरोपी के

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने देवरनियां थाने में किया हंगामा, गांव में पुलिस तैनात**
- **आरोपी के घर की तरफ भीड़ बढ़ी तो पुलिस ने समझाकर करा दिया शांत**

खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

देवरनियां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी 5 साल की बेटी गांव के ही प्राथमिक स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है। बेटी बृहस्पतिवार की शाम 5 बजे खेलने के लिए बाहर निकली थी। तभी गांव का अकील अहमद पुत्र जमील अहमद उनकी बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने प्राथमिक स्कूल में ले गया। वहां स्कूल के शौचालय में बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची की चीख सुनकर स्कूल के पड़ोस में रहने वाली महिलाएं और कुछ लोग वहां पहुंच गए। गांव के लोगों को देखते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। जानकारी मिलने पर पीड़िता के पिता थाना देवरनियां पहुंचे और तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि पुलिस आरोपी अकील को तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **आरोपी को सजा देने के लिए उतारू दिखी आक्रोशित भीड़ :** घटना के बाद से गांव के लोगों में आक्रोश है। बृहस्पतिवार की रात सैकड़ों लोग थाना देवरनियां पहुंचे और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा किया। लोगों का कहना था कि यदि पुलिस आरोपी को सजा न दे सके तो वे लोग सजा देंगे। इससे पहले गांव के लोगों ने आरोपी के खिलाफ आक्रोश जताते हुए गांव में हंगामा किया। लोगों की भीड़ आरोपी के घर की ओर बढ़ने लगी, तब इंस्पेक्टर देवरनियां दिनेश शर्मा ने लोगों को समझाकर मामला शांत किया।

### आरोपी की हरकतों से परेशान पत्नी छोड़ गई

गांव के लोगों ने बताया कि अकील की उम्र करीब 40 वर्ष है। वह प्राइवेट नौकरी और मजदूरी करता है। उसकी हरकतों की वजह से ही उसकी पत्नी भी छोड़कर चली गई। आरोपी आए दिन गांव में छेड़छाड़ और गाली-गलौज करता है। लोगों ने कई बार विरोध किया, लेकिन मामला थाने तक नहीं पहुंचा। यही वजह है कि उसके हौसले बुलंद हो गए और उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

### गांव में तनाव, पुलिस कर रही निगरानी

गांव में दोनों समुदायों की आबादी लगभग बराबर है। दुष्कर्म की घटना के बाद एक समुदाय के लोगों में आक्रोश फैल गया। लोग आरोपी को तलाश करने लगे। एक पक्ष को उग्र देखकर इंस्पेक्टर देवरनियां दिनेश शर्मा ने गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

# देवर ने किया दुष्कर्म का प्रयास, शिकायत पर सास-ससुर ने पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** अकेली रह रही महिला को नशीला पदार्थ देकर देवर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। शिकायत करने पर सास, ससुर और ननद ने पीड़िता के साथ मारपीट की। महिला ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने बताया कि उसका पति बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करता है। वह अपने बच्चों के साथ रहती है। उसका देवर उस पर गलत निगाह रखता है। अक्सर अश्लील हरकतें करता है। 1 मई 2025 को दिन में 11 बजे वह मकान में अकेली थी। तभी आरोपी देवर मिठाई का डिब्बा लेकर आया और उसे धोखे से नशीली मिठाई खिला दी। अर्ध बेहोशी की हालत में आरोपी ने दुष्कर्म का प्रयास किया। उसने विरोध किया और सास-ससुर से शिकायत की। इसके बाद सास-ससुर ने देवर को दिल्ली भगा दिया। इसी बात से रंजिश मानते हुए 2 जून को सास, ननद और ससुर गंदी-गंदी गालियां देते हुए घर में घुस आए और मारपीट की। धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गंगा दशहरा पर चलने वाली समर स्पेशल निरस्त, ट्रेनों में भीड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गंगा दशहरे के अवसर पर उत्तर रेलवे द्वारा चलाई गई समर स्पेशल ट्रेन संख्या 14309 (लखनऊ-हरिद्वार) को गुरुवार को रवाना होने से पहले ही निरस्त कर दिया गया। इस अचानक हुए निर्णय से यात्रियों में भारी नाराजगी देखी गई, खासकर उन श्रद्धालुओं में जो गंगा स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए हरिद्वार जाने की तैयारी में थे।

यह विशेष ट्रेन गंगा दशहरे की भीड़ को ध्यान में रखते हुए चलाई गई थी, जिससे कि नियमित ट्रेनों पर दबाव कम हो सके। उत्तर रेलवे की ओर से किसी तकनीकी कारण या संचालन संबंधी समस्याओं के चलते इसे अप्रत्याशित रूप से रद्द कर दिया। इससे यात्रियों को वैकल्पिक ट्रेनों में सवार होने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। **दो घंटा देरी से पहुंची अवध आसाम में जुटी भीड़ :** अवध




अवध आसाम एक्सप्रेस में भीड़ की वजह से खिड़की से निकलता यात्री

- **गंगा दशहरे के लिए चलाई गई थी विशेष ट्रेन, यात्रियों में दिखी नाराजगी**
- **जंक्शन पर अवध आसाम एक्सप्रेस में बैठने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा**

आसाम एक्सप्रेस (15056) अपने निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से चल रही है। अधिकांश ट्रेनों की लेट लतीफी से परेशान लखनऊ जाने वाले यात्रियों ने अवध आसाम एक्सप्रेस में यात्रा की। स्टेशन पर अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। कई यात्री तो बिना रिजर्वेशन के भी ट्रेन में चढ़ गए, जिससे भीषण भीड़ का माहौल बन गया। कई यात्री आपातकाल खिड़कियों से ट्रेन में चढ़ते हुए नजर आए। वहीं, बाबूगढ़ और कुचेसर रोड के बीच चल रहे ट्रैक रखरखाव कार्य से ट्रेन 04018 मुजफ्फरपुर समर स्पेशल ट्रेन तीन घंटा 17 मिनट देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। 05577 सहरसा आनंद विहार समर स्पेशल



ट्रेन के गेट पर यात्रियों की भीड़।

ट्रेन 11 घंटा 7 मिनट देरी से बरेली पहुचेगी।

**टीटी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप :** हावड़ा से देहरादून जाने वाली कुंभ एक्सप्रेस 12369 में एक यात्री ने थर्ड इकानॉमी में टीटी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। इसके साथ ही ट्रेन में गंदगी के बारे में भी शिकायत की गई। बरेली जंक्शन पर सफाई मित्र ने सफाई की। ये ट्रेन दो घंटे 10 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची थी।

### अगवानपुर में आधा घंटा रुकी अमृतसर-हावड़ा मेल

13006 अमृतसर हावड़ा मेल को अगवानपुर में आधे घंटे तक रोका गया। जानकारी पर रेलवे अधिकारियों ने बताया की मुरादाबाद रेलवे स्टेशन में एक व्यक्ति की ट्रैक पर कट कर मौत हो गई, ट्रैक क्लियर होने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। इसके चलते ट्रेन करीब 44 मिनट देरी से बरेली पहुंची।

### अवैध यात्रियों को स्लीपर से निकाला बाहर

ट्रेन नंबर 14113 में रिजर्वेशन कराकर यात्रा कर रहे यात्रियों ने स्लीपर कोच में बिना आरक्षण के घुसे यात्रियों की 139 पर शिकायत की गई। बाद में जीआरपी की मदद से अवैध यात्रियों को कोच से बाहर निकाला गया।

# गर्मी में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग ने लोगों को किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर के हरूनगला, महानगर, जगतपुर और कुतुबखाना क्षेत्र में गुरुवार को लोकल फाल्ट के साथ ट्रिपिंग, वोल्टेज कम और फेस नहीं आने की समस्या बनी रही। इसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। किला क्षेत्र में मरम्मत कार्य कराने के लिए दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

सुभाषनगर सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में वोल्टेज कम तो कभी ज्यादा आने से और किला सब स्टेशन के सुर्खा बानखाना, बाकरगंज, हुसैन बाग आदि जगह पर फेस नहीं आने से उपभोक्ता परेशान हुए। शाहदाना सबस्टेशन के कई इलाकों में लोकल फाल्ट के चलते गुरुवार को डेढ़ से दो घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। सन सिटी सब स्टेशन के वाटिका सनसिटी विस्तार में पोल से आपूर्ति बंद रही।

डीडीपुरम और मिशन सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में फेस नहीं आने की समस्या रही। दोपहर 2 बजे कुतुबखाना सब स्टेशन के मदारी गेट के पास बिजली संकट रहा। हरूनगला सबस्टेशन के सरस्वती विहार कॉलोनी में ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने से आपूर्ति बाधित रही। सर्किट हाउस फीडर पर सुबह 10 बजे एसएसपी आवास के पास तार टूट जाने से 30 मिनट तक आपूर्ति बंद रही। किला सब स्टेशन पर गुरुवार को मेंटीनेंस का काम



फाल्ट ठीक करता बिजली कर्मचारी।

- **हरूनगला और जगतपुर में बना रहा बिजली का संकट**
- **किला क्षेत्र में मेंटीनेंस की वजह से दो घंटे बंद रही आपूर्ति**

कराया गया। इससे दोपहर 12 से 2 बजे तक किला सब स्टेशन के सभी फीडर पर आपूर्ति बंद रही। इसकी वजह से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा।

**राजेंद्र नगर और डेलापीर इलाके में आज बंद रहेगी बिजली :** 33 केवी की लाइन पर काम होने के चलते शुक्रवार दोपहर 1 से दो बजे तक राजेंद्र नगर, इंदिरा नगर, गुप्ता चौराहा, शील चौराहा, आवास विकास, जनकपुरी, प्रियदर्शिनी नगर, जगदीश विहार, मंडल विहार, गुलमोहर पार्क, आशापुरम, एकता नगर, ई ब्लॉक, प्यारेलाल कॉलोनी डेलापीर, आईवीआरआई रोड, स्टेडियम रोड, मंडी समिति इलाके में आपूर्ति बाधित रहेगी।

# दो मरीजों में दिखे कोरोना के लक्षण, रिपोर्ट निगेटिव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** प्रदेश भर में कोरोना का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिसको लेकर शासन ने सांस और कोरोना के लक्षण वाले रोगियों की कोविड जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला अस्पताल स्थित पैथोलॉजी लैब में गुरुवार को कोरोना के संदिग्ध दो मरीजों की एंटीजन जांच हुई, लेकिन दोनों मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई।

**ओपीडी से जांच को भेजा युवक :** पैथोलॉजी लैब के स्टाफ के अनुसार ओपीडी में आए युवक को खांसी, जुकाम के साथ ही सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इस पर डॉक्टर ने ओपीडी से लैब में युवक को कोरोना जांच के लिए भेजा। युवक शहर के सुभाष नगर निवासी है, हालांकि जांच में युवक संक्रमित नहीं मिला। लैब में ही तैनात टेक्नीशियन को बीते एक सप्ताह से खांसी, जुकाम के साथ ही सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। डॉक्टर के



जिला अस्पताल स्थित पैथोलॉजी लैब में मरीजों की भीड़ ।

- **शासन के आदेश पर जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में आरंभ हुई कोरोना जांच**
- **ओपीडी में लक्षण मिलने पर डॉक्टर ने भेजा लैब, एंटीजन जांच में नहीं मिले संक्रमित**

परामर्श पर उसने भी एंटीजन जांच कराई, लेकिन संक्रमित नहीं मिला है। एडीएसआईसी डा. अलका शर्मा ने बताया कि दो मरीजों में लक्षण होने पर जांच हुई थी, लेकिन दोनों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की चली गई जान

**बरेली, अमृत विचार :** बाइक से घर जा रहे युवक की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव रजपुरा माफी निवासी विजय पटेल ने बताया कि बुधवार देर शाम उनका भाई ओमकार पटेल (40) रिश्तेदारी से वापस घर आ रहा था। तभी रजपुरा चौकी के पास हाईवे पर ओमकार की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ओमकार की मौके पर ही मौत हो गई। इज्जत नगर पुलिस ने ओमकार की शिनाख्त जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर की और उनके परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी बबली और दो छोटे-छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ओमकार प्राइवेट नौकरी करते थे।

# शटडाउन के लिए अधिशासी अभियंता से लेनी होगी अनुमति

**बरेली, अमृत विचार :** शटडाउन के लेकर पावर कारपोरेशन की ओर से नए निर्देश जारी किए गए हैं। निदेशक वितरण ज्ञानेन्द्र धर दिवेदी की तरफ से मुख्य अभियंता को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि व्यवधान रहित बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए 33 केवी लाइन के सभी फीडर और 11 केवी के स्वतंत्र एवं औद्योगिक फीडर के शटडाउन अधिशासी अभियंता (वितरण) की अनुमति से दिया जाएगा। जबकि 11 केवी फीडर के शटडाउन एसडीओ (वितरण) की अनुमति से ही दिया जाएगा।

# चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**बरेली, अमृत विचार :** महादेव पुल पर चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बारादरी थाना क्षेत्र के पुराने शहर के रहने वाले मोहम्मद शोएब कोतवाली के पास स्थित मोती मस्जिद में मुतावल्ली हैं। वह गुरुवार की शाम डीडीपुरम से पुराने बस अड्डे पर स्थित अपनी दुकान पर आ रहे थे। जैसे ही वह महादेव पुल पर पहुंचे तभी अचानक से उनकी बाइक के आगे चाइनीज मांझा आ गया। मांझे की चपेट



घायल बाइक सवार युवक।

में आने से उनके चेहरे और गर्दन पर गहरे घाव हो गए। इसके साथ ही खुद को बचाने के प्रयास में बाइक भी सड़क पर गिर गई, जिसके चलते भी उन्हें चोटें आई हैं। आसपास के लोग उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए।

# जिला अस्पताल में प्लाज्मा और प्लेटलेट्स की नहीं होगी दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों के लिए ये खबर खास है। अभी तक अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में मरीजों को रैंडम डोनर प्लेटलेट्स और प्लाज्मा यूनिट ही मिल रही थीं, लेकिन जल्द ही मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स और प्लाज्मा यूनिट की सुविधा मिल सकेगी।

जिला अस्पताल में बीते कई माह पूर्व ही एफेरेसिस मशीन आने के बाद भी कक्ष न होने के चलते इंस्टाल नहीं हो पा रही थीं, लेकिन अब ब्लड बैंक परिसर में ही कक्ष निर्माण कार्य 90 फीसदी पूर्ण हो गया है। जल्द ही मशीन भी इंस्टाल की जाएगी।



जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में तैयार हो रहा एफेरेसिस कक्ष।

महज 40 मिनट में खून से अलग हो जाएगा प्लाज्मा-प्लेटलेट्स स्टाफ के अनुसार एफेरेसिस मशीन पर डोनर को ड्रिप लगाने के बाद ही सीधे शरीर के खून से जोड़कर 40 मिनट की प्रक्रिया के दौरान प्लाज्मा और प्लेटलेट्स लिया जाता है। इससे रक्त मरीज के शरीर में ही रहता है। वहीं प्लाज्मा और प्लेटलेट्स निकाल लिया जाता है। अभी तक बैंक में रैंडम डोनर प्लेटलेट्स यानि आरडीपी और प्लाज्मा की सुविधा है इसमें खून लेने के बाद प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अगल-अगल किया जाता है जिससे बचा हुआ रक्त बेकार होता है। वहीं इस प्रक्रिया से बने प्लेटलेट्स की एक यूनिट चढ़ने पर मरीज के शरीर में दो हजार प्लेटलेट्स की ही बढ़ोत्तरी होती है, जबकि एफेरेसिस प्रक्रिया से तैयार हुई यूनिट चढ़ने से 20 हजार की बढ़ोत्तरी होती है। तेजी से एफेरेसिस कक्ष निर्माण कराया जा रहा है।

- **जिला अस्पताल में ब्लड बैंक में एफेरेसिस कक्ष निर्माण का 90 फीसदी कार्य पूरा**
- **अभी मरीजों को नहीं मिल पा रहा एसडीबी प्लाज्मा और प्लेटलेट्स यूनिट**

### हेल्दी डोनर ही दे सकेंगे एफेरेसिस प्रक्रिया को ब्लड

अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि एफेरिसिस कक्ष तैयार हो रहा है। इससे पूर्व ही मशीन इंस्टालेशन के लिए लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कराई जा रही है। बताया कि एफेरेसिस प्रक्रिया से यूनिट तैयार कराने के लिए डोनर के शरीर में न्यूनतम 13 ग्राम हीमोग्लोबिन होना चाहिए, इसके साथ ही डोनर का वजन 50 किग्रा. से अधिक हो और डोनर की उम्र 18 से 60 साल के बीच होनी चाहिए।

# चांदी भी हुई लखटकिया, मध्यम ग्राहकों पर पड़ेगा असर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सोना महंगा होने पर सहालगों में चांदी की मांग बढ़ी है। इसका असर चांदी के भाव पर खूब पड़ा है। चांदी के भाव गुरुवार को प्रति किलोग्राम एक लाख के पार पहुंच गए हैं, जिससे सर्राफा कारोबारी भी सकते में आ गए। सर्राफा कारोबारी भाव बढ़ने का असर मध्यम और निम्न वर्ग के ग्राहकों पर पड़ना बता रहे हैं।



**● बोले कारोबारी, बीते दिनों में 98 हजार प्रति किलो चल रहा था भाव**

बरेली सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सर्राफ ने बताया कि करीब एक माह से चांदी के भाव में उतार चढ़ाव बना था। मई के आरंभ में चांदी प्रति किलो 96 हजार से लेकर 98 हजार तक रही, लेकिन अब एक लाख तक भाव आ गया है, हालांकि सहालग के दौरान चांदी से बने जेवरात की मांग अधिक रहती है, इसलिए कारोबार पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

> चांदी की खरीदारी अधिकांश निम्न मध्यम वर्गीय परिवार करते हैं। दाम बढ़ने की वजह से बिक्री बहुत ज्यादा प्रभावित हुई है। आने वाले सप्ताह में कारोबार में 60-70 फीसद उतार चढ़ाव का अंदेशा है।
> **-विपिन गुप्ता**, चांदी कारोबारी, साहूकारा

> जो लोग चांदी के छोटे आइटम शादी में या एनिवर्सरी में उपहार में देते थे, उनके लिए जरूर सोचने का विषय होगा, वरना जिसको लेना होता है वह लेता है, वजन हल्का कर लेते हैं।
> **-विशाल मेहरोत्रा**, सर्राफा कारोबारी।

> चांदी के दामों में अत्यधिक वृद्धि से बाजार चरमरा गया है। कोई भी व्यापारी इस समय माल न तो खरीद रहा है और न ही बाजार में ग्राहक हैं। इसका एक कारण एमसीएक्स पर जबरदस्त खरीदारी भी है।
> **-मुकेश अग्रवाल** मथुरा वाले, चांदी व्यापारी आलमगिरीगंज

## 54 केंद्रों पर होंगी एलएलबी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024-25 एलएलबी की सम सेमेस्टर (त्रैवार्षिक/पंचवार्षिक) एवं एलएलएम प्रथम सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। 54 केंद्रों पर परीक्षा होगी। बरेली, बदायूं, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, बिजनौर और अमरोहा में केंद्र बनाए गए हैं।

रुविवि प्रशासन ने विभिन्न कॉलेजों को केंद्र बनाते हुए संबंधित महाविद्यालयों के छात्रों को वहीं परीक्षा देने की व्यवस्था की है। बरेली में रुविवि के मुख्य परिसर, राजकीय इंटर कॉलेज तथा राजकीय महिला महाविद्यालय सहित कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सबसे अधिक परीक्षार्थी 1645 जुबली इंटर कॉलेज शाहबाद, रामपुर में हैं। अमरोहा जिले में रामलाल आनंद सैनी महिला डिग्री कॉलेज को प्रमुख परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय ने संबद्ध सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया है।

## कर्मचारी की कमी से जूझ रहे आयुर्वेदिक चिकित्सालय

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में चतुर्थ श्रेणी स्टाफ की कमी बनी है। जबकि पहले से सभी अस्पताल फार्मासिस्ट की कमी से जूझ रहे हैं, जैसे-तैसे एक डॉक्टर से अधिकांश अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। जिले में 53 आयुर्वेदिक चिकित्सालय बने हैं। एक चिकित्सालय में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद निहित हैं। वहीं जो अस्पताल बड़े हैं, वहां अधिक पद निर्धारित हैं। 53 अस्पतालों में 150 से अधिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद हैं, जिसमें से 70 से भी कम कर्मचारी बचे हैं।

# उद्योग में एआई के प्रयोग की ज्यादा संभावनाएं मौजूद

## बरेली क्लब में आयोजित सेमिनार में बोले मुख्य वक्ता डाटा वैज्ञानिक एवं एआई विश्लेषक राहुल बत्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सेमिनार में उद्यमी अमिता अग्रवाल को सम्मानित करते चैंबर्स के पदाधिकारी, साथ में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल व अन्य।



बरेली क्लब में आयोजित सेमिनार में चैंबर्स सदस्य और उद्यमी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आईबीएम से डाटा वैज्ञानिक व एआई विश्लेषक राहुल बत्रा ने कहा कि, एआई के उपयोग से व्यापार और उद्योगों में स्वचालित फैसले लिए जा सकते हैं। इससे उद्यमी और व्यापारी समय के साथ ही उत्पादकता में भी बचत कर सकते हैं। एआई का उपयोग करने से व्यापार और उद्योग में ज्यादा से ज्यादा संभावनाएं हैं। उद्यम के लिए नए विस्तार और नए बाजार के लिए अवसर भी एआई उपलब्ध कराता है।

उन्होंने यह बातें बृहस्पतिवार की रात बरेली क्लब में सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित ''लीन स्कीम व एआई'' विषय पर सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कहीं। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि, इसका उपयोग कर उद्यमी, व्यापारी ग्राहक सेवा के लिए एक बेहतर अनुभव प्रदान कर सकते हैं।कहा कि इसका उपयोग करके हम कोई भी काम कम से कम समय में कर सकते हैं।

क्यूसीआई (क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया) के मुख्य सलाहकार व सेमिनार के मुख्य वक्ता अमित कुमार ममगई ने कहा कि भारत सरकार एमएसएमई उद्योगों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित करा रही है। उद्योगों के उत्थान के लिए सरकार की ओर से जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट (जेड प्रमाणपत्र) की निशुल्क योजना की शुरुआत की है। बोले कि, अब 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी के साथ अन्य कई तरह के लाभ भी लिए जा सकते हैं। कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए सरकार की ओर से साढे.तीन लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता राशि भी उपलब्ध कराई जाती है।

**● क्यूसीआई के मुख्य सलाहकार ने जेड के बताए फायदे, कहा-उद्योगों की साख बढ़ाने में सहायक**

पूर्व अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने लीन स्कीम से होने वाले फायदों और एआई की मिली जानकारी को उद्योगों के विकास के लिए संजीवनी बताई। बोले कि आज के दौर में एआई के इस्तेमाल से समय की बचत के साथ ही औद्योगिक और व्यवसायिक कार्यों में गुणवत्ता भी आती है। संस्था के अध्यक्ष राजीव सिंघल ने इस दौरान कहा कि लीन स्कीम से होने वाले लाभ उद्योगों के लिए काफी लाभप्रद हैं। कहा कि, यह दोनों विषय आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत हैं। संस्था ने इसे महसूस किया है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्यक्रम किया गया।

संस्था के सचिव अल्पित अग्रवाल ने कहा कि नई तकनीक का हम सही दिशा में प्रयोग करके लाभ ले सकते हैं। सेमिनार के दौरान मौजूद लोगों ने कई सवाल भी मुख्य वक्ताओं से किया। वक्ता ने लोगों के मन की आशंका को दूर किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में नए सदस्यों को सदस्ता प्रमाण पत्र दिया गया।

लघु भारती के एसके सिंह ने संचालन करते हुए कहा कि इसके कुछ फायदे हैं तो कुछ नुकसान भी हैं। कहा कि अगर जरा सी चूक हुई तो हमारा डाटा भी लीक हो सकता है। सेमिनार में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, संस्था के पूर्व अध्यक्ष किशोर कटरू, वीएस अग्रवाल, सुरेश सुंदरानी, अजय शुक्ला, संदीप टंडन, कनिका अग्रवाल, नीरज गोयल, आईआईए के चेयरमैन मयूर धीरवानी, सीए मोहित टंडन, पुनीत सक्सेना, मुकेश गुप्ता, राजा चावला, सुधीर गुप्ता, अभिनव कटरू, निशांत अग्रवाल, पवन मित्तल, राजेश अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, रजत मेहरोत्रा, महिला बिंग अध्यक्ष अमिता अग्रवाल समेत अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

# हॉकी : बरेली को हराकर मुरादाबाद बना चैंपियन

कार्यालय सवांददाता, बरेली

**● डीआईजी और एसएसपी ने विजेता टीम को ट्राफी सौंपी**

**● 73 वीं अंतर जनपदीय बरेली जोन पुलिस हॉकी प्रतियोगिता**





ट्रॉफी के साथ मुरादाबाद की टीम, साथ में पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** 73 वीं अंतर जनपदीय बरेली जोन पुलिस हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरुवार को पुरुष वर्ग में मुरादाबाद और बरेली टीम के बीच फाइनल मैच हुआ। मुरादाबाद ने बरेली को 2-1 से हारकर ट्राफी अपने नाम की। बुधवार को महिला वर्ग की शाहजहांपुर की टीम ने फाइनल जीता था। डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने महिला और पुरुष दोनों टीमों को चल वैजयंती ट्राफी दी।

पुलिस लाइन मैदान पर पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच बरेली और रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें बरेली ने रामपुर को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली थी। इसके बाद पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मैच मुरादाबाद और बदायूं के बीच हुआ। मुरादाबाद ने बदायूं को 5-2 से हरा दिया। फाइनल मैच मुरादाबाद और बरेली टीम के बीच खेला गया। जिसमें मुरादाबाद ने बरेली की टीम को 2-1 से हरा दिया। विजेता टीम को डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी ने ट्राफी सौंपी। प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड के निर्देशानुसार नॉक आउट के आधार पर किया गया। एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी यातायात मोहम्मद अकमल खां, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालय में नए संकायाध्यक्षों की नियुक्ति

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में नए संकायाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। शिक्षा एवं सहबद्ध विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में प्रो. संतोष अरोरा को नियुक्त किया गया है।

भाषा संकाय की जिम्मेदारी प्रो. सुशीला उप्रेती को सौंपी गई, जो अंग्रेजी विभाग में कार्यरत हैं। कृषि एवं प्रौद्योगिकी संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में पदप विज्ञान संकाय से प्रो. उपेंद्र कुमार को नियुक्त किया गया है। कुलपति के आदेशानुसार यह नियुक्तियां की गई हैं।

## माहेश्वरी समाज ने मेधावियों का किया सम्मान





कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार की देर रात आईएमए हाल में श्री महेश नवमी महोत्सव परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला माहेश्वरी सभा की ओर से जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा, वहीं मेधावियों का भी सम्मान हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के महामंत्री सुभाष चंद्र बाहेती ने कहा कि समाज के लोगों की घटती आबादी पर विचार करना चाहिए।

**● कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मनमोहा**

जब बच्चों की संख्या कम होगी तो वह चाचा, बुआ, ताऊ और मौसी आदि के रिश्ते कैसे सीखेंगे। जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष केके माहेश्वरी ने आभार जताया और प्रतिभाशाली बच्चों की सराहना की। मेधावियों में श्लोक माहेश्वरी, शौर्य माहेश्वरी, श्वेता महेश्वरी, वेदांत काबर, श्रेया, सौम्या, श्रया चांडक, सिद्धि माहेश्वरी, माधव, पंकज, हर्षित, लविशा, माधव, मानसी, अपूर्व और अपूर्वा को सम्मानित किया गया।

# विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन, 17 नए कोर्स शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और संकायों में व्यापक शैक्षणिक पुनर्गठन की घोषणा की है। यह पुनर्गठन राज्यपाल सचिवालय के आदेश और विश्वविद्यालय परिषद की संस्तुतियों के तहत किया गया है। इसके तहत पारंपरिक विभागीय ढांचे को स्कूल प्रणाली में बदला गया है। साथ ही 17 नवीन पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है।

पुनर्गठित व्यवस्था के अनुसार 'फैकल्टी ऑफ लीगल स्टडीज ' के अंतर्गत 'स्कूल ऑफ लॉ' का गठन किया गया है, जिसमें पहले से संचालित पाठ्यक्रमों के साथ तीन नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। एलएलएम इन बिजनेस एंड कॉर्पोरेट लॉ और एलएलएम

**● रुविवि ने पारंपरिक विभागीय ढांचे को स्कूल प्रणाली में बदला**

पार्ट टाइम और डिप्लोमा इन पेटेंट लॉ। फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंस के तहत स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज का गठन करते हुए प्लांट साइंस, एनिमल साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, एनवायरनमेंट साइंस विभागों को समाहित किया गया है। इसके अतिरिक्त 'डिपार्टमेंट ऑफ बायो इन्फोर्मेटिक्स एंड कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के अंतर्गत एमएससी बायो इन्फोर्मेटिक्स का नया कोर्स भी शुरू किया गया है।

फैकल्टी ऑफ एजूकेशन एंड एलाइड साइंस में बदलाव हुए हैं। बीएड और एमएड पाठ्यक्रमों के साथ एडवांस पीजीडीसीए को हटाया गया है। साथ ही मास मीडिया, एप्लाइड सोशल साइंस, एप्लाइड साइकोलॉजी, एप्लाइड फिलॉसफी और एप्लाइड इंग्लिश जैसे विभागों को 'स्कूल ऑफ एजुकेशन' के अंतर्गत शामिल किया गया है।

फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड एडवांस सोशल साइंस ' के अंतर्गत 'स्कूल ऑफ एडवांस सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज' का गठन हुआ है। इसमें डिपार्टमेंट ऑफ एप्लाइड एंड रीजनल इकोनॉमिक्स की ओर से हेल्थ इकोनॉमिक्स में चार वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम, फाइनेंशियल इकोनॉमिक्स में दो वर्षीय परास्नातक कोर्स और सेंटर ऑफ हैप्पीनेस की स्थापना की गई है। डाटा एनालिसिस और डाटा बैंक की भी शुरुआत होगी। डिपार्टमेंट ऑफ एडल्ट एंड कंटीन्यूइंग एजुकेशन की ओर से महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास में दो नए डिप्लोमा कोर्स भी शामिल किए गए हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि यह निर्णय शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने, रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने और शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## डीआईओएस ने समर कैंप का निरीक्षण किया

**बरेली, अमृत विचार :** डीआईओएस डा. अजीत कुमार ने गुरुवार को क्यारा ब्लाक के राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय हाईस्कूल में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण किया। सभी स्कूलों में पौधारोपण भी किया गया। क्यारा ब्लाक के उमरसिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में पहुंचे डीआईओएस को शिक्षकों ने बताया कि कैंप को लेकर बच्चे उत्साहित हैं।

# बाकरगंज ईदगाह में सुबह 10 बजे होगी बकरीद की नमाज

**बरेली, अमृत विचार:** 7 जून को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की जाएगी। उसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा। बाकरगंज ईदगाह में सुबह 10 बजे मुख्य नमाज अदा होगी। दरगाह आला हजरत और खानकाह-ए-नियाजिया, किला स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9 बजे नमाज का समय तय किया गया है।

ईदगाह समेत सभी प्रमुख दरगाह, मस्जिदों की कमेटियों ने ईद की नमाज का समय तय कर दिया है। शहर में सबसे पहले बाजार संदल खान स्थित दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद में सुबह 5 बजकर 35 मिनट पर नमाज अदा की जाएगी। वहीं गढ़ी चौकी स्थित गढ़ी मस्जिद में नमाजियों की सहूलियत के मद्देनजर दो शिफ्टों में नमाज अदा की जाएगी।

दरगाह आला हजरत से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में 11 बजे ईद

**● ईदगाह समेत सभी प्रमुख दरगाह और मस्जिदों की कमेटी ने ईद की नमाज का समय तय किया**

की नमाज होगी। चौकी चौराहा स्थित मस्जिद में सुबह 6 बजे, कांकर टोला की नूरानी मस्जिद में 6: 15 बजे, दरगाह ताजुश्शरिया, रेलवे जंक्शन की नूरी मस्जिद, थाना किला की शाही मस्जिद, कुतुबखाना चौराहे वाली मस्जिद, बालजती की गुलर वाली मस्जिद, स्वाले नगर रोड की कोड़ा शाह मस्जिद, कांकर टोला की छह मीनार मस्जिद, ब्रह्मपुरा की सैय्यदों वाली मस्जिद में 6.30 नमाज का समय रखा गया है। दरगाह शाह शराफत मियां, सैलानी की हबीबिया मस्जिद, बिहार मान नगला की ईदगाह, जखीरा की बाग वाली मस्जिद, चक महमूद की लोहारान मस्जिद, बड़ा बाजार की बादशाह बेगम मस्जिद में सुबह 7 बजे नमाज होगी। वहीं, दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में सुबह 11 बजे नमाज होगी।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याददाश्त कम होना, डिमेंशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ़ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## एक नजर

### सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल ने पर्यावरण मनाया

बरेली, अमृत विचार : सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विभिन्न औषधीय एवं छायादार पौधे रोपे गए। पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. अशिका जॉर्ज, प्रबंधक डॉ. अजीत भटनागर आदि मौजूद रहे।

### 8 जून को निकलेगी शोभायात्रा

बरेली, अमृत विचार : वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मारक समारोह समिति ने गुरुवार को समिति कार्यालय पर बैठक की। जिसमें 8 जून को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान को समर्पित शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष हरीश चन्द रागी ने की। संयोजक अरविंद राजपूत, हरीश चन्द रागी, मनीष राजपूत, आनंद राजपूत, जितेन्द्र विक्रम सिंह, मुकेश राजपूत, चौधरी दीनानाथ, नंद किशोर लोधी आदि मौजूद रहे।

# वॉकथॉन से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वॉकथॉन का आयोजन किया गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



वॉकथॉन रैली का शुभारंभ करतीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

● कमिश्नर ने झंडी दिखाकर वॉकथॉन को किया रवाना

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की ओर से गुरुवार सुबह वॉकथॉन निकाली गई। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी, एसपी सिटी मानुष पारीख, डीएफओ दीक्षा भंडारी आदि ने वॉकथॉन में भाग लिया। वॉकथॉन के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने और पर्यावरण को हरा भरा रखने का संदेश दिया गया। जगह-जगह पर पड़ी हुई प्लास्टिक एकत्र की गई। गांधी उद्यान में पौधरोपण कर संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

कमिश्नर ने सुबह छह बजे गांधी उद्यान से वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो खुर्रम गौटिया, शाहमतगंज, बरेली कॉलेज होते हुए गांधी उद्यान पर आकर समाप्त हुई। गांधी उद्यान में जिलाधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, सीडीओ ने पौधरोपण किया। डीएम ने लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस की शपथ दिलाई। वॉकथॉन में प्लास्टिक एकत्र करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार वितरित किए। विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल कुमार सक्सेना, कमल कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्वा पांडेय, क्षेत्रीय वनाधिकारी वैभव चौधरी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवान, छात्र और एनसीसी कैडेट्स व वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों शामिल रहे।

### इज्जतनगर मंडल में हुआ वॉकथॉन का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस पर पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की ओर से गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के नेतृत्व में वॉकथॉन का आयोजन हुआ। जिसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, रेलवे कर्मचारी, स्काउट-गाइड, स्कूली छात्र व आरपीएफ के जवानों ने भाग लिया। पौधारोपण भी किया गया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर शुभम कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### फलदार पौधे लगाकर मनाया पर्यावरण दिवस

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बांस बरेली के सदस्यों ने गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित राजकीय संकेत विद्यालय में 31 फलदार पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। यहां आम, अमरूद, अनार, नींबू, कटहल, जामुन आदि के पौधे लगाए गए। रोटेरियन आलोक अग्रवाल, सचिव मोहन गुप्ता, बीपी खंडेलवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, रोहित राकेश, गौरव खंडेलवाल, अंबर अग्रवाल, महेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

# युवा सेवक संघ ने युवाओं को बांटे नीम के पौधे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मंच पर मौजूद मेयर डॉ. उमेश गौतम और पार्थ गौतम।

● अर्बन हाट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मेयर बोले, बरेली की सेवा में क्रांति आना बाकी

**अमृत विचार :** मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि बरेली की सेवा में क्रांति आनी बाकी है। लोगों के बीच की जा रही समाज सेवा दिखनी चाहिए। बरेली के विकास के लिए तेजी से काम किए जा रहे हैं। जब हम मेयर बने तो महज 30 हजार लाइटें थी, अब करीब एक लाख लाइटों से शहर रोशन हो रहा है।

युवा सेवक संघ की ओर से अर्बन हाट कन्वेंशन सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर विधान सभा के सभी वार्डों के कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम में कहा कि मिशन अस्पताल में पार्थ फाउंडेशन के जरिये गरीबों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। युवा सेवक संघ के प्रधान सेवक पार्थ गौतम ने लोगों को नीम के पौधे वितरित किए और उन्हें ग्रीन बरेली, क्लीन बरेली अभियान का हिस्सा बनने की शपथ दिलाई। अपील की कि हर परिवार अपने हर सदस्य के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। पार्थ फाउंडेशन के हेलमेट, पहचान पट्टे, टी-शर्ट, निःशुल्क इलाज कार्ड और सैकड़ों पौधे बांटे। इस दौरान प्रधान सेवक पार्थ गौतम ने बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से इस साल करीब 250 छात्रों को विभिन्न स्कूलों में प्रवेश दिलाया है।

## सार-संक्षेप

### रोटरी क्लब ने स्पेशल बच्चों के साथ किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ और इनर व्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नॉर्थ के पदाधिकारियों ने पूजा सेवा संस्थान में पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया। इसके अलावा राजेंद्र नगर स्थित टैगोर पार्क में अशोक, कनेर, सहजन, गुलाब सहित 20 पौधे रोपे। पूर्व रोटरी गवर्नर पीपी सिंह, मालती सिंह, हरीबाबू खंडेलवाल, मंजुला खडेलवाल, सुनील शर्मा, पूजा सिंह, मूसा हारून, अर्पण शर्मा, राखी सागर, कविता अरोरा, निल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित, अनुराग अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### पौधे रोपकर संरक्षण का लिया संकल्प



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के तत्वावधान में पर्यावरण दिवस पर बृज लोक कालोनी के विद्या मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। सभी पदाधिकारियों ने ने पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया। इसके बाद 'पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की भूमिका' विषय पर गोष्ठी हुई। अध्यक्षता प्रो. केए वार्ष्णेय और संचालन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण के सजग प्रहरी होते हैं। कृष्ण स्वरूप सक्सेना, निर्भय सक्सेना, उमेश चन्द्र गुप्ता, मोहन चंद्र पाण्डेय, एसके कपूर, विमलेश चंद्र दीक्षित, गजेंद्र पाल सिंह, ऋतेश कुमार साहनी, मुकेश कुमार सक्सेना, प्रवीण कुमार शर्मा, छोटे लाल गंगवार, अनुज कुमार सक्सेना मौजूद रहे।

### मां के नाम लगाया एक-एक औषधीय पौधा



**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व चिकित्सालय में गुरुवार को पर्यावरण दिवस मनाया गया। कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्रों ने एक-एक औषधीय पौधा अपनी मां के नाम लगाकर उसे गोद लिया। उसकी देखभाल का संकल्प लिया। प्राचार्य प्रो. डीके मौर्य ने सभी को परिसर व अन्यत्र स्थानों को प्लास्टिक से मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया। प्रो. प्रीति शर्मा, प्रो. योगेश कुमार, प्रो. देवकी नंदन शर्मा, प्रो. रीता गुप्ता, प्रो. सुनीति चौधरी, प्रो. मनोज कुरील, डॉ. चंद्रभान सिंह, डॉ. दीपक आहूजा, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. शांतुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** अपर रेल मंडल प्रबंधक एसएमपी निवातिया के नेतृत्व में मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों और रेल परिसरों में पौधारोपण एवं रैलियों का आयोजन हुआ। इसमें रेलवे कर्मचारियों, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने भाग लिया। बरेली जंक्शन पर भी पर्यावरण सरंक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पौधे रोपे गए। रेलवे कॉलोनियों में सफाई अभियान भी चलाया गया।

# प्लास्टिक के निस्तारण के प्रति किया जागरूक



पौधरोपण करते शिक्षक और मौजूद छात्र-छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के रामपुर बाग स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डॉ. गौस अहमद व डॉ अनु शर्मा ने वृक्षों का हमारे जीवन में क्या महत्व है, इस विषय पर लोगों को जानकारी दी। साथ ही प्लास्टिक के निस्तारण के बारे में बताया। कार्यक्रम में सभी इंटर्न डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी सुशीला, अमित कुमार का सहयोग रहा।

# प्लास्टिक को कहा न, पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पौधों के साथ बीआईयू की कुलपति डॉ. लता व अन्य।

● रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में फॉग्सी संस्था ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**अमृत विचार :** प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी (फॉग्सी) के सहयोग से गुरुवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए, जिसमें हरित पर्यावरण के महत्व पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जैसे प्लास्टिक का उपयोग कम करना, जल संरक्षण करना और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना। साथ ही प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम के जरिये प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी ने पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। संस्था का उद्देश्य देश को हरित भविष्य की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। समापन पर्यावरण संरक्षण प्रयासों को जारी रखने और जीवन के सभी पहलुओं में स्थिरता को बढ़ावा देने की शपथ के साथ हुआ। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, डॉ. लतिका अग्रवाल (अध्यक्ष, बीओजीएस), डॉ. अनीता नाथ (सचिव), डॉ. मोनिका वाष्र्णेय, डॉ. किरण गंगवार, डॉ. मीरा वैश्य, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. दरख्शां अब्बास, डॉ. अनुजा सिंह, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. आशु सक्सेना, डॉ. शांता अग्रवाल, डॉ. प्राची और डॉ. तृप्ति गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली

**बरेली, अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को पर्यावरण दिवस पर तिलक इंटर कॉलेज से जागरूकता रैली निकाली, जो कोतवाली पर संपन्न हुई।

इससे पहले रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक (यातायात) अकमल खान, महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, उपाध्यक्ष एवं चेयरमैन सांस्कृतिक कार्यक्रम सुशील, कार्यकारिणी सदस्य अजय अग्रवाल, केपी गोयल, निदेशक डॉ. प्रवीन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, समन्वयक डॉ. नीतू शर्मा, सह समन्वयक डॉ. विपुल मेहरोत्रा, धीरज अग्रवाल एवं डॉ. एके शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रबंध समिति के संस्थानों में लक्ष्मी ज्वैलर्स, प्रेम प्रकाश, ओम प्रकाश क्लोथ मर्चेन्ट, सत्य प्रकाश, वीरेन्द्र प्रकाश ज्वैलर्स, रतन ज्वैलर्स, मंगामल एंड सन्स के व्यापारियों ने रैली का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

# इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में पौधरोपण किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। संस्थान के छात्र, इंटर्न, स्नातकोत्तर छात्र, शिक्षक और कर्मचारी एक साथ आए और परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे।

इस वर्ष विशेष तौर पर देसी और औषधीय पौधों का चयन किया, ताकि न केवल जैव विविधता को बढ़ावा मिले, बल्कि वायु की गुणवत्ता में भी सुधार हो सके। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों का कर्तव्य है कि वे पर्यावरण संरक्षण में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पहल करते हुए प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने के लिए बांस और लकड़ी से बने टूथब्रश निशुल्क वितरित किए गए। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

## प्रकृति ने हमें जीवन दिया, उसे बचाने की अब हमारी बारी

**बरेली, अमृत विचार :** डायनामिक एजुकेशनल रिसर्च सोसाइटी ने गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाने के विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन सोसाइटी के निदेशक डॉ. संजय पाल ने किया। वक्ताओं ने कहा कि सशक्तीकरण का अर्थ है ज्ञान देना, साधन देना और अधिकार देना। मुख्य वक्ता डॉ. शशि कुमारी ने कहा कि हम सब मिलकर ही पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं।

# विद्यार्थियों ने जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पौधरोपण करते छात्र।

● बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में 100 औषधीय पौधे रोपे, 120 छात्रों ने लिया भाग

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज संकाय की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत कुमार शर्मा व अंकित कुमार ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और 100 औषधीय पौधों का रोपण किया। मुख्य अतिथि बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम धरती पर हरियाली बनाए रखे। फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रमुख डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभानी होगी। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. P.G.D.C.A. B.Ed. M.Com. M.A.
B.Sc. (Biotechnology) B.Sc. (PCM/ZBC) BCA BBA B.A.
B.Sc. (Home Science) B.Com. B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# पर्यावरण संरक्षण का नारा देकर ग्रामीणों को किया जागरूक




रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की एनएसएस इकाई पौधरोपण करती हुई।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की एनएसएस की प्रथम इकाई ने मनाया पर्यावरण दिवस

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना की प्रथम इकाई के स्वयं सेवकों ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि अस्पताल के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान रहे। प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह व उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इसके बाद रैली निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी आनंद प्रकाश ने स्वयं सेवियों के साथ मिलकर नवाबगंज के ग्राम आसपुर का भ्रमण किया। स्वयं सेवियों ने तालाबों, गलियों और प्राथमिक विद्यालय के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। नर्सिंग ट्यूटर प्राची मिश्रा व अन्विता स्टेनली मौजूद रहे।

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहा स्मार्ट सिटी का अमृत सरोवर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



संजय कम्युनिटी हाल परिसर का सूखा अमृत सरोवर।



गाधी उद्यान में खराब पड़ा फव्वारा। ● अमृत विचार

● एसटीपी के पानी से भरा गया अमृत सरोवर फिलहाल पूरी तरह सूखा

> सरोवर पक्का है, इन दिनों तेज धूप के कारण पानी सूख गया है। इसमें फिर से बहुत जल्द पानी भरवा दिया जाएगा। इसको लेकर निर्देश दिए जाएंगे।
> संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

**अमृत विचार :** शहर के बीचोबीच संजय कम्युनिटी हाल परिसर में अमृत सरोवर का निर्माण कराने के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से कई करोड़ रुपये खर्च किए गए, ताकि शहरवासी सुबह-शाम सरोवर के चारों ओर घूमकर आनंद ले सकें, लेकिन अब सरोवर एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहा है। कई दिनों से सरोवर में पानी नहीं है। यहां लगे फव्वारे पानी की कमी और उपकरणों में खराबी के कारण बंद हैं।

संजय कम्युनिटी परिसर में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमृत सरोवर को संवारने के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से करीब 10 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसकी देख-रेख करने के साथ ही इसे संचालित करने को लेकर एजेंसी भी तय हो चुकी है। पर हालत यह है कि सरोवर को सुंदर तरीके से विकसित करने की मंशा पर पानी फिर गया है। इन दिनों सरोवर के हालात साफ इशारा कर रहे हैं कि इसे शुरू करना आसान नहीं है। कुछ दिनों पहले एसटीपी के पानी से अमृत सरोवर को भरा गया था, लेकिन अब सूख गया है। इतना ही नहीं तालाब में लगी रंगीन रोशनी की लाइटें खराब हो गई हैं। वहीं खाने-पीने के लिए बनी दुकानें, स्केटिंग ट्रैक, परफॉर्मेंस एरिया, सेल्फी प्वाइंट, कियोस्क, म्यूजिक फाउंटेन, चिल्ड्रंस प्ले एरिया भी बदहाल हो गया है।

### गांधी उद्यान का सरोवर भी सूखा

**बरेली :** करीब 93 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले गांधी उद्यान पार्क में स्थित कच्चे तालाब का वर्ष 2001 में जीर्णोद्धार करके इसका स्वरूप बदल दिया गया। नगर निगम ने कामर्शियल उपयोग के लिए इसे लॉन की तरह विकसित कर दिया। यहां पर पाथ वे और फव्वारे लगा दिए गए। कुछ साल बाद बीच में फव्वारे लगाने और लाइटें लगाने पर लाखों रुपये खर्च कर दिए। इस समय हालत यह है कि एक बूंद पानी नहीं और फव्वारे भी खराब पड़े हैं।

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।
सम्पर्क
प्रात: 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177

# डॉक्टरों ने ओपीडी में मरीजों को कराया इंतजार

## तीन सौ बेड अस्पताल में अव्यवस्थाएं हावी, आठ बजे पहुंच गए मरीज, नौ बजे तक नहीं आया स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल की ओपीडी में गुरुवार को मरीज तो समय पर पहुंच गए, मगर स्टाफ समय पर नहीं आया। डॉक्टरों के इंतजार में मरीज परेशान होते रहे। मरीजों का कहना है कि अफसरों की अनदेखी के कारण डॉक्टर और स्टाफ अपनी सुविधा के अनुसार काम कर रहा है। इसकी वजह से रोगियों को दिक्कत हो रही है।

अस्पताल में सुबह 8 बजे ओपीडी शुरू होने का समय निर्धारित है, सुबह नौ बजे तक डॉक्टर व स्टाफ नहीं पहुंचा, जबकि ओपीडी परिसर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच गए। नाराज कई मरीजों ने अस्पताल परिसर की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। **प्रभारी की कुर्सी खाली, स्टाफ लगा रहा एआरवी :** तीन बेड अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने के लिए आते हैं। सुबह 8 बजे यहां मरीजों की कतार लगी थी, लेकिन स्टाफ करीब नौ बजे तक पहुंचा। इस दौरान प्रभारी की कुर्सी खाली नजर आई। बिना प्रभारी के निगरानी के स्टाफ ने मरीजों का वैक्सीनेशन करना शुरू कर दिया।



एआरवी केंद्र बंद होने से बाहर जमीन पर बैठकर इंतजार करते मरीज।

### दवा लेने के लिए देर तक भटकते रहे मरीज

नौ बजे तक भले ही स्टाफ व डॉक्टर ओपीडी में पहुंचे लेकिन घंटों इंतजार के बाद परामर्श मिलने के बाद जब दवा लेने के लिए मरीज फार्मेसी काउंटर पर पहुंचे तो यहां तैनात स्टाफ साढ़े नौ बजे तक भी ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। जिसके चलते मरीज थक हारकर जमीन पर बैठकर इंतजार करते नजर आए।

> समय पर ओपीडी में उपस्थित न होने वाले स्टाफ से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। वहीं सौ बेड अस्पताल के सीएमएस को लापरवाह स्टाफ को चिह्नित कर संबंधित पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश भी दिए जाएंगे। – डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

# दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष कैद, सास-ससुर बरी

विधि संवाददाता, बरेली

- कोर्ट ने पांच साल पुराने मामले में 10 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला

**अमृत विचार :** दहेज में बाइक व 50 हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर 5 वर्ष पूर्व विवाहिता की जहर खिलाकर हत्या करने के आरोपी थाना शाही के ग्राम दुनकी निवासी पति प्रेमपाल को अपर सत्र न्यायाधीश विजेन्द्र त्रिपाठी ने 10 वर्ष कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं सास-ससुर को बरी कर दिया।

सरकारी वकील हेमेंद्र गंगवार ने बताया कि थाना शीशगढ़ ग्राम गिरधरपुर निवासी वादी मुकदमा पोशाकी लाल ने थानाध्यक्ष शाही को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री सुशीला देवी का विवाह प्रेमपाल के साथ किया था। पुत्री के ससुराल वाले दहेज में बाइक व 50 हजार रुपये नकदी की मांग करते थे। इस दौरान ससुराल वालों ने पुत्री को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इससे वह उसके पास रह रही थी। हम सभी 22 सितम्बर 2020 को दिन में खेत पर थे तब पुत्री सुशीला देवी को पति, सास-ससुर उसकी मर्जी के विरुद्ध अपने साथ दुनकी ले आये। 25 सितंबर 2020 को शाम 4 बजे सूचना मिली कि सुशीला देवी ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। हम पहुंचे तो पुत्री की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत पति, सास-ससुर के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

# शोधार्थी से बोला रुविवि कर्मी, खाओ-पिओ नहीं दोगे तो ऐसे ही भटकोगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुविवि में फैले भ्रष्टाचार पर पीएचडी शोधार्थी ने उठाई आवाज
- आरोप, पीएचडी कोर्स वर्क का परिणाम अपडेट कराने को मांगी रिश्वत



**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को लेकर पीएचडी शोधार्थी ने गंभीर आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। शोधार्थी ने विश्वविद्यालय की सिंगल विंडो प्रणाली की खामियों, मनमानी, पारदर्शिता की कमी और रिश्वतखोरी पर सवाल उठाते हुए कई अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं।

शोधार्थी का आरोप है कि पीएचडी कोर्सवर्क का परिणाम अपडेट कराने के लिए उन्हें बार-बार विभाग और रिसर्च डिग्री कमेटी के चक्कर लगाने पड़े। ऑनलाइन फॉर्म भरने के बावजूद तीन सप्ताह तक कोई प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। उन्होंने प्रशासनिक ब्लॉकों के कई चक्कर काटे। शोधार्थी ने आरोप लगाया कि एक अधिकारी ने उनसे दो सौ रुपये की रिश्वत मांगी और भुगतान के बाद भी कार्य नहीं किया गया। अधिकारी ने उन्हें कथित रूप से कहा कि कुछ खाओ-पिओ कर दो तो जल्दी हो जाएगा, नहीं तो ऐसे ही घूमते रहोगे। शोधार्थी ने विश्वविद्यालय प्रशासन से शिकायत की कि सिंगल विंडो प्रणाली विफल है। शोधार्थी ने कुलपति से इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। दरअसल इस तरह की शिकायत पहली बार नहीं आई है, इससे पहले भी इस तरह के मामले आ चुके है।

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

# बारादरी पुलिस ने टॉप टेन अपराधी दबोचा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने थाने के टॉपटेन अपराधी जुबैर उर्फ पाया को पुलिस ने बुधवार देर रात विकास भवन के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कई बार गोवध के मामलों में जेल जा चुका है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि जुबैर थाने का टॉप टेन आरोपी है। उसके पास से तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी सूफी टोला निवासी है। उसके खिलाफ 13 मुकदमे दर्ज हैं।



आरोपी जुबैर उर्फ पाया।

# भाजपा नहीं चाहती पीडीए समाज को हक मिले



जोन एक में बैठक के दौरान पदाधिकारियों के साथ मौजूद प्रभारी अनुराग पटेल।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सपा कैंट प्रभारी ने समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी हाईकमान की ओर से नामित कैंट विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अनुराग पटेल ने दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के पहले दिन जोन एक, दो और पांच के सेक्टर प्रभारियों के साथ अलग-अलग बैंठकें की। प्रभारी ने बैठकों में संगठन की मजबूती पर जोर दिया। कहा कि, विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अभी से पदाधिकारी-कार्यकर्ता तन-मन से जुट जाएं।

प्रभारी अनुराग पटेल ने गुरुवार को बैठक में सभी प्रभारियों से बूथ प्रबंधन और मजबूती को लेकर चर्चा की। बूथ प्रभारी और बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति के निर्देश दिए। बोले कि अगर सत्ता चाहिए तो बूथ मजबूत करना होगा। पीडीए को मजबूत करना होगा। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस सरकार का राज है वह नहीं चाहती कि पीडीए समाज को उसका हक मिले। रोजगार देने के मार्चे पर सरकार को फेल बताया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि संगठन का फैलाव कर रहे हैं। बूथ को मजबूत करने में जुटे हैं।

संचालन महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। इस दौरान प्रदेश सचिव शुभलेश यादव, महानगर उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, दिनेश यादव, राजेश मौर्या, राम प्रकाश यादव, कैंट विधानसभा अध्यक्ष रोहित राजपूत, सुरेंद्र सोनकर, नाजिम कुरैशी, सुरेंद्र मिश्रा, पार्षद सलीम पटवारी, पार्षद मो. शाकिर, सेक्टर प्रभारी सुनील सागर, अमित गिहार, ऋषि यादव, हरिओम प्रजापति, इश्तियाक सकलैनी, डॉक्टर शाहजेब अंसारी, नीरज सैनी, ताज खान, सुनील मिश्रा, शिवम प्रजापति, विष्णु मौर्या, ओम प्रकाश मौर्या, सुरेंद्र यादव, रामसेवक प्रजापति, सलीम अंसारी मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# कारगर हो रहा गोपनीय हेल्पलाइन नंबर

- पिछले वर्ष एसएसपी आर्य ने जारी किया था हेल्पलाइन नंबर

**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य की ओर से जारी गोपनीय हेल्पलाइन नंबर अपराधों पर अंकुश लगाने में काफी मददगार साबित हुआ। पांच माह की समीक्षा में हेल्पलाइन नंबर के परिणाम बेहतर आए। 60 आरोपियों की गिरफ्तारी और 12 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए।

एसएसपी अनुराग आर्य ने 19 अक्टूबर को 2024 को गोपनीय हेल्पलाइन नंबर 9917020009 जारी किया था। वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। पांच माह में हेल्पलाइन नंबर और वाट्सएप नंबर पर 1 जनवरी से 31 मई तक कुल 316 शिकायतें मिलीं। 22 शिकायतें फर्जी पाई गईं। एसएसपी ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर पर शिकायतों के बाद पुलिस ने 102 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की। 66 मामलों में रिपोर्ट दर्ज की। 60 लोगों की गिरफ्तारी हुई। नगर और देहात क्षेत्र से 160 और 156 शिकायतें मिलीं। सबसे अधिक सूचनाएं बारादरी और इज्जतनगर थाना क्षेत्रों से आईं। सबसे ज्यादा शिकायतें सट्टा, गोतस्करी, अवैध शराब, अवैध शस्त्र की रहीं।

### वाट्सएप पर 266 मैसेज मिलने पर कार्रवाई की गई

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि वाट्सएप पर पुलिस को 266 संदेश प्राप्त हुए। जिनका निस्तारण 24 घंटे में किया गया। शराब प्रकरण में 18 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। 1311 लीटर अवैध शराब, शराब बनाने वाली भट्टियां और उपकरण पकड़े गए। अवैध शराब बेचने वालों के पास से 2.56 लाख रुपये बरामद किए गए। मादक पदार्थों की शिकायत पर 16 लोगों को जेल भेज गया। 22 किलोग्राम 688 ग्राम गांजा और 220 ग्राम चरस बरामद की। 28 जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 17.90 लाख रुपये की बरामदगी की। अवैध शस्त्र रखने के मामले में 10 लोगों को जेल भेज गया। 13 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट, 16 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट, खोली और एक गिरोह पंजीकृत किया।

# बाइक न मिलने पर तोड़ा रिश्ता, युवती की मां को लगा सदमा

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में बाइक न मिलने पर लड़का पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। शादी टूटने से युवती और उसकी मां को सदमा लगा है। पीड़िता ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उनका बेटा पैरालाइसिस रोग से ग्रस्त है। उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता करगैना निवासी शकील के बेटे नईम से तय किया था। शादी करने के लिए उन्होंने रिश्तेदारों से चार लाख रुपये उधार लिए हैं। परिवार की कोई आमदनी नहीं है।

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भगवत कथा



**बरेली, अमृत विचार :** संजय नगर में श्रीमद्भागवत कथा से पहले गुरुवार सुबह कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद कथा की शुरुआत हुई। पहले दिन कथा व्यास आचार्य रमाकांत दीक्षित ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण के हर एक शब्द से हमारे पाप मिटते हैं। कहा कि कथा को जीवन में उतारने पर ही जीव का कल्याण संभव है। इस मौके पर जय जय कुंज बिहारी जय जय बांके बिहारी आदि भजन गाए गए। अरविंद अग्रवाल, आचार्य रामस्वरूप मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित, अनुराग अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस पर चलाया अभियान




**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की ओर से गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित समपार पर जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। अपर महाप्रबंधक डीके सिंह ने समपार के बारे में जागरूक किया। स्काउट एवं गाइड स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को समपार पार करते समय सतर्कता बरतने का संदेश दिया। समपार के समीप वीर सैनिकों के सम्मान में वाल पेंटिंग कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अपर महाप्रबंधक डीके सिंह, मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा, नरवो मुख्यालय की उपाध्यक्ष हेमलता सिंह ने पौधरोपण किया।

### आन्या सिंह ने जीते 3 गोल्ड मेडल



**बरेली, अमृत विचार :** नोएडा में 1 से 4 जून तक चली 26 प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बरेली की स्टार स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के 7 निशानेबाजों ने भाग लिया, जिसमे सूर्यांश कुमार यादव, अभिषेक, आदित्य चौहान, पारस, यशु वंश तोमर ने यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाइड किया, जिसमें आन्या सिंह ने स्वर्ण पदक सहित तीन पदक जीते। सांसद श्याम सिंह यादव और यूपीएसआर एके जर्नल सचिव जीएस सिंह ने सम्मानित किया। कोच नाजिश जैदी ने सभी शूटर्स को जीत की बधाई दी।

### विद्यार्थियों को कार्यशाला में दिए डेटा प्रबंधन विश्लेषण के गुर



**बरेली, अमृत विचार :** श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंस की ओर से गुरुवार को स्प्रेडशीट मॉडलिंग विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम के एसोसिएट प्रो. एवं मुख्य वक्ता सुनील कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को डेटा प्रबंधन, विश्लेषण, निर्णय-निर्धारण एवं रिपोर्टिंग की तकनीकों से परिचित कराया। छात्रों ने केस स्टडी, इंटरएक्टिव सेशंस और को-पायलट एआई की सहायता से अपने कौशल को निखारा। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता, विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

### जश्न-ए-हज की महफिल में मांगी दुआ



**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र के मोहल्ला फूलबलान स्थित एवान ए मजहर परिसर में गुरुवार को बरेली हज सेवा समिति की ओर से जश्न-ए-हज की महफिल सजाई गई। संस्थापक पम्मी खां वारसी ने बताया कि जोहर की नमाज के बाद हज यात्रियों के लिए दुआ की गई। समिति के अध्यक्ष एवं विधायक हाजी अताउर्रहमान ने कहा कि जो यात्री हज करने गए हैं, उनसे देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ करने को कहा गया है। शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम भी विचार रखे। मौलाना तसलीम रजा नूरी, यासीन कुरैशी, ई. अनीस अहमद खां, हाजी उवैस खान, हाजी शोएब खान, हाजी सय्यद कम्बर हुसैन, दानिश खान, हाजी इकबाल शामसी, बिलाल खान, हाजी यासीन खान, कलीम नासिर, हाजी मास्टर रजी, हाजी नदीम शमसी, गुलरेज खान, अतीक चांद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### खेत पर जा रहे वृद्ध की बाइक की टक्कर से मौत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** घर से खेत पर जा रहे गिरधारी लाल (72) को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, इलाज के लिए लेकर जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। भोजीपुरा के गांव जनक जागीर निवासी गिरधारी लाल गुरुवार सुबह 9 :30 बजे खेत जा रहे थे। गांव से आगे धौंराटांडा मुरारपुर रोड पर धौंराटांडा की ओर से आ बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। बाइक सवार घायल के परिजनों को लेकर अस्पताल जा रहे थे, रास्ते में उनकी मौत हो गई।

### प्रधान का नाम बदलकर सीएम से मिलने की चर्चा

**देवरनियां, अमृत विचार :** गिरधरपुर गांव की प्रधान अफीफा हुसैन हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने पहुंचीं। जिसकी फोटो मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पर जारी की गई है। फोटो के कैप्शन में अफीफा हुसैन के स्थान पर 'शताक्षी गंगवार' लिखा है जो चर्चा का विषय बना हुआ। लोग प्रधान पर नाम बदलकर मिलने का आरोप लगा रहे है। जबकि प्रधान अफीफा का कहना है कि उसने कोई पहचान नहीं छिपाई, वह क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री से मिलने गई थी, वहां भरे जाने वाले फार्म में न जाने कैसे नाम बदल गया।

### सर्प दंश से किसान की हालत गंभीर

**आंवला, अमृत विचार :** खेत की मेढ़ पर घास काटते समय किसान को सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए हैं। कस्बे के मोहल्ला मोहब्बत गंज गौंटिया निवासी राबिया ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह और उसके शौहर रहीश खेत में पशुओं को बोए गए चारे की सिचाई कर रहे थे। इसी बीच उसके शौहर खेत की मेढ पर उगी हुई घास काटने लगे। तभी घास में बैठे सर्प ने उनके सीधे हाथ में डस लिया। सर्प देखकर वह चिल्लाने लगे। वह जब भागकर उनके पास पहुंची तो उन्होंने पूरी बात बताई। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने हालत गम्भीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया है।

### सड़क किनारे खड़ी ईको को चुराने की कोशिश

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** सड़क किनारे खड़ी ईको को कार सवार युवक दस मीटर तक घसीटकर ले गए। विरोध करने पर ईको चालक को रास्ते में घेरकर पीटा। भोजीपुरा के गांव मकरंदापुर निवासी प्रद्युम्न ईको से घर जा रहा था। रास्ते में पीपलसाना चौधरी स्थित मकरंदापुर जाने वाले अड्डे पर ईको को सड़क किनारे खड़ी करके सब्जी लेने चला गया। तभी कार सवार युवकों ने सड़क किनारे खड़ी ईको में टक्कर मार दी और दस मीटर तक घसीटकर ले गए। प्रद्युम्न ने शोर मचाया तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने बताया वह जब कार लेकर घर जा रहा तभी उन युवकों ने रास्ते में कार रुकवाई और उसे गाली देते हुए पीटने लगे, उसने किसी तरह जान बताई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उवैस, फैज और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# गंगा दशहरा : जयकारों से गूंजा रामगंगा का चौबारी घाट

## हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, गंगा मइया को प्रणाम कर ली विदाई, सतर्क रहा प्रशासन

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला के पावन अवसर पर गुरुवार को चौबारी के रामगंगा घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई, पूजा -अर्चना कर मां गंगा से सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर रामगंगा घाट मां-गंगा के जयकारों से गूंजता रहा।

प्रशासन और मेला कमेटी ने स्नान घाट पर श्रद्धालुओं के लिए स्नान के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे, कोई गहरे पानी में न जाए, इसके लिए बैरिकेडिंग की गई थी। सुरक्षा निगरानी टॉवरों से पुलिस ने स्नान घाट की निगरानी की। घाट पर भारी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहीं। महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम बनाए गए थे। पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ रखने को कई हैंडपम्प लगाने के अलावा बायो टॉयलेट की भी व्यवस्था की गई थी। 90 के दशक में अब के मुकाबले मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना ज्यादा होती थी। धीरे-धीरे वर्ष प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में घटौती होती जा रही है। नतीजतन 5 दिन लगने वाला ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला 2 दिन में ही समाप्त हो गया। हालांकि प्रशासन की ओर से मेला की अनुमति 3 से 7 जून तक की दी गई थी। गुरुवार को शाम होने से पहले ही स्नान घाट तथा मेला स्थल पर सन्नाटा पसर गया।



चौबारी घाट पर पूजा-अर्चना करतीं महिला।



गंगा दशहरा पर गोराघाट पर स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ● अमृत विचार

### भोलापुर घाट पर उमड़े हजारों श्रद्धालु

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** श्रद्धालुओं ने गंगा दशहरा पर रामगंगा में स्नान कर पूजा-पाठ किया। गुरुवार को भोलापुर रामगंगा घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा-पाठ कर मां गंगा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांग। कुछ श्रद्धालुओं ने बच्चों का मुंडन संस्कार गंगा तट पर करवाया। मेले में लगी चाट पकौड़ी की दुकानों पर खूब भीड़ रही। वहीं लोगों ने जगह-जगह प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया, सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी दरोगा सतेन्द्र कुमार डटे रहे।

### अखा घाट पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** ज्येष्ठ दशहरा पर रामगंगा के अखा घाट पर सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इस अवसर पर जगह-जगह शरबत का वितरण किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना बिशारतगंज पुलिस पूरे दिन मौजूद रही रामगंगा पुल से बदायूं की ओर को जाने वाले रोड पर पुल के पास ही बाई साइड में पटरी धसने से रोड के ठीक बराबर गहरा गड्ढा हो गया है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है दशहरा पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**फीका रहा नखासा मेला का रंग :** मेला कमेटी के जयवीर सिंह, प्रदीप पांडेय व प्रवीन सिंह ने बताया, कि नखासा मेला में यूं तो सैकड़ों घोड़े बिकने आये। लेकिन सिर्फ 12 घोड़े बिके। जिसमें सबसे महंगा घोड़ा 10 हजार का और सबसे सस्ता घोड़ा 9 सौ का बिका। **मेले में बच्चों ने झूले का लिया आनंद:** भदपुरा बरेली -पीलीभीत सीमा पर स्थित गांव बहिर जागीर में देवहा नदी के किनारे गुरुवार को ज्येष्ठ माह के दशहरा पर मेला लगा। शांति और सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष क्योलड़िया जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मेले और चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। दशहरा के उपलक्ष्य में जगह जगह राहगीरों को शरबत पिलाया गया। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया।

**गंगा दशहरा पर कराया भंडारा फतेहगंज पूर्वी:** गंगा दशहरा पर रामगंगा और बहगुल नदी पर मेला लगे। रामगंगा में हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और प्रसाद चढ़ाकर पूजा -अर्चना की। इस मौके पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया, साथ ही लोगों ने शरबत पिलाया। नगर में स्टेशन रोड पर कामराज मिश्रा, डॉ. यशपाल सिंह रामू और पवन राज मिश्रा ने भंडारे का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह राजमार्ग पर फारूख अहमद, डॉ. आरके मिश्रा, करणी सेना के मनोज पाल, प्रशांत मिश्रा ,सक्षम मिश्रा, अरुण मिश्रा, अजय गुप्ता ने लोगों को शरबत पिलाया। रामगंगा एवं बहगुल नदी के तटों पर थाना प्रभारी संतोष कुमार भ्रमण पर रहे।

### गोरा घाट पर उमड़ी भीड़

**मीरगंज, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर अलग-अलग घाटों पर श्रद्धालुओं की स्नान करने के लिए भीड़ उमड़ी। गुरुवार तड़के से ही गंगा स्नान शुरू हो गया। गांव गोरा लोकनाथपुर स्थित रामगंगा घाट एवं बाबा कैलाश गिरी मढ़ी पर भारी भीड़ उमड़ी। हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान करके घाट पर पूजा-अर्चना किया। कई परिवार ने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। भजन-कीर्तन में महिलाएं भी शामिल हुईं। रामगंगा घाट के समीप मेले का भी आयोजन हुआ। प्रधान धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि मेला के दौरान रामगंगा घाट पर गोताखोरों की व्यवस्था रही। मेला कमेटी अध्यक्ष बाबूराम कश्यप ने बताया कि मेला शांति पूर्ण तरीके से निपट गया। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे इसके साथ ही मेला कमेटी के सहयोग से पुलिस ने रामगंगा घाट से पहले बाइक, साइकिल स्टैंड बनाया।

# लखनऊ से आई टीम ने फरीदपुर सीएचसी का किया निरीक्षण



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर का निरीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार:** जिले में प्रथम सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (nqus) के लिए चयन हुआ। प्रदेश स्तर से आई टीम ने 12 प्रमुख बिंदुओं पर स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया।

टीम ने अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, जैसे सफाई व्यवस्था, सीसीटीवी, ओपीडी, लैब, लेबर रूम, ओटी , एनबीएसयू, ओपीडी, आईपीडी ,रेडियोलॉजी, फार्मेसी, इमरजेंसी, चिकित्सकों की संख्या की जांच की। स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और स्टाफ के कार्यों की सराहना की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम और उनकी टीम ने टीम के समक्ष अभिलेख उपलब्ध कराए। निरीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी , जैसे कि स्वास्थ्य केंद्र को ग्रेड देने की प्रक्रिया और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए निर्देश भी दिए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. रजनीकांत समेत अन्य मौजूद रहे ।

# मदरसा समेत 13 घरों में बिजली चोरी पकड़ी

संवाददाता, रिठौरा

**अमृत विचार :** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए गुरुवार को रिठौरा में सुबह 4:00 बजे से बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

इस दौरान एसडीओ रिठौरा अरुण कुमार, एसडीओ राजेंद्र कुमार नवाबगंज, निखिल जायसवाल मीरगंज, जेई अजय कुमार रिठौरा, रमेश गौतम नदौशी, सोमप्रकाश मीरगंज की टीम ने 174 घरों पर छापेमारी की। जिनमें मदरसा -गुलशने-मुस्तफा, अंशु सैनी, लोकेश कुमार, तुल्लन, मोहम्मद अहमद, सुनील, दीनानाथ, मोहम्मद फिरोज, रियासुद्दीन, जितेन्द्र, नाजिम अंसारी समेत तेरह स्थानों पर बिजली चोरी से जलती हुई पकड़ी गई। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। वहीं 16 घरों में बिजली का लोड बढ़ाया गया। 27 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। चार उपभोक्ताओं के मीटर बदले गए। 86 हजार रुपये का बिल वसूला गया। संयुक्त बिजली विभाग की कार्रवाई से नगर में अफरा तफरी मच गई। एसडीओ अरुण कुमार ने बताया सरकार की मंशा है। बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब समय -समय पर संयुक्त टीमों द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर बिजली चोरी की घटनाओं को पकड़कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



कार्रवाई करती बिजली विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### बिजली चेकिंग में 6 लाख वसूले, 80 कनेक्शन काटे

**फरीदपुर, अमृत विचार :** बिजली विभाग की टीम ने मोहल्ला परा और ऊंचा में चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें 15 लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ। जिनमें रानी पत्नी नाथू कश्यप, शेषमणि शर्मा, यासीन खान, कालीचरन, साबरी पत्नी नसरुद्दीन, मुन्नी देवी पत्नी नाथू लाल, माया देवी पत्नी टीकाराम, रघुनंदन प्रसाद , नितिन कुमार ,सुरेश कुमार, इरफान ,पप्पू जैनेंद्र पाल सिंह, प्रदीप कुमार ,जमुना देवी पत्नी फकीरे लाल, मुनीष चंद्र के साथ-साथ लगभग 80 बड़े बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटे गए और लगभग छह लाख रुपये की वसूली की गई । टीम में उपकरण अधिकारी फरीदपुर उमेश कुमार उपखंड अधिकारी अक्षय यादव अवर अभियंता वीरू सिंह राम सिंह यादव विष्णु प्रताप सिंह सुशील मिश्रा अजय कुमार व टी जी 2 सूरज तोमर विवेक दिनेश मयंक आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**आंवला, अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कैंप कार्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन केक काटकर मनाया और उनकी लम्बी उम्र की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कान्हा गौशाला में गायों को गुड़, हरा चारा और केले खिलाए। पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने एक पौधा मां के नाम लगाया। इस दौरान अनमोल गुप्ता, संजीव सक्सेना, ऊषा सतीजा, रामनिवास मौर्य, सुनील गुप्ता उर्फ पप्पी, बीना रस्तोगी, डॉ. संजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**फरीदपुर अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर सपरिवार पचौमी मंदिर में पहुंचकर एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने पूजा अर्चना कर पौधरोपण किया। साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से कामना की। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की फरीदपुर पाठशाला की ओर से भी पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ खंड विकास अधिकारी राम शंकर सिंह एवं समाजसेवी अमित कुमार सिंह तोमर ने पौधरोपण कर किया। इस मौके पर राजेश कुमार पाल, देवदत्त शर्मा, जया समेत अन्य मौजूद रहे।

### जागरूक हिंदू महासंघ ने योगी का जन्मदिन मनाया

**भुता, अमृत विचार :** गांव नवादा ब्रह्मांन में राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पटेल ने कुंवर फार्म हाउस नवादा पर पदाधिकारियों और किसानों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्म दिवस मनाया। अजय पटेल ने बताया किसानों को मुख्यमंत्री की वजह से सिंचाई के लिए फ्री बिजली उपलब्ध हो रही है। हम सभी का उनके लिए कोटि-कोटि धन्यवाद है। इस मौके पर अजय पटेल, इंद्रपाल, जसवीर सिंह, लालाराम, मुन्ना लाल, बेचेलाल, तेजपाल, नौबत सिंह, कालीचरण, राजीव आदि लोग उपस्थित रहे।

### गायत्री यज्ञ के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

**शेरगढ़ ,अमृत विचार :** ज्येष्ठ दशहरा एवं मां गायत्री की जयंती के अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पनबड़िया गांव स्थित श्रीराम मेढ़ा मेला मंदिर पर भंडारा हुआ। डेलपुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ होने के साथ ही मां गायत्री का विशाल यज्ञ हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यज्ञ में पुण्य आहुतियां देकर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने लंगर छक अपने जीवन को धन्य बनाया। इस अवसर पर महंत केवलानंद महाराज, प्रधान भगवानदास, ओमप्रकाश गंगवार, आचार्य महेंद्र पाल गंगवार, कल्याण राय श्रीवास्तव, संजीव कुमार, राजीव कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण



**शेरगढ़ , अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम के साथ पौधरोपण हुआ। पंचायत सचिवालय नगरिया कलां, युवा मंडल शेरगढ़, उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरमनगर, नगरिया सोबरनी, साधन सहकारी समिति शेरगढ़, कुंवरगढा मंदिर परिसर में पौधरोपण किए गए। इस दौरान लोगों ने धरा को हरा-भरा बनाए रखने के साथ ही प्लास्टिक की रोकथाम को शपथ दिलाई गई। थाना परिसर में साफ-सफाई के साथ ही पौधरोपण किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, दिनेश शर्मा, भूपराम श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, आदित्य गौरव श्रीवास्तव, एआरपी महिमा दीक्षित, कल्याण राय श्रीवास्तव, प्रधान शमशुल खां समेत अन्य मौजूद रहे।

### छात्रों ने पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**मीरगंज, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर अनुबिस इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में छात्रों और फैकल्टी ने पौधरोपण किया। छात्रों ने पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। छात्रों ने पोस्टरों से जल संरक्षण, वायु प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाई। कुछ छात्रों ने पर्यावरण पर कविता पाठ और भाषण भी प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम का माहौल प्रेरणादायक बन गया। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य नागेश्वर प्रसाद शुक्ला, गया राम, बुशरा, प्रेमा वर्मा, अंश कुमार, चांदनी, आदि उपस्थित रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# डीजल के पैसे मांगने पर दबंगों ने सेल्समैन को पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** पेट्रोल पंप के सेल्समैन से डीजल के रुपये मांगने पर दबंगों ने मारपीट की और उसके जेब से रुपये लूट लिए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

थाना सुभाषनगर के मोहल्ला 170 नेकपुर निवासी चेतन पटेल ने बताया कैंट के बुखारा फरीदपुर मार्ग पर मिर्जापुर के पास उनका पटेल फिलिंग स्टेशन के नाम से एक पेट्रोल पम्प है। मंगलवार रात 9.30 बजे राजीव, धरमवीर निवासी मिर्जापुर थाना कैंट और चार पांच अज्ञात लोग पेट्रोल पंप पर आए और उधार डीजल मांगने लगे। सेल्समैन अमन पटेल निवासी ग्राम सिसईया थाना भुता ने उधार डीजल देने से मना कर दिया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे, लेकिन सेल्समैन के मना करने के बावजूद आरोपियों ने जबरन 2 हजार रुपये का डीजल ले लिया। रुपये मांगने पर सेलमैन से मारपीट की। सेल्समैन की जेब में रखे 2 हजार रुपये भी लूट लिए। जैसे तैसे सेल्समैन ने भाग कर जान बचायी। उक्त घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

# ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर हुई थी दो दोस्तों की मौत

संवाददाता, नवाबगंज

● सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मृतक के दोस्तों ने दी जानकारी

**अमृत विचार:** भंडारा खाकर लौट रहे दो दोस्तों की खनन में लगे ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर मौत हुई थी, गुरुवार को बरखन बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से इसकी पुष्टि हुई।

आधी रात के बाद से बाइक से जा रहे ग्राम चेना निवासी पुष्पेंद्र और क्योलड़िया के ग्राम पुरैनिया निवासी सुमित को ग्राम नौगवा के पास वाहन ने कुचल दिया था । इस घटना में सुमित सिर धड़ से अलग हो गया था जो मिला ही नहीं । सुबह इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ शव का पोस्टमार्टम कराया था। सीसीटीवी फुटेज में मृतकों के साथियों की भी लोकेशन मिली और परिजनो की पूछतांछ में घटना का खुलासा हो गया। जिसके मुताबिक ट्रैक्टर ट्रॉली एक खनन कारोबारी की थी जिसका चालक चेना का ही निवासी था । सूत्रों के अनुसार ट्रैक्टर मालिक समझौते का प्रयास कर रहा है, वहीं कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि किसी ओर से भी तहरीर नहीं मिली है ।

### हादसे में जान गंवाने वाले की हुई शिनाख्त

**भुता, अमृत विचार :** बरेली बीसलपुर मार्ग पर बुधवार शाम मार्ग दुर्घटना में मोहित के साथ उसके दोस्त की मृत्यु हुई थी जिसकी पहचान परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर रोहित कुमार सिंह के रूप में की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बुधवार शाम 4 :00 बजे छोटा हाथी और कार में भिड़ंत होने से कार सवार चालक सहित तीन लोग थे। जिनमें मोहित कुमार और उसके दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई थी। चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस से मृतक मोहित कुमार के परिजनों को सूचना मिलने पर वह जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन उसके साथी की कोई शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। रोहित कुमार कल देर रात जब घर नहीं पहुंचे तो, रोहित कुमार की पत्नी आरती ने फोन करके पूछा तो फोन दूसरे ने उठाया तो पता लगा कि उनका एक्सीडेंट हो गया। तभी परिजन जानकारी करने के बाद जिला अस्पताल पहुंच कर देखा । सुरेश कुमार ने अपने बेटे रोहित कुमार के 36 वर्षीय रूप में शिनाख्त की।

# पिता-पुत्र को दूसरे समुदाय के लोगों ने पीटा

**आंवला, अमृत विचार:** खेत से घर लौट रहे एक व्यक्ति को दूसरे समुदाय के लोगों ने बेरहमी से मारपीटा। चीख -पुकार सुनकर उसका बेटा बचाने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की। पीड़ित ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चंपतपुर गांव निवासी हरिओम माहेश्वरी ने बताया गुरुवार की सुबह 7:30 बजे वह खेत से घर लौट रहा था। गांव के शिव मंदिर के पास घात लगाए बैठे दूसरे समुदाय के लोगों ने उसे रोक लिया और लाठी, डंडे, लोहे की रॉड, सरिया से उसके ऊपर प्रहार कर दिया। चीख -पुकार पर उसका बेटा पुष्पेंद्र बचाने आया तो समीर ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गांव के ही सलीम, सकील, निजाकत, समीर, युवी मोहम्मद, आस मोहम्मद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मस्जिद निर्माण की शिकायत पर दौड़े अफसर

● दोनों समुदाय के 21 लोगों को किया मुचलका पाबंद

**नवाबगंज, अमृत विचार:** मस्जिद निर्माण की शिकायत पर तहसील प्रशासन गांव रसूला तालिब हुसैन दौड़ पड़ा, जब अधिकारी गांव पहुंचे तो उन्हें कोई निर्माण होता हुआ नहीं मिला।

इस बीच पुलिस को दोनों समुदाय के 21 लोगों को मुचलका पाबंद किया है। गुरुवार को गांव रसूला तालिब हुसैन में मस्जिद निर्माण कराने की शिकायत गांव के दूसरे समुदाय के लोगों ने पुलिस से की थी। शिकायत मिलते ही पुलिस और प्रशासन गांव की ओर दौड़ लगा दी। एसडीएम उदित पवार, सीओ गौरव कुमार और कोतवाल राहुल सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे, लेकिन वहां कोई निर्माण नहीं पाया गया। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया ग्राम में स्थित मस्जिद का टैंक टूट गया था जिसे बनवाया जा रहा था, इसके साथ ही मस्जिद के फर्श का निर्माण कराया गया था। कोतवाल ने मस्जिद कमेटी को हिदायत दी है। इसके साथ ही पुलिस ने एक पक्ष के 8 और दूसरे पक्ष के 13 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना... नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम ARSH. SIDDIQUI से बदलकर MOHD ARSH SIDDIQUI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
MOHD ARSH SIDDIQUI
S/o TAUFEEQ AHMAD
MOHALLA CHAUNHATIYAN
VTC. TILHAR DISTRICT
SHAHJAHANPU U.P. 242307

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम उज्जवल था। जिसे अब मैंने बदकर उज्जवल सेठ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। उज्जवल सेठ पुत्र श्री अनुराग सेठ निवासी मिल कॉलोनी, गोला गोकरनाथ जिला खीरी (उ.प्र.)

सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अंजलि सिंह राठौर (Anjali Singh Rathore) एवं जन्म तिथि 1.5.1975 अंकित है जोकि गलत है मेरा सही नाम अंजलि राठौर (Anjali Rathore) एवं सही जन्मतिथि 20.8.1975 है भविष्य में मुझे अंजलि राठौर के नाम से जाना पहचाना जाए। अंजलि राठौर पत्नी संजय कुमार राठौर मोहल्ला वाकरजई सदर शाहजहांपुर

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पाँच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# सतर्कता व तैयारी जरूरी

कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। संक्रमण में लगातार वृद्धि को नए वेरिएंट के प्रसार से जोड़ा जा रहा है, जिसमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट शामिल हैं। देश में गुरुवार को कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 तक पहुंच गई। संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1487 केरल के हैं और दिल्ली में 562 दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 526, गुजरात में 508, पश्चिम बंगाल में 538, कर्नाटक में 436, तमिलनाडु में 213, उत्तर प्रदेश में 198, राजस्थान में 103, हरियाणा में 63 और आंध्र प्रदेश में 50 सक्रिय मामले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। भारत में 70 फीसदी से अधिक आबादी में कोरोना का टीकाकरण हो चुका है, लिहाजा विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का मौजूदा वेरिएंट 'मौसमी फ्लू' से कुछ ही ज्यादा है। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिआ, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलाते हैं और मौतें भी होती हैं। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है। बहरहाल केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इससे निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध कर लेने चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी समझौते के हस्ताक्षरकर्ता भारत को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश भर में पर्याप्त टीकों और जांच किट का भंडार बनाया और वितरित किया जाए। जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। ऐसे में घबराहट और चिंता करने की बजाय सावधानी और एहतियाती दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# सामरिक जरूरतें और विरल धातुओं की कमी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमश : वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्ज़ा है।

एक खबर के मुताबिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मामले में हम ही नहीं बल्कि अमरीका तक चीन पर बहुत हद तक निर्भर है। यह तो सिर्फ सोलर एनर्जी के लिए पेनल्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक-दो विरल केमिकल एलिमेंट की ही बात है। विरल धातुओं और अधातुओं के खरीद-फरोख्त के लिए सबसे बड़ी मार्किट शंघाई मेटल मार्किट है। मेटल इंडस्ट्री की सबसे बड़ा डाटा इसी मार्किट के पास है और दाम निश्चित नहीं होते। यह एक स्ट्रेटेजिक मार्किट है।

सभी प्रकार के उन्नत सिस्टम्स में जिनमें हाई-टेक इक्विपमेंट, एनर्जी प्लांट्स के कंट्रोलर, युद्धक वायुयान और इनके कंपोनेंट्स, बैटल टैंक्स, मिसाइल्स, पनडुब्बियों की बॉडी और हुल से लेकर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक या ऑप्टो-एलेक्ट्रोनिकी में विरल एलिमेंट्स का प्रयोग होता है। भारत को भी कम से कम 2900 टन विरल धातु हर वर्ष चाहिए। दुनिया के वे देश जैसेकि ब्राजील और दक्षिण अमरीकी महाद्वीप के देश जिनमें विरल धातुओं का विशाल भंडार है, इन्हें बेच कर अरबों रुपये की कमाई करते हैं।

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्ज़ा है। भारत में विरल केमिकल एलिमेंट्स वाले खनिज का भण्डार 6.9 मिलियन टन है। चीन में यह भण्डार 44 लाख मिलियन टन आंका गया है। अमरीका भी इन धातुओं को हासिल करने के मामले में चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर ज्यादातर निर्भर है। अमरीका का सामरिक महत्व का डिफेन्स प्रोडक्शन 90 प्रतिशत तक चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर टिका है। चीन में विरल एलिमेंट्स की सबसे बड़ी खदान मंगोलिया में बयानओबो नामक स्थल पर है। विरल खनिजों के बिना दुनिया का कोई देश एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में न तो रिसर्च कर सकता है और न ही इनसे कोई उत्पाद बना कर तकनीक में बढ़त हासिल कर सकता है। केमिस्ट्री की पीरियाडिक टेबल के अनुसार 17 विरल तत्व -सेरियम, डिस्प्रोसियम, अर्बियम, युरोपियम, गैडोलीनियम, होल्मियम, लैंथेनम, ल्यूटेटियम, नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, प्रोमेथियम, समैरियम, स्कैंडियम, टेरबियम, थ्यूलियम, येटरबियम और येट्रियम हैं। प्रेसियोडिमियम सर्वाधिक मांग वाली विरल धातु है जिसका उपयोग आर्क-लाइटनिंग लैंप में इस्तेमाल होने वाले कार्बन इलेक्ट्रोड, कांच की पॉलिशिंग में उत्प्रेरक, पवन टर्बाइनों और मोटरों में मौजूद स्थायी चुम्बक, वेल्डर और ग्लास बॉल का निर्माण, विमान इंजन में इस्तेमाल होने वाली उच्च-शक्ति वाली कठोरतम धातुएं बनाने के लिए मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु एजेंट के रूप में, मिशमेटल के घटक के तौर पर एक ऐसी सामग्री बनाने में जिसका उपयोग लाइटर के लिए चकमक पत्थर बनाने और में मोशन पिक्चर उद्योग में कार्बन आर्क-लाइट, स्टूडियो लाइटिंग और प्रोजेक्टर लाइट के लिए किया जाता है। उच्च-तीव्रता वाले स्थायी चुम्बक जो हाइब्रिड कारों और पवन टर्बाइनों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के लिए और हाइब्रिड ऑटोमोबाइल के लिए निकल मेटल हाइड्राइड रिचार्जेबल बैटरी में प्रेसियोडिमियम का इस्तेमाल किया जाता है। डिस्प्रोसियम वास्तव में ही रेयर अर्थ मेटल है। इसका उपयोग परमाणु नियंत्रण छड़ों में इसके उच्च तापीय न्यूट्रॉन क्रॉस-सेक्शन के लिए, डेटा भंडारण में इसकी उच्च चुंबकीय संवेदनशीलता और मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव सामग्रियों में किए जाने के अलावा अवरक्त विकिरण के स्रोत के रूप में अन्य तत्वों के साथ जोड़ कर किया जाता है। आयनकारी विकिरण को मापने के लिए डोसिमीटर में और उच्च शक्ति वाले नैनोफाइबर बनाने के लिए इसका उपयोग जाता है। जाहिर है भविष्य में विरल धातुएं और अधातु जीवन-मरण का कारण बनेंगें।

> विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है।

हमें यह नहीं मालूम होता कि सोलर पेनल्स इन्स्टाल करने वाली भारत की बड़ी कंपनियां फोटोवोल्टेइक सैल्स खुद क्यों नहीं बनाती। आयात करके चीन को हम क्या एक बड़ा बिजनेस दे रहे हैं या विरल धातुओं के उसके खजाने के ख़त्म होने का इंतज़ार करना चाहते हैं? फोटोवोल्टेइक सैल्स के निर्माण में अरसे से सिलिकॉन का उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन नए पदार्थों और तकनीक के इस्तेमाल के बाद थिन-फिल्म टेक्नोलॉजी के कारण अब नए फोटोवोल्टेइक सैल्स अधिक कुशल और कारगर पाए गएं हैं। सिलिकॉन निर्भरता को कम करने के लिए सामग्री विज्ञान में अमॉर्फस सिलिकॉन, कैडमियम टेल्यूराइड (सीडीटीई), कॉपर इंडियम गैलियम सेलेनाइड (सीआईजीएस और पेरोव्स्काइट्स का उदय नवाचार लाया है। भारत को चीन से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई अभी बंद है। अधिकांश मात्रा में विरल एलिमेंट्स का भारत द्वारा आयात किया जाता है। चीन ने इनके निर्यात के लिए व्यापार लाइसेंस को अनिवार्य किया है और साथ में एक डिप्लोमेटिक नीति भी लागू की है कि किस देश को देना है और किस को नहीं। चीन की सरकार चाहती है कि आयातक देश इस बात का लिखित में आश्वासन दे कि इन विरल धातुओं का इस्तेमाल फ्रंटियर डिफेन्स टेक्नोलॉजी के विकास और निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। यह एक मुसीबतजदा शर्त है। हाल ही में इन तत्वों के लिए बढ़ती वैश्विक दौड़ के कारण यह हुआ है। भारत की वर्तमान खपत हालांकि कम है और व्यवधानों के कारण आपूर्ति अभी तक असुरक्षित है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की अनेक निर्णायक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विरल धातुओं और अधातुओं की मांग बढ़ने से आयात निर्भरता हमें जोखिम में डाल सकती है। इसीलिए कुछ वर्ष पहले ही कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री ने भारत सरकार से एक रेयर अर्थ डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने की मांग भी की थी। इसी के मद्देनज़र भारत सरकार ने सन 2012 में रेयर अर्थ्स एंड एनर्जी क्रिटिकल एलिमेंट्स: ए रोडमैप एंड स्ट्रेटेजी फॉर इंडिया', दस्तावेज तैयार किया था। इस रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर कैसा और कितना अमल हुआ है, ज्ञात नहीं है क्योंकि ऐसी जानकारी अक्सर क्लासिफाइड होती है। इन धातुओं के खनन, एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग के लिए स्पेशल स्किल्ड वर्कर्स और विशेष मशीनरी युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। राष्ट्र की सुरक्षा और इकॉनोमिक डेवलपमेंट के लिए भारत ने 30 खनिज धातुओं और अधातुओं को महत्वपूर्ण माना है।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, जीएसआई ने विरल खनिजों की उपलब्धता और खनन करने के लिए 195 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत रेयर अर्थ्स इंडिया, लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत में दुर्लभ खनिज मोनाजाइट से उच्च शुद्ध ऑक्साइड के रूप में उत्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया है जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीन और आरक्षित भंडारों के दोहन के लिए आशय पत्र दिए जाने के साथ ही रेयर अर्थ एलिमेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने की योजना है ताकि इस खनिज से हमें अनेक विरल धातु एक साथ प्राप्त हो सकें। यह एक स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव है। आधिकारिक डेटा से पता चलता है फिलहाल दुर्लभ धातुओं का हमारा आयात 2270 टन है जिसमें से अधिकांश आयात चीन से और बाकी का जापान, रूस, कोरिया और अन्य देशों से हुआ। इसमें चीन से प्राप्त विरल धातुओं का हिस्सा 59 प्रतिशत है। भारत की यह निर्भरता वैश्विक विरल धातु खनन और प्रसंस्करण में चीनी प्रभुत्व के कारण है।

## प्रसंगवश

# भगदड़ में सतर्कता और समझदारी ही सुरक्षा

बेंगलुरु के चन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत दुखद और हृदय विदारक घटना है। वास्तव में भगदड़ की घटनाएं तब घटित होतीं हैं जब भीड़ अपना नियंत्रण खो देती है। बहुत बार अफवाहों के फैलने, खौफ,डर या घबराहट और सीमित जगह के कारण भी भगदड़ की घटनाएं घटित हो जातीं हैं। खराब भीड़ प्रबंधन जैसे कि पर्याप्त सुरक्षाकर्मी या निकास के लिए स्पष्ट मार्ग न होना भी भगदड़ का कारण बन जाता है। बेंगलुरु में जो घटना घटित हुई है, उसमें एक लाख से भी ज्यादा फ़ैंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत (18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी की जीत का जश्न मनाने के लिए) का जश्न मनाने के लिए स्टेडियम के बाहर जमा हुए थे। वास्तव में, जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। यह ठीक है कि किसी टीम की जीत पर दर्शकों का उत्साह स्वाभाविक ही होता है लेकिन बड़े आयोजन की तैयारियां बहुत ही माकूल होनी चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पूरी घटना कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही और भीड़ प्रबंधन में विफलता को ही दर्शाती है। यदि समय रहते भीड़ को नियंत्रित करने के वैकल्पिक उपाय, जैसे कि पर्याप्त वैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन निकासी की व्यवस्था इत्यादि पहले से की गई होती तो ऐसी हृदयविदारक घटना को टाला जा सकता था। घटना के संदर्भ में मीडिया के हवाले से यह भी सामने आया है कि आरसीबी ने अपने प्रशंसकों को मुफ्त पास बांटे, जिसकी वजह से अचानक भीड़ इतनी बढ़ गई। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ की इस त्रासदी के दर्द ने जीत की ख़ुशी को ख़त्म कर दिया है। सच तो यह है कि लोग आरसीबी की आईपीएल में जीत के जश्न का गवाह बनने आए थे, लेकिन इस त्रासदी ने अनेक परिवारों को वह दर्द दिया है, जो वो शायद ही कभी भुला पाएंगे। हमारे देश में अब तक भगदड़ की अनेक घटनाएं सामने आ चुकीं हैं, लेकिन दुःख इस बात का है कि हम ऐसी त्रासदियों से सबक नहीं लेते हैं और लापरवाही के कारण बहुत बार बड़ी घटनाएं घटित हो जातीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ एक गंभीर खतरा है, जिससे बचने के लिए हमें सतर्क रहने और उचित उपाय करने चाहिए। कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30-40 लोगों की मौत हो गई थी। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम, एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएं, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएं, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएं आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएं और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहां पहुंचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियां एवं संकरी सीढ़ियां, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियां, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। वास्तव में सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए पूर्व में ही गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा साथ ही साथ भीड़ को प्रबंधित करने के लिए हमारे पास अच्छी योजनाएं भी होनी चाहिए।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# ड्रोन बना युद्ध का प्रमुख हथियार

ड्रोन ने दुनिया भर में युद्ध का तरीका बदल दिया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तानी सेना ने सैकड़ों की संख्या में ड्रोन भेजकर हमले किए। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में खत्म कर दिया। इससे पहले इजरायल-गाजा और रूस-यूक्रेन वॉर में भी ड्रोन का जमकर इस्तेमाल किया गया। इससे एक बात साफ हो गई है कि ड्रोन अब सिर्फ तकनीक नहीं हैं, अब ये युद्ध की दिशा बदलने वाला हथियार हैं।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

> यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है।

हाल ही में यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। इतिहास के पन्ने पलटे तो दूसरे विश्व युद्ध से पहले ब्रिटेन ने रिमोट से चलने वाली डीएच82बी क्वीन बी ड्रोन बनाया गया। 'ड्रोन' शब्द की उत्पत्ति इसी नाम से हुई है। यह किसी भी लक्ष्य की जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। 'क्वीन बी' को दुनिया का सबसे पहला आधुनिक ड्रोन माना गया था। 'क्वीन बी' का उपयोग ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्सेस में किया गया था। इस ड्रोन की सफलता के बाद ही अमेरिका ने अपना ड्रोन प्रोग्राम शुरू किया था। अमेरिका ने ब्रिटेन में ड्रोन के सफल होने के बाद अपने यहां ड्रोन बनाने शुरू कर दिए। अमेरिका ने वियतनाम वॉर के दौरान पहली बार छोटे रिमोट कंट्रोल ड्रोन 'रयान एक्यूएम 91' का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी आर्मी ने इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर उत्तरी वियतनाम में दुश्मन की जासूसी करने के लिए किया था। 'रयान एक्यूएम 91' दो कैमरों से लैस था। 9/11 के बाद अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में हेलफायर मिसाइल प्रीडेटर ड्रोन का बड़े लेवल पर इस्तेमाल किया। यह ड्रोन 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम था। एक समय तक ड्रोन तकनीक और ड्रोन इंडस्ट्री पर अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल का कब्जा था। साल 2015 के बाद ड्रोन तकनीक वैश्विक हो गई। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एल्गोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडज़ाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमेरिका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमेरिका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमेरिका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है।

## सोशल फोरम

# संतुलित दृष्टिकोण जरूरी

आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें एक गहरी मानसिक और बौद्धिक बेचैनी दृष्टिगोचर होती है। एक ओर अतीत के गौरवगान में डूबा राष्ट्र है, तो दूसरी ओर वर्तमान की विफलताओं और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरा हुआ समाज। ऐसे में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता हैः क्या भारत आत्ममुग्ध ऐतिहासिक चेतना में फंसा हुआ है? और क्या यह उसकी प्रगति में बाधा बन रही है? भारत का अतीत निस्संदेह सांस्कृतिक, दार्शनिक और बौद्धिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। किंतु इस अतीत को देखने की दृष्टि में संतुलन का अभाव दिखाई देता है। अतिगौरव का मोहः हम विश्वगुरु थे, हमने शून्य खोजा, "हमारे वेदों में सब विज्ञान है-ऐसी घोषणाएं एक सांस्कृतिक आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक क्षतिपूर्ति बन जाती हैं। वे न तो वैज्ञानिक समीक्षा की कसौटी पर उतरती हैं, न भविष्य निर्माण के लिए व्यवहार्य कार्यक्रम बनाती हैं।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय शिक्षा प्रणाली ने न तो इतिहास का आलोचनात्मक बोध विकसित किया, न भविष्य की कल्पना करने की प्रेरणा दी। हमारी पाठ्यचर्या में अतीत या तो स्तुति के भाव में आता है, या औपनिवेशिक लज्जा में दबा रहता है। परिणामस्वरूप, युवा पीढ़ी या तो पश्चिमी आदर्शों की नकल करती है या पुनरुत्थानवादी मिथकों में अपनी पहचान खोजती है। जब समाज को वर्तमान में न्याय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में निरंतर विफलता का सामना करना पड़ता है, तब वह सांस्कृतिक स्मृति में शरण लेता है। अतीत एक मनोवैज्ञानिक सुरक्षित स्थान बन जाता है, जो वर्तमान की कटुता से राहत देता है-भले ही वह राहत काल्पनिक हो। भारत को न तो अपने भूतकालीन सांस्कृतिक उपलब्धियों पर अति गौरव करना चाहिए, न अपनी ऐतिहासिक भूलों पर लज्जित और निरुत्साहित होना चाहिए। न ही उन गलतियों को तर्कों से छुपाना चाहिए। भारत को चाहिए कि वह-अतीत से प्रेरणा ले, पर उसमें फंसे नहीं,अपनी भूलों से सीखे, पर उनमें गुलाम न हो जाए, और अपने वर्तमान की समस्याओं को सुलझाते हुए, भविष्य का एक न्यायपूर्ण, बौद्धिक और सृजनशील मार्ग बनाए।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या डगमगाएगा भारत का ईवी सपना

'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में कई प्रयास कर रही है, लेकिन इन प्रयासों को झटका तब लगा जब विश्व की अग्रणी ईवी निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में उत्पादन संयंत्र स्थापित करने में रुचि नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर, चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नई पाबंदियां लगाकर भारत के ऑटो उद्योग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इन दोनों घटनाओं का भारत के ईवी बाजार, निवेश माहौल और राजस्व संभावनाओं पर गहरा असर पड़ेगा।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत को क्या होगा नुकसान : टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण।

टेस्ला क्यों नहीं चाहती भारत में बनाना वाहनः टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि भारत में उच्च आयात शुल्क के चलते वह अपनी कारें भारत में बेचना लाभकारी नहीं समझते। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर 60प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगता है। टेस्ला चाहती थी कि सरकार पहले आयात पर छूट दे जिससे कंपनी बाजार को परख सके, जबकि भारत सरकार की नीति साफ थी- 'भारत में बनाओ तभी टैक्स छूट पाओ'। इसी मतभेद के चलते टेस्ला ने फिलहाल भारत में निवेश से किनारा कर लिया और इंडोनेशिया जैसे देशों की ओर रुख कर लिया, जहां बैटरी मटेरियल्स की सुलभता, सरकारी प्रोत्साहन और बाजार की लचीलता अधिक है।

भारत को क्या होगा नुकसानः टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण। अनुमान के अनुसार, अगर टेस्ला भारत में गीगाफैक्ट्री खोलती, तो अगले 10 वर्षों में करीब 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व उत्पन्न होता। लाखों रोजगार बनते और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में एक बड़ा उछाल आता। इसके अलावा, टेस्ला की मौजूदगी विदेशी निवेशकों के लिए भारत को अधिक आकर्षक बनाती। अब टेस्ला के ना आने से ये संभावनाएं फिलहाल धूमिल हो गई हैं। टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनी की अनुपस्थिति में टाटा मोटर्स, महिंद्रा, ओला इलेक्ट्रिक और एमजी मोटर्स जैसी भारतीय कंपनियों को बाजार में थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है, लेकिन ये राहत ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। उपभोक्ताओं की तकनीकी अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और यदि भारत को वैश्विक ईवी मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनानी है, तो उसे वैश्विक तकनीकों और प्रतिस्पर्धा का सामना करना ही होगा।

टेस्ला की दूरी के बीच भारत के ईवी उद्योग को एक और झटका तब लगा जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया। लैंथेनम, नीओडिमियम, टेरबियम, और डिस्प्रोसियम जैसे खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों, मोटर मैग्नेट्स और अन्य इलेक्ट्रिक घटकों में होता है। चीन दुनिया में रेयर अर्थ खनिजों का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन करता है। ऐसे में उसकी ओर से निर्यात सीमाएं भारत जैसे देशों के लिए चिंता का कारण बन जाती हैं।

फिलहाल भारत अपनी रेयर अर्थ जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा चीन से ही आयात करता है। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत अपने आंतरिक संसाधनों की ओर ध्यान दे। आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान में इन खनिजों की उपस्थिति पाई गई है। इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक खनन और प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार को प्राथमिकता देनी होगी।

साथ ही, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और वियतनाम जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी करके भारत को अपने आयात स्रोतों में विविधता लानी होगी। वहीं भारतीय अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप्स को बैटरी रीसाइक्लिंग, सॉलिड-स्टेट बैटरियां और सोडियम-आयन जैसी नई तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि चीन की निर्भरता कम हो सके।

क्या यह संकट भारत को आत्मनिर्भर बना सकता हैः टेस्ला का न आना और चीन की पाबंदियां निश्चित रूप से भारत के ईवी मिशन के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन हर चुनौती में एक अवसर छिपा होता है। यदि भारत इस मौके को सही रणनीति से साध ले-जैसे टेक्नोलॉजी में निवेश, खनिज संसाधनों का उपयोग, और विदेशी सहयोग- तो यह संकट भारत के लिए एक बदलावकारी मोड़ बन सकता है। आने वाले समय में भारत को यह तय करना होगा कि वह इन वैश्विक दबावों के आगे झुकेगा या आत्मनिर्भरता के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। यदि सरकार और उद्योग जगत मिलकर काम करें, तो भारत न केवल एक सशक्त ईवी बाज़ार बन सकता है, बल्कि वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### संघटक महाविद्यालय में हुआ पौधरोपण

**भदपुरा, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय संघटक महाविद्यालय भदपुरा में पौधरोपण हुआ। प्राचार्य डॉ. रुद्रमन सिंह ने बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा संगीता देवी और राजेंद्र कुमार से परिसर में पौधा लगवाया। प्राचार्य ने कहा आप के महाविद्यालय में यह पौधे आपकी याद स्वरूप रहेंगे। इस दौरान डॉ. बृजेश, डॉ. गौरव, संतोष समेत अन्य मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर शरबत का वितरण किया

**फरीदपुर, अमृत विचार :** 'असहायों एवं अति निर्धनों की सेवा' ग्रुप की ओर से गंगा दशहरा पर रेलवे क्रॉसिंग पर राहगीरों के लिए शरबत वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्याम मोहन सक्सेना और डॉ. राहुल सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान ग्रुप संचालक ज्ञानेश कुमार शर्मा, संयोजक गिरीश कुमार शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, टिंकू सिंह, हिमांशु शर्मा, श्याम शर्मा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

### सीएम के जन्मदिन पर करणी सेना ने रोपे पौधे

**कैंट, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर करणी सेना ने शरबत वितरण एवं पौधरोपण किया। कार्यक्रम चौबारी स्थित संगठन के जिला कार्यालय रघुकुल धाम पर हुआ। कार्यक्रम में करणी सेना बरेली एवं संगठन की युवा शक्ति टीम तथा महिला शक्ति करणी सेना टीम के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ठा0 कौशल सिंह, जितेंद्र सिंह, अंकित सिंह, पंकज सिंह, अनुज सिंह, विजय सिंह, सुमित कुमार, उदित कुमार सिंह, विक्की सिंह, तुषार सिंह, कृष्ण सिंह, सुधा शर्मा, रेखा सिंह, शिवाली समेत अन्य रहे।

### गंगा दशहरा पर राहगीरों को शरबत पिलाया

**रिठौरा, अमृत विचार :** मां गंगा के अवतरण दिवस पर निशिता फाउंडेशन सेवा समिति एवं हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कांडू बाबा मंदिर पर राहगीरों को शरबत पिलाया। जिससे राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस पुनीत कार्य में अर्जुन कुर्मी, पंकज गंगवार, सुशील कुमार, दुष्यंत, गुलशन, अनुज गंगवार, धर्मेन्द्र, करन, रजत आदि मौजूद रहे।

### एडी बेसिक ने नवीनगर में किया पौधरोपण

**कैंट, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को एडी बेसिक अजीत कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक क्यारा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीनगर में एक पेड़ मां के नाम लगाकर पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने समर कैंप का निरीक्षण किया। वहीं समर कैंप में हिस्सा लेने वाले बच्चों, प्रधानाचार्या रेनू गुप्ता, शिक्षिका ऋचा सक्सेना, बलवीर सिंह, रितु, प्रधान पति सलीम शाह ने भी पौधरोपण किया। छात्र–छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भी भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान एडी बेसिक ने सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

### अवैध मीट की दुकानें बंद कराने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** शिवसेना ने शहर में बिना लाइसेंस के चल रहीं मीट की दुकानें बंद कराने की मांग करते हुए गुरुवार को नगर मजिस्ट्रेट और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि सीबीगंज, कर्मचारी नगर रोड से रहपुरा रोड पर खुले में मीट बेचा जा रहा है। इससे लोगों दिक्कत हो रही है। कहा कि बिना लाइसेंस पशु कटान एवं विक्रय पर रोक लगाई जाए। अवैध मीट की दुकानों को सील किया जाए। महानगर प्रमुख दीपक पाठक, आयुष वर्मा, अंकुर अग्निहोत्री, विश्व प्रताप सिंह, शशांक पाठक, राकेश यादव, प्रिंस चंद्र, शिवम सक्सेना, अर्चित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### संजय सिंह बने भाकियू रोहटा के जिलाध्यक्ष

**कैंट, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन नए संगठनों के रूप में विस्तार कर रहा है। भाकियू (रोहटा) संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चमन प्रधान ने मूल रुप से चौबारी निवासी संजय सिंह को बरेली का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने बुधवार को नियुक्ति पत्र जारी कर इसकी आधिकारिक घोषणा। उन्होंने कहा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय सिंह से संगठन के विस्तार करने और बिना किसी भेदभाव के संघर्षशील किसानों की समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई है।

### अपर आयुक्त ने क्षेत्र का किया निरीक्षण

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** अपर आयुक्त मनोज कुमार ने टीम के साथ गुरुवार को सीएचसी मझगवां, के बसंतपुर, अंतपुर, वलेई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पंचायत घर, और स्कूलों का निरीक्षण किया। जिसमें आकांक्षी विकास कार्यों के अंतर्गत 50 इंडिकेटर को जमीनी स्तर पर देखा। इसके बाद सीएचसी मझगवां पर सभी विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक की। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यों को देखकर खुशी जाहिर करते हुए और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए और भी बेहतर कार्य करें। स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ खंड विकास, आईसीडीएस विभाग, शिक्षा विभाग, जल जीवन मिशन, के कार्यों को भी देखा।

# एजेंटों पर एफडी और आरडी खुलवाने का दबाव बनाते थे कंपनी के मालिक

## लोगों के करोड़ों रुपये लेकर फाइनेंस कंपनी अमर ज्योति के फरार होने का मामला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कंपनी के मालिक ने अपने रिश्तेदारों को दी थी कार्यालय संचालन की जिम्मेदारी
- लक्ष्य पूरा न करने पर वेतन रोकने की धमकी देता था कंपनी के मालिक का बेटा

**अमृत विचार :** जिले के सैकड़ों लोगों के रुपये लेकर अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी फरार हो चुकी है। इसके बाद से निवेशकों के अलावा खातों में जमा करने के लिए उनसे रुपये लेकर जाने वाले एजेंट और उनके परिजन परेशान हैं। कंपनी में कई साल से निवेशकों को समय से रुपये देकर भरोसा जताया था। इसके लिए कंपनी के मालिक एजेंट पर ज्यादा से ज्यादा एफडी और आरडी खुलवाने का दबाव बनाते थे। ऐसा न करने पर उनका वेतन या मानदेय न देने की चेतावनी देते थे।

मीरा सराय रोड पर कई साल से अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी का कार्यालय था। लोगों के अनुसार कंपनी ने कई साल से भागने की तैयारी की थी। इसकी वजह से एफडी, आरडी आदि के खाते खुलवाने वालों




मीरा सराय मार्ग पर बंद पड़ा अमर ज्योति कंपनी का कार्यालय। ● अमृत विचार

की मैच्योरिटी होने के बाद भी रुपये नहीं दिए गए। उन्हें दिलासा देने के लिए टोकन दिए, लेकिन रुपये नहीं मिले। बताया जा रहा है कि कंपनी ने शहर में तकरीबन 200 से 300 एजेंट बनाए थे। जो लोगों के पास जाकर उनके खाते खुलवाते थे और नियमित रुपये लेकर आते थे। इसके एवज में उन्हें वेतन या कमीशन के रूप में मानदेय दिया जाता था। एजेंटों के अनुसार शहर निवासी तीन सगे भाई बहन कंपनी के डायरेक्टर के रूप में काम करते थे। युवती मैच्योरिटी के समय टोकन देने का काम करती थी। उसका एक भाई पासबुक जमा करने और निकालने और तीसरा भाई रुपये मालिक तक पहुंचाने का काम करता था। कंपनी के मालिक के सगे भांजे बरेली निवासी अमित कुमार मौर्य का काम कंपनी में ग्राहकों के एफडी कार्ड और कर्मचारियों व एजेंट का वेतन व लेनदेन का हिसाब रखने का था।

### कंपनी के एजेंट फरार परिजन परेशान

कंपनी के भागने के बाद से निवेशक अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर परेशान हैं। वहीं उनके खाते खोलने वाले एजेंट के सामने भी दिक्कत है। निवेशक एजेंट के घरों पर जाकर रुपये वापस दिलाने का दवाब बना रहे हैं। जिसके चलते ज्यादातर एजेंट घर से फरार हो गए हैं। अपना मोबाइल फोन भी बंद कर दिया है। उनके परिजन परेशान हैं। एजेंट की पत्नी और माताएं गुरुवार को सदर विधायक से मिलने उनके आवास पहुंचे, लेकिन उनकी व्यस्तता की वजह से मुलाकात नहीं हो सकी।

## पार्टनर ने हिस्से के रुपये देने से किया इन्कार, रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार:** पार्टनरशिप में प्लाटिंग का कार्य करने के दौरान हिस्से के रोके गए रुपये देने से पार्टनर ने इन्कार कर दिया। पीड़ित ने आरोपी पार्टनर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मोहल्ला खेड़ा निवासी रफीक अहमद ने बताया वह तीन साल से गम्भीर बीमार है। उसने कस्बे के मुसर्रत खां के साथ काफी समय पूर्व पार्टनरशिप में प्लाटिंग का काम किया था। वह सभी प्लॉटों की बिक्री हो चुकी है। उस समय मुसर्रत ने उसके हिसाब में से एक लाख बियासी हजार रुपये रोक लिए थे। एक वर्ष पूर्व के हिसाब में उसने साठ हजार रुपये रोक लिए थे। इस मामले में पंचायत की गई। जिसमें उसने रुपये देने का वादा किया था। परंतु बाद में वह टाल मटोल करने लगा। 17 मई की शाम करीब 6 बजे उसकी पत्नी मुसर्रत के घर रुपये मांगने गई थी। इस पर उसने रुपये देने से इन्कार कर जान से मारने की धमकी दी। वह उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने पर आमादा हो गया।

# एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोले मेयर
- प्लॉग रन के जरिये दिया सफाई और स्वच्छता का संदेश

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम की ओर से गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी शुरुआत मेयर डा. उमेश गौतम ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से की, जहां से पीलीभीत रोड स्थित दोहरा मोड़ तक प्लॉग रन (तेज चलते हुए रास्ते से कूड़ा उठाते हुए) आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने दौड़ते हुए मार्ग की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वच्छ भारत मिशन की आईईसी टीम के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मेयर और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने मार्ग के बीच



प्लॉग रन के दौरान रैली को रवाना करते मेयर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार

बने डिवाइडर पर पौधरोपण किया। अभियान के तहत करीब 250 से अधिक पौधे रोपे गए। मेयर ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाएं। जिससे लोग अपनी माताओं की स्मृति और सम्मान में पौधारोपण करें। नुक्कड़ नाटक के जरिये पर्यावरण संरक्षण के प्रति संदेश दिया गया। कुछ प्रतिभागियों ने पर्यावरण पर प्रेरणादायक कविताएं सुनाईं। अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय, स्वच्छ भारत मिशन, एआईआईएलएसजी की आईईसी टीम के सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विशेषज्ञों ने बताए धरा को बचाने के उपाय

- बरेली कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से एनवायरनमेंटल इश्यूज एंड चैलेंज इन द 21 वीं सेंचुरी विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी कॉलेज के एमएड सभागार में हाइब्रिड मोड में हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्ववित्त पाठ्यक्रम के निदेशक प्रो एपी सिंह ने अतिथियों का अभिनंदन किया। डॉ. अनामिका अग्रवाल ने विभाग की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की शैक्षणिक उपलब्धियों को साझा किया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने पर्यावरण चेतना के प्रसार के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की। मुख्य वक्ता देहरादून से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आनंद गुप्ता ने पादप-आधारित नैनो-सामग्रियों पर व्याख्यान दिया। डॉ. डीके उप्रेती ने भारत में पाई जाने वाली लाइकेन जैव विविधता पर जानकारी दी। गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. पुनीत खरे ने माइक्रोप्लास्टिक्स की पर्यावरणीय चुनौतियों और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत की। संचालन डॉ. निष्ठा सेठ ने किया। लगभग 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। 250 शोधकर्ताओं ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। डॉ. जसपाल सिंह ने आभार जताया। आयोजन में जीआरसी ग्रीन ई कॉम इंडिया का सहयोग रहा।

# तहसीलदार व अधिवक्ता के बीच की रार में चपरासी बना मोहरा

संवाददाता, फरीदपुर

- बहकावे में अपनी अधिकारी पर चपरासी ने लगाए गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** तहसील कार्यालय में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने अपनी ही अधिकारी के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल व एससी एसटी आयोग को शिकायती पत्र भेज दिया।

तहसीलदार ने जब चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बुलाकर उससे बात की तो उसने उन्हें बताया कि वह शराब के नशे में था तभी एक अधिवक्ता ने उसे झांसे में ले लिया और शराब के नशे में ही उससे शिकायती पत्र दिलवा दिए, जबकि उसकी ऐसी कोई मंशा नहीं थी। इसके बाद तहसीलदार राजस्व टीम के साथ फरीदपुर कोतवाली पहुंचीं और उक्त अधिवक्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए एक प्रार्थना पत्र भी दिया। इधर अधिवक्ताओं को इस बात की जानकारी हो गई कि तहसीलदार उनके साथी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने को प्रयासरत हैं तो सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीन भदौरिया के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ता एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक से मिलकर बात की।

प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने उन्हें समझाया कि उच्चाधिकारियों से बात करने के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद बार अध्यक्ष ने एसडीएम मल्लिका नैन से फोन पर बात की उन्होंने शुक्रवार को तहसील में दोनों पक्षों से वार्ता कर कोई समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। तहसीलदार सुरभि राय ने बताया कि उक्त अधिवक्ता पहले भी उनके साथ अभद्रता कर चुका है। वह आए दिन तहसील में उल्टे-सीधे कामों को करने का दबाव बनाता है इसीलिए अनर्गल आरोप लगाते हुए अधिवक्ता ने खुराफात करवाई है।

## प्रकृति की ओर बढ़ने का दिया संदेश



**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर स्थित एक आर्ट एकेडमी में चल रहे समर कैंप के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। 35 चित्रकारों ने कलाकृतियों के जरिये प्रकृति के संरक्षण के प्रति सजग किया। संचालक शिवली खान, सक्षम मिश्रा, विराट भारद्वाज, साक्षी मिश्रा, निशा, श्रुति वर्मा, गुंजन सिंह, तनुश्री अग्रवाल, अनुश्री अग्रवाल, राखी, रितिका सक्सेना, अर्चना मौजूद रहीं।

## सिरौली में पिता-पुत्री को दबंगों ने पीटा

**सिरौली, अमृत विचार:** भैंस को पानी पिलाने जा रही एक सात वर्षीय बच्ची को बाइक ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर बाइक सवार अपने परिजनों को बुला लाए और बच्ची समेत उसके परिजनों को बेरहमी से मारा पीटा।

बच्ची के पिता ने जाति सूचक शब्दों को प्रयोग करने समेत विभिन्न आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी है। बराथानपुर गांव निवासी देशपाल ने बताया कि उसकी सात वर्षीय बेटी प्रज्ञा भैंस को तालाब में पानी पिलाने जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर आ रहे गांव के ही तीन लोगों ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। चीखने पर वह लोग पहुंच गए। विरोध करने पर वह लोग अपने घर चले गए।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में आठ घायल

**आंवला, अमृत विचार:** दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन बच्चों समेत आठ लोग घायल हो गए।

वहीं पहली घटना आंवला बिसौली रोड के मनौना गांव के समीप की है। यहां कासगंज के सहावर गेट निवासी संजीव पत्नी मीना, और बच्चों हनी, अक्ष, और समक्ष के साथ कार से मनौना धाम दर्शन करने के लिए आ रहे थे। इसी बीच सामने से आई स्कूटी को बचाने के कारण उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे लगे बिजली के पोल से टकराकर खाई में जा गिरी। टक्कर से बिजली का पोल टूट गया और कार सवार घायल हो गए। वहीं सड़क पर पोल और लाइन गिरने से आवागमन बाधित हो गया। मौके पर पहुंची विद्युत टीम ने पोल और लाइन हटवा कर रास्ता सुचारू कराया। दूसरी घटना आंवला बदायूं रोड के एक निजी कालेज के समीप हुई। जहां एक बाइक पर घूमने जा रहे तीन दोस्तों की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें दो दोस्त घायल हो गए। कस्बे के मोहब्बत गंज गौंटिया मोहल्ला निवासी लोगों ने बताया कि उनके मोहल्ले के सूरज और सत्यपाल ताड़गंज मोहल्ला निवासी विशाल के साथ बदायूं रोड पर घूमने गये थे। सामने से आ रही बाइक से टक्कर होने के कारण तीनों घायल हो गये।

# कार ने राहगीरों को मारी टक्कर

- पुलिस ने पीछा किया तो कार छोड़कर भागा चालक

**नवाबगंज, अमृत विचार:** तेज रफ्तार कार चालक ने तीन राहगीरों को टक्कर मारी, जानकारी होने पर पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी चालक कार छोड़कर भाग निकला।



गुरुवार सुबह 11 बजे बिजौरिया रोड पर तेज रफ्तार कार ने गांव खंजनपुर तक तीन राहगीरों को टक्कर मारी, जिससे आकाश निवासी जिओत जागीर, नरेश कुमार निवासी खंजनपुर और सचिन निवासी विसनपुर घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने कार का पीछा किया तो चालक खंजनपुर के पास कार छोड़कर भाग गया।

# केस दर्ज कराकर पत्नियां कर रही पतियों को प्रताड़ित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिवार परामर्श केंद्र में रोजाना आ रहे 20-25 मामले, 60 प्रतिशत मामलों में पुरुष परेशान

**अमृत विचार :** समाज में महिलाओं के प्रताड़ित होने की कहानी पुरानी हो चली है। महिलाओं द्वारा पुरुषों को प्रताड़ित किए जाने के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में आए दिन 20-25 नए और पुराने मामले आते हैं। इसमें से 60 प्रतिशत मामलों में पत्नियां, पतियों को प्रताड़ित कर रही हैं। काउंसलरों का कहना है अब अधिकांश मामलों में पुरुष ही पीड़ित निकल रहा है, हालांकि शिकायतकर्ता अभी भी महिला ही हैं, लेकिन इन शिकायतों का मन्तव्य इंसाफ पाने से ज्यादा पीड़ा देना बन रहा है।

**केस : 1–** नकटिया क्षेत्र के रहने वाले युवक ने बताया कि उसकी शादी को तीन साल हो चुके हैं। पत्नी ने 6 माह पहले परिवार के 9 लोगों पर गर्भपात कराने की झूठी रिपोर्ट कराकर सभी को जेल भिजवा दिया। परामर्श केंद्र में एक बार समझौता हो चुका है, बाहर निकलते ही पलट जाती है। अब दोबारा शिकायत कर खुद ही तारीख पर नहीं पहुंची।

**केस : 2–** पीलीभीत बायपास रोड स्थित एक कॉलोनी के युवक ने बताया, पिछले वर्ष दिसंबर में प्रेम विवाह किया था। छोटे–छोटे झगड़े इतने बढ़ गए कि पत्नी ने मेरा मेडिकल भी रात एक बजे तुड़वा दिया, अब साझे में नहीं रहना चाहती इसके लिए दहेज की धाराओं में शिकायत की है। उसकी वजह से मेरा पूरा परिवार परेशान है।

**केस : 3–** मीरगंज के रहने वाली युवक ने बताया, पत्नी 6 साल पहले छोड़कर किसी और के साथ 40 दिन के लिए गायब हो गयी थी। लौटने पर खुद अलग होने का फैसला किया। तब एक साल का बेटा भी था। अब खर्च मांग रही है, जबकि मैंने तीन साल पहले दूसरी शादी की, दूसरी पत्नी 7 माह की गर्भवती है।

## पांच हजार पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया

**बरेली, अमृत विचार :** प्राथमिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कल्याण परिषद की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न स्थानों पर कार्यकारी प्रबंध निदेशक जयंती प्रसाद शर्मा, शिवा यादव, भोला शंकर त्रिपाठी, संदीप कुमार, चांदनी शर्मा, जितेन्द्र कुमार यादव, तुषार शर्मा, चन्द्र शेखर गौतम, पूजा देवी पासवान, नीरज कुमारी, शिवांशी कटियार, लक्ष्मी देवी ने पौधे रोपे। परिषद के प्रमुख सचिव एससी आचार्य ने बताया कि ग्रीन इंडिया–क्लीन इंडिया मिशन के तहत परिषद ने मंडल में पांच हजार पौधे रोपने एवं संरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## सार-संक्षेप

### आईवीआरआई ने 27 गांवों में फलदार पौधे रोपे



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की ओर से चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान में गुरुवार को किसानों को बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूक किया गया। संस्थान के वैज्ञानिकों ने बरेली, बदायूं तथा रामपुर के 27 गांवों में फलदार पौधे रोपे। किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन, धान की पौधशाला, कीट एवं रोग नियंत्रण, कृषि एवं पशुपालन से संबंधित जानकारी दी।

### एनएचएआई कार्यालय में पौधरोपण कर दिलाई शपथ



**बरेली, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्रीन पार्क स्थित एनएचएआई कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोण की। एनएनएआई के पीडी सौरभ चौरसिया, मैनेजर प्रशांत वाजपेई, अश्वनी चौहान, डिप्टी मैनेजर दीपक, रामआसरे पांडेय, विकास, बॉबी आदि मौजूद रहे।

### प्राकृतिक चित्रण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बरेली, अमृत विचार :** बन्नूवाल नगर स्थित दिवाकर आर्ट सेन्टर में चल रहे 21 वें पेंटिंग समर कैंप कार्यशाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने प्राकृतिक चित्र बनाकर सकारात्मक संदेश दिया। संयोजक राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त स्वतंत्र चित्रकार दिवाकर आर्य, श्रुति वाजेपीय, गौरांग शुक्ला, समृद्धि प्रभाकर, दिव्यांश, अधीरा, पूर्वी आर्या, आरोही पाठक आदि उपस्थित रहे।

### चंदन वाटिका में योगासनों का प्रदर्शन किया




**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर चंदन वाटिका में योग, योगासनों का प्रदर्शन एवं औषधीय पौधों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह और मुख्य अतिथि विधायक संजीव कुमार अग्रवाल ने योग का महत्व बताया। विशिष्ट अतिथि जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने पौधरोपण के लिए सभी को प्रेरित किया। कुलसचिव संजीव कुमार ने पर्यावरण प्रदूषण के प्रति छात्रों को जागरूक किया। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### स्कूल में लगाए औषधीय पौधे



**बरेली, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस पर बिथरी चैनपुर में कम्पोजिट विद्यालय में औषधीय पौधे लगाए गए। निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। प्रधानाचार्य नरेश गंगवार, प्रियदर्शनी शर्मा, सोनी, तब्बसुम, अतीक, रीना सक्सेना, सुरेय्या परवीन, शुभ्रा शर्मा, रेखा शर्मा मौजूद रहीं।

### डिवाइडर पर पौधे रोप पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संस्थान ने पीलीभीत बाईपास रोड के डिवाइडर पर पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों को पौधे वितरित किए गए। शाम को अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक सभागार में पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी हुई, जहां दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की प्रतिनिधि पहुंचीं। अमर शर्मा, सुराजिता, हरीश मिश्रा, नितिन शर्मा, अमित मिश्रा, नीति शर्मा, महिमा पांडे, संतोष दीक्षित, जूही शर्मा, नीरज शर्मा, शिवलेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

### चित्रकला एवं संगोष्ठी आयोजित



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से गुरुवार को पर्यावरण दिवस पर सूरजभान इंटर कॉलेज, अर्बन को– ऑपरेटिव बैंक, डब्लूडब्लूएफ इंडिया के तत्वावधान में चित्रकला एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि रिटायर कर्नल सुधीर प्रकाश और विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. चारु मेहरोत्रा रहीं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी चन्द्रेश कुमार, डब्लूडब्लूएफ इंडिया के एसके सूरी, उद्यमी, शिक्षक और छात्रों ने प्रतिभाग किया। विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया।

### गंगा दशहरा पर राहगीरों को पिलाया शरबत



**बरेली, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर गुरुवार को विश्व जागृति मिशन की ओर से कोहाड़ापीर रोड पर राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। प्याऊ का शुभारंभ रश्मि अग्रवाल और ममता गर्ग ने किया। इस दौरान संजय गर्ग, पवन अरोड़ा, संदीप मेहरा, संजीव अग्रवाल, सोमेश वार्ष्णेय, महेंद्र गंगवार, महेंद्र पाठक, कमला पांडे, मनीषा मेहरा, सविता अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### तहसील सदर कार्यालय में रोपे पौधे



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर तहसील सदर कार्यालय में गुरुवार को तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह, तहसीलदार नवाबगंज अनुजा समेत अन्य कर्मचारियों ने पौधरोपण किया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### गो ग्रीन ग्रुप ने पौधरोपण कर ली संरक्षण की शपथ



**बरेली, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस पर गो ग्रीन ग्रुप ने सुरेश शर्मा नगर कालोनी स्थित पार्क में पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से पौधरोपण किया। गो ग्रीन ग्रुप के सदस्य हरीश भल्ला, सलिल सक्सेना, पंकज सक्सेना, संजीव शर्मा, ओमेंद्र, पवन कालरा, मुनीष शर्मा, सुनील कुमार, मुनेंद्र गंगवार, अरेंद्र गंगवार, चौधरी एसपी सिंह, धर्मवीर गंगवार आदि मौजूद रहे।

### भीम सेन एकादशी का व्रत आज

**बरेली :** जेष्ठ माह के शुक्ल पक्ष को भीम सेन निर्जल एकादशी व्रत करने से भगवान की कृपा होती है। शुक्रवार को यह व्रत सुबह 5.15 बजे से शनिवार सुबह 5 बजे तक रहेगा।

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd., General Manager (Electrical Zone-2) & (North West Zone), Bareilly invites online Item Rate / percentage rate bids in two bid system for-
1. NIT No.-1233/EZ-2/Tender/RNN/2025 Dated-26-05-2025, e-tender Construction of Boundary Wall for ESI Hospital land at Rohtak with Provision of Concertina Coil fencing, 02 Gates with Signage Board at IMT Rohtak.
2. NIT No.-316/201-B/GM(B)/RNN/2025 Dated-03.06.2025, e-tender Construction of Cyber Crime Thana Distt. Amroha, Last date of submission of offers upto 05.00 P.M. on Dated - 16.06.2025 (Sl. No.-1), upto 02.00 P.M. on Dated - 18.06.2025 (Sl. No. 2); all other details on:- website; www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in.

# गंगा और सरयू का श्रीराम व उनके पूर्वजों से गहरा संबंध : योगी


मां सरयू का दुग्धाभिषेक करते मुख्यमंत्री।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई नमामी गंगे परियोजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले गंगा का जल प्रदूषित हो गया था। पिछली सरकारों द्वारा विकास के नाम पर अनियोजित और अवैज्ञानिक ढंग से कार्य करने के चलते गंगा पूरी तरह से प्रदूषित हो गई थी। नमामी गंगे के माध्यम से गंगा की अविरलता और निर्मलता को पुनर्स्थापित किया गया।

मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सरयू महोत्सव के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि मां सरयू और भगवान श्रीराम का गहरा संबंध है। अयोध्या की पहचान मां सरयू के बिना अधूरी है। हजारों वर्षों से यह पवित्र नदी हमें दर्शन दे रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और समृद्ध करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराज भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप मां गंगा धरती पर अवतरित हुईं। गंगा पूरे भारत और विश्व का अन्न भंडार भरती हैं।

## महाबली हनुमान का प्रताप, अंकों के अद्भुत संयोग से बड़ा संदेश, मोदी और योगी को भी पसंद है अंकों का गठजोड़

# 500 वर्षों बाद बालक राम, 500 दिन बाद विराजे राजाराम

अयोध्या कार्यालय





**अमृत विचारः** भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या में हर घड़ी एक अद्भुद संयोग बन रहा है। अब राजाराम के प्राण-प्रतिष्ठित होने के साथ तिथि को लेकर एक आश्चर्यजनक बात सामने आई।

इस पर ज्योतिषी भी मंथन कर रहे हैं। 500 वर्षों बाद राम मंदिर में बालक राम विराजमान हुए तो इसके ठीक 500 दिन पर राजाराम विराजित हो गए। उनकी प्राण प्रतिष्ठा प्रथम तल पर गर्भगृह में हुई। भक्त इसे महाबली हनुमान का ही प्रताप कहते हैं। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में राजा राम के रूप में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह अनुष्ठान संपन्न किया। ब्रह्ममुहूर्त से मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल था। भव्य मंदिर में आभूषणों से भव्य श्रृंगार के साथ बैठे राजाराम को देख हर आंखों में श्रद्धा का भाव उमड़ रहा था।

### राम दरबार के दर्शन पर निर्णय सात जून को

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार व अन्य सप्त मंदिरों में विधि विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा उत्सव संपन्न हो गया है। दर्शन के लिये भक्तों को अभी कुछ और समय इंतजार करना होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की सात जून को होने वाली बैठक में दर्शन व्यवस्था पर निर्णय लिया जा सकता है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक ट्रस्ट की बैठक इस बार मणि रामदास छावनी के महंत और ट्रस्ट अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव के बीच उनके आश्रम पर संपन्न होगी। राम मंदिर की प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार की प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रथम स्थल पर जाने वाले मार्ग से दर्शन करने के बाद बाहर आने के मार्ग पर रेलिंग लगाए जाने का कार्य शेष बचा हुआ है। जल्दी इस कार्य को पूरा करने के बाद ट्रस्ट दर्शन व्यवस्था पर निर्णय लेगा। बताया कि परकोटा कॉरिडोर का कार्य अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, मंदिर में चल रहे पत्थरों के कार्य के कारण दो भुजाओं पर कोट का कार्य बाधित रहा। अब जोड़ने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें लगभग दो माह से अधिक का समय लग सकता है।

# प्रदेश में बिछेगा पुलों का संजाल

**लखनऊ,अमृत विचार :** प्रदेश के सभी शहरों, तहसीलों, जिलों, ब्लॉक व ग्राम में बेहतर आवागमन के लिए पुलों का जाल बिछेगा। योगी सरकार 28346 करोड़ रुपये खर्च करके कुल 3235 पुल बनाएगी। इसमें 60 मीटर से अधिक लंबे पुलों का निर्माण उ.प्र राज्य सेतु निगम करेगा, जबकि 6 से 60 मीटर तक के पुल लोक निर्माण विभाग बनाएगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के अनुसार जिन बड़े व छोटे पुलों का निर्माण होना है उसमें मुख्यतः तीन योजनाओं का समावेश होगा। इसमें राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राज्य योजना (ग्रामीण) तथा राज्य योजना (शहरी) प्रमुख हैं। इन तीनों योजनाओं के जरिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पुलों के निर्माण के साथ ही कच्चे व लकड़ी के पुल और जीर्ण-शीर्ष अवस्था वाले पुलों का नवनिर्माण व विकास सुनिश्चित होगा।इसमें विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों में स्थायी पुलों के निर्माण पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है जहां पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर ग्रामीण मार्गों पर जनता द्वारा अस्थायी पुलों का निर्माण किया गया है।

# स्नान करते समय डूबने से दो की मौत, एक लापता

## बदायूं : कछला में गंगा, दातागंज में रामगंगा में डूबकर हुई मौत

संवाददाता, दातागंज/सहसवान


मृतक अमन।


लापता अन्नू।

- **सहसवान में लापता हुआ बालक गोताखोर कर रहे तलाश**

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर गुरुवार को गंगा और रामगंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। तीन घाटों पर गंगा स्नान करने के दौरान बालक और किशोर की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक बालक लापता है। वहीं, गोताखोरों ने चार लोगों को सकुशल बचा लिया।

कासगंज के कस्बा सिड़पुड़ा के लोग गंगा स्नान करने कछला स्थित भागीरथी घाट आए थे। कस्बा निवासी लखन (12) पुत्र धर्मवीर भी परिजनों के साथ गंगा स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसे डूबता देखकर परिजनों ने शोर मचाया। चीख पुकार सुनकर घाट पर मौजूद लोगों ने गंगा में छलांग लगाई। लखन को गंगा से बाहर निकाल कर उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

दूसरा हादसा सहसवान क्षेत्र में सुबह 9 बजे गंगा के धापड़ घाट पर हुआ। स्नान के दौरान अन्नू (12) पुत्र पूरन और एक अन्य किशोर गंगा में डूब गए। घाट पर मौजूद लोगों ने किशोर को बाहर निकाल लिया, लेकिन अन्नू लापता हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर एसडीएम प्रेमपाल सिंह और कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। गोताखोरों को बुलाकर अन्नू की तलाश कराई गई। लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

तीसरा हादसा दातागंज क्षेत्र में शाहजहांपुर मार्ग स्थित बेलाडाडी रामगंगा घाट पर हुआ। दातागंज के मोहल्ला अरेला के सुंदर नगर निवासी अमन (17) पुत्र ठाकुरदास गुरुवार सुबह अपने दो दोस्तों के साथ स्नान करने आया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में डूबने लगे। यह देखकर गोताखोरों ने रामगंगा में छलांग लगा ली। दो को तुरंत बचा लिया गया।

तकरीबन डेढ़ घंटे के बाद अमन को बाहर निकालकर सीएचसी ले जाया गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रामगंगा में चार लोग डूबे थे। तीन को बचा लिया गया। एक की डूबने से मौत हुई थी।

# मुठभेड़ में बीजेपी नेता के दो हत्यारोपियों को लगी गोली

**देहरादून,अमृत विचारः** प्रेमनगर थानाक्षेत्र में बीजेपी नेता रोहित नेगी हत्याकांड के मुख्य अभियुक्तों के साथ गुरुवार देर रात पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस द्वारा अभियुक्तों का पीछा करने के दौरान भागने पर मुठभेड़ के दौरान हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त अजहर त्यागी को पुलिस की गोली लगी।

मोहम्मद अजहर त्यागी पुत्र अब्दुल रब निवासी प्रधान पट्टी बरला थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश पर रोहित को नया गांव से बुलाकर गर्दन में गोली मारने का आरोप है। उसके दोनों पैरों व एक हाथ में पुलिस की गोली लगी। वहीं, एक अन्य अभियुक्त आयुष कुमार उर्फ सिकंदर पुत्र विजय कुमार निवासी मालैन्डी शामली उत्तर प्रदेश के दोनों पैरों में गोली लगी। गंभीर रूप से घायल दोनों आरोपियों को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामला एक समुदाय विशेष से संबंधित होने के कारण यूपी-उत्तराखंड बॉर्डर को अलर्ट कर चेकिंग शुरू करा दी गई।

# लखनऊ में नकली सीमेंट का कारोबार सरगना समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बीकेटी थाना क्षेत्र में सीतापुर हाईवे किनारे एक मकान में नामी कंपनियों के नाम से नकली सीमेंट बनाई जा रही थी। एसटीएफ ने गुरुवार को छापा मारकर सरगना समेत गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। 1835 बोरी नकली सीमेंट, ऐश समेत अन्य सामान्य बरामद किया गया।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी अमित नागर ने बताया कि सीतापुर मछरेहटा स्थित बेला पुरवागढ़ी निवासी ठाकुर प्रसाद उर्फ अजय गिरोह का संचालन कर रहा था। ठाकुर के अलावा सदरपुर नवीगंज चक पुरवा निवासी मनोज कुमार, नाका निवाजखेड़ा निवासी संजीत राय, ऐशबाग निवासी शकील, उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र के रहीमाबाद निवासी सलमान, सीतापुर जिले के मिश्रिख थाना क्षेत्र के अमजदपुरवा निवासी विरेंद्र, सीतापुर जिले के मछरेहटा बेलापुरवा निवासी राम आसरे और हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र के कचहरी निवासी नसीम को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से 705 बोरी नकली अल्ट्राटेक सीमेंट, 420 बोरी नकली माईसेम सीमेंट, 365 बोरी नकली एसीसी गोल्ड कंक्रीट, 225 बोरी जेके लक्ष्मी सीमेंट, 120 बोरी नॉनट्रेड सरकारी एसीसी सीमेंट, 500 बोरी फ्लाई एश (राख), 191 खाली बोरी एसीसी गोल्ड, 1011 खाली बोरी अल्ट्रा टेक, 1000 खाली बोरी एसीसी, ट्रैक्टर, हाफ डाला, पिकअप, 6 छानना, 13 कीप, 7 कन्नी, तीन इलेक्ट्रॉनिक तराजू, दो मोबाइल, दो ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किए गए हैं।

- **नामी कंपनियों के 1835 बोरी नकली सीमेंट बरामद**

### मेरठ से कच्चा माल, शाहजहांपुर से आती थी एश

पूछताछ में ठाकुर प्रसाद ने कुबूल किया कि वह काकोरी के नरौना गांव में भी नकली सीमेंट बनाकर सप्लाई करता था। पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। ठाकुर ने बताया कि मेरठ से मित्तल नाम के व्यक्ति से कच्चा मॉल लेता था। फ्लाई एश (राख) शाहजहांपुर निवासी कमल किशोर शुक्ला, बोरियां संजीत राय से खरीदता था। इसके बाद मजदूरों की मदद से नकली सीमेंट तैयार कराता था। आरोपी ठाकुर प्रसाद के खिलाफ लखनऊ के पारा व बीकेटी के अलावा सीतापुर में मछरेहटा थाने में रिपोर्ट दर्ज है।

### 50 हजार रुपये किराये पर लिया था गोदाम

एसटीएफ की पूछताछ में सरगना ठाकुर प्रसाद ने कुबूल किया कि उसने ऋषभ अग्रवाल से 50 हजार रुपये प्रति महीना किराए पर गोदाम ले रखा था। कई वर्ष से ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली सीमेंट बनाकर बेच रहे थे। आरोपी ने कुबूल किया नकली सीमेंट की आपूर्ति बीकेटी, चिनहट, रहीमाबाद, मोहनलालगंज और आसपास के डीलरों को कम दाम पर आपूर्ति करता था। प्रत्येक बोरी पर 80 से 100 रुपये का मुनाफा कमाता था।

# शाहजहांपुर में मूंगफली बीनने गए भाइयों की करंट लगने से मौत

संवाददाता, कुर्रिया कला/शाहजहांपुर

- **खेत में फसल की सुरक्षा के लिए दोनों भाइयों ने तारों में छोड़ा था करंट**


मृतक सत्यवीर।


मृतक धर्मवीर।

**अमृत विचारः** खेत पर मूंगफली बीनने गए दो भाइयों की करंट लगने से मौत हो गई। एक भाई का हाथ बिजली के तार में छू गया और वह झुलसने लगा। दूसरे भाई ने उसे बचाने का प्रयास किया तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतकों ने स्वयं अपने खेत में लोहे के तार में करंट छोड़ रखा था।

कांट थाना क्षेत्र के बमरौली गांव निवासी 35 वर्षीय धर्मवीर गुरुवार की सुबह अपने खेत पर मूंगफली बीनने गए थे। उनके खेत के किनारे लोहे के तार लगे हुए थे। लोहे के तार में करंट आ रहा था। धर्मवीर को ध्यान नहीं था कि लोहे के तार में करंट है। उसने लोहे के तार को छुआ तो अचानक लगे करंट में वह चिपक गया। उसका छोटा भाई 30 वर्षीय सत्यवीर भाई को बचाने के लिए गया तो उसे भी करंट लग गया। दोनों भाइयों ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़कर आए और दोनों भाइयों को डंडा मारकर छुड़ाया। इसके बाद लोहे के तार में जुड़े बिजली के तार को डंडा मारकर तोड़ दिया। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और दोनों भाइयों को लेकर सीएचसी पर आए। डाक्टर ने दोनों भाइयों को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां डाक्टर ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर गए और जांच करने के बाद परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लखीमपुर खीरी में फाइबर के 20 हजार कृत्रिम मानव अंग बरामद, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


थाना गौरीफंटा परिसर में बरामद माल के साथ खड़ी पिकअप। ● अमृत विचार

- **नेपाल सीमा पर चेकिंग के दौरान कवच सेल टीम ने पकड़ा दो करोड़ का माल**

**अमृत विचारः** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार देर शाम गौरीफंटा पुलिस ने सूडा मार्ग पर एक बोलेरो से दो करोड़ एक लाख रुपये कीमत के प्लास्टिक और फाइबर के कृत्रिम अंग बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस बार भी करोड़ों का माल बरामदगी होने पर भी सरगना समेत दो आरोपी भाग निकले।

बुधवार देर शाम गौरीफंटा पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सूड़ा घाट जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध बोलेरो को रोककर तलाशी ली। इस दौरान पिकअप से प्लास्टिक के 72 बोरों में कागज की पेटी के अंदर 10,800 प्लास्टिक व फाइबर के कृत्रिम मानव अंग बरामद हुए।

पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार किए गए नईम खान निवासी सलामतनगर भट्टा थाना भीरा और कस्बा भीरा निवासी अनिल अहमद की निशानदेही पर गांव सूडा में विजय सिंह राना के घर पर छापा मारा और प्लास्टिक के 62 बोरों में कागज की पेटी के अंदर 9,300 कृत्रिम मानव अंग बरामद किए हैं। बरामद कुल 20,100 प्लास्टिक व फाइबर कृत्रिम मानव अंग की कीमत करीब दो करोड़ एक लाख रुपये है। मुख्य आरोपी मुख्य सरगना विजय सिंह राना और उसका सहयोगी सानू सिद्दीकी फरार है, जिनकी पुलिस तलाश रही है। पुलिस ने सीजर बनाकर आरोपियों समेत पकड़ा गया माल कस्टम पलिया के सुपुर्द कर दिया है।

पिकअप को सीज कर दिया है। एसपी ने बताया कि पुलिस लगातार इंडो नेपाल बॉर्डर पर सतर्क है। घटना में शामिल भागे आरोपियों की तलाश की जा रही है। सीओ यादवेंद्र सिंह ने बताया कि बरामद माल को सीज कर पिकअप और आरोपियों समेत कस्टम पलिया को सौंपा गया है।

# सोने की ईंट का झांसा दे व्यापारी से 19.50 लाख ठगे

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** दिल्ली के एक व्यापारी को उसकी पत्नी की बीमारी ठीक करने के अलावा सोने की ईंट देने का झांसा देकर ठगों ने दो महीने पहले उससे साढ़े 19 लाख रुपये ठग लिए। उन्होंने व्यापारी को ठगने के लिए तंत्र-मंत्र का दिखावा किया। अब तक वे उसको पत्नी के धीरे-धीरे ठीक होने का झांसा देते रहे। शक होने पर व्यापारी ने ईंट की जांच कराई तो वह नकली निकली।

दिल्ली के कृष्णानगर निवासी प्रॉपर्टी और फाइनेंस का बिजनेस करने वाले व्यापारी नरेश कुमार जैन ने बताया कि उनकी पत्नी को किडनी संबंधी बीमारी है। इसकी जानकारी निघासन इलाके के कुछ जालसाजों को हो गई और वह उनको तीन महीने पहले बार-बार फोन करके निघासन बुलाने लगे। फोन करने वाले ने अपना नाम संजय यादव बताते हुए उनकी पत्नी की खराब किडनी हवा और तंत्र–मंत्र से सही करने के साथ ही एक करोड़ रुपये की सोने ईंट देने की बात कही। इसमें 10 से 15 लाख रुपये का खर्च बताया। वह 23 मार्च को 10 लाख रुपये लेकर उससे मिलने पलिया आए और होटल लैंडमार्क में रुके। वहां वह युवक उनसे मिलने पहुंचा। उसने उनको अगले दिन निघासन में ढखेरवा रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप पर 11 लाख रुपये लेकर आने को कहा। उन्होंने पलिया के एक दुकानदार को ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर करके एक लाख रुपये नकद लिए और 24 मार्च को निघासन रिलायंस पेट्रोल पंप पहुंचे।

वहां कार से पहुंचा युवक उनको पलिया रोड पर किसी मजार पर ले गया। युवक ने उनसे 11 लाख रुपये, छह लाख रुपये कीमत की एक रोलेक्स घड़ी और ढाई लाख रुपये की हीरे की अंगूठी ले ली।

इसके बदले में उनको एक किलो की एक करोड़ रुपये कीमत वाली सोने की कथित ईंट दी। उसके बाद उनको दिल्ली वापस भेज दिया। व्यापारी ने जब जांच कराई तो तो ईंट नकली निकली।

# महिला को सांड़ ने पटक-पटक कर मार डाला


मृतका विद्यावती।

**अमरोहा, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के दमगडा गांव में छुट्टा सांड़ ने रात में अपने घर में सो रही महिला को चारपाई से उठाकर पटक-पटक कर मार डाला। पति बचाने आया तो उस पर भी हमला कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने साड़ों को पकड़वाने की मांग की।

दमगडा गांव निवासी हजारी सिंह खडगवंशी की पत्नी विद्यावती (55) अपने परिवार के सदस्यों के साथ वुधवार रात घर में सो रही थी। घर के मुख्य द्वार पर दरवाजा नहीं लगा था। रात लगभग 2 बजे एक सांड़ घर में घुस गया तथा चारपाई पर सो रही विद्यावती को सींगों पर उठाकर करीब 10 फीट दूर ले जाकर पटक-पटक कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल महिला को गांव के निजी चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर


साइबर ठगी के आरोपियों के साथ खुलासा करते एसएसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक ऐसे साइबर ठगी के शातिर गैंग का पर्दाफाश कर दिया है। जिन्होंने ट्रायल के तौर पर महज 49.999 हजार की साइबर ठगी को अंजाम दिया था। जब खुलासा हुआ तो 10 सदस्यीय गैंग के कारनामे बड़े निकले। प्रारंभिक जांच में खाते से करोड़ों के लेनदेन के साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार चार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जबकि फरार चार साइबर ठगों की तलाश तेज कर दी है।

गुरुवार को पर्दाफाश करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 29 मई 2025 को हरबंस लाल ने साइबर ठगों द्वारा 49 .999 हजार की ठगी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। देखने में तो यह साइबर ठगी की छोटी घटना लग रही थी, लेकिन जब कोतवाली पुलिस एवं एक्सपर्ट की संयुक्त टीम ने तफ्तीश की तो प्रारंभिक जांच में काशीपुर के रहने वाले मनोज सैनी और अजय सैनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

साइबर ठगी के खेल में दो नहीं, बल्कि दस सक्रिय साइबर ठगों की सक्रियता है। तफ्तीश के दौरान सूचना मिली कि 5 जून को मुरादाबाद निवासी पुष्पेंद्र उर्फ पोरस और सत्यपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आगरा निवासी रितिक सोलंकी और बिजनौर निवासी विशु राज मौर्या उर्फ ब्योम मौर्या को भी गिरफ्तार कर लिया।

### तीन करोड़ के लेनदेन के मिले सबूत

**रुद्रपुर :** 30 मई को गिरफ्तार मनोज सैनी व अजय सैनी से हुई पूछताछ में पता चल गया था कि मनोज सैनी साइबर ठगी का पैसा मनोज सैनी के खाते में जाता था और अजय सैनी के माध्यम से पुष्पेंद्र व सत्यपाल को हस्तांतरित होता था। जांच में यह भी पाया कि कई खातों से तीन करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ है। जिसकी कमीशन के तौर पर मनोज सैनी को 70 हजार रुपये भी मिले थे।

# वैली ब्रिज के ठेकेदार पर केस 3 इंजीनियर किए निलंबित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- **मंगलवार को भरभरा कर गिर गया था थराली के रतगांव में निर्माणाधीन वैली ब्रिज**

**अमृत विचार :** वैली ब्रिज गिरने के मामले में शासन स्तर से कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इसमें सबसे पहले ब्रिज का निर्माण करने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के तीन इंजीनियरों को भी निलंबित कर दिया गया। वैली ब्रिज टूटने से 4000 हजार से अधिक की आबादी का शहर से संपर्क टूट गया है।

थराली तहसील के रतगांव के ढाढ़रबगड़ गदेरे में निर्माणाधीन बैली ब्रिज के क्षतिग्रस्त होने के मामले में विभाग ने एक्शन लिया है। लोक निर्माण विभाग के अफसर के निर्देश पर अवर अभियंता ने थाना थराली में ठेकेदार के खिलाफ तहरीर दी। बता दें कि मंगलवार को रतगांव की चार हजार से अधिक आबादी को जोड़ने के लिए ढाढ़रबगड़ के घटगाड़ गदेरे पर लोनिवि की ओर से निर्माणाधीन वैली ब्रिज टूटकर गदेरे में जा गिरा। इस पुल की लंबाई लगभग 60 मीटर और लागत 2.80 करोड़ रुपये थी। विभागीय लापरवाही इस कदर रही कि ठेकेदार के श्रमिकों की ओर से बैली ब्रिज के बर्थ (रस्से) और सपोर्ट एक साथ हटा दिए गए। पुल भार नहीं झेल सका और टूटकर गदेरे में जा गिरा।

डुंग्री-रतगांव मार्ग पर घटगाड़ गदेरे में 60 मीटर लंबे वैली ब्रिज बनाने की स्वीकृति शासन ने वर्ष 2024 में दी थी। लोनिवि ने इस ब्रिज का निर्माण दो माह पूर्व शुरू किया था। पुल का काम लगभग पूरा हो गया था। निर्माण कार्यों का समुचित पर्यवेक्षण और अनुश्रवण न करने पर अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता नवीन लाल और सहायक अभियंता आकाश हड़िया को निलंबित कर दिया है।

# एक करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी एमपी से दबोचा

**अल्मोड़ा,अमृत विचारः** द्वाराहाट के बग्वालीपोखर में चिट फंड कंपनी के नाम पर निवेशकों से एक करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी चेयरमैन को पुलिस ने मिसरोद मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले पांच साल से फरार चल रहा था। फरवरी 2021 में चमना छानागोलू निवासी प्रकाश सिंह ने द्वाराहाट थाने में तहरीर सौंपी थी।

तहरीर में कहा कि साई राम बिलटेक लिमिटेड, श्री राम मल्टी प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड और अनन्या आरटीएम सैल एण्ड मार्केटिक प्राईवेट लिमिटेड कंपनी ने वर्ष 2014 में मेन मार्केट बग्वालीपोखर में अपना कार्यालय खोला। आरोपी संजय सिंह मेवाड़ा पुत्र बहादुर सिंह मेवाड़ा, निवासी ढावलाधीर (ढावलामाता) थाना-काला पीपल शाजापुर मध्य प्रदेश ने कंपनी के दस्तावेज और रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र दिखाकर लोगों को निवेश के लिए प्रेरित किया।

# काशीपुर में कांग्रेस के पूर्व आईटी सेल प्रभारी ने फांसी लगाई

संवाददाता, काशीपुर


नितिन कौशिक।

**अमृत विचारः** कांग्रेस पार्टी के पूर्व आईटी सेल प्रभारी नितिन कौशिक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस को मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में पारिवारिक कारणों से आत्महत्या करने की बात कही गई है।

दुर्गा कॉलोनी कृष्ण प्रणामी मंदिर के पास निवासी नितिन कौशिक (48) पुत्र देवेंद्र सिंह कौशिक ने बृहस्पतिवार की सुबह करीब दस बजे घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक दो बहनों का इकलौता भाई था। एक भाई की कई साल पहले ही मौत हो चुकी है। वह वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे। उन्होंने बीते नगर निगम चुनाव में कांग्रेसी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में अहम भूमिका निभाई थी। जानकारी के अनुसार शव के पास एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इसकी पुलिस जांच में जुटी है। वहीं महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने बताया कि नितिन आईटी सेल के प्रभारी भी रह चुके थे। अचानक उनके निधन से क्षुब्ध हूं। एडवोकेट संदीप सहगल, एडवोकेट सचिन नाडिग, राशिद फारूखी, अनीस अंसारी आदि ने शोक व्यक्त किया। अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा महानगर काशीपुर ने जगदीश प्रेरणा भवन में शोक सभा आयोजित की। इसमें ब्राह्मण सभा समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष पं. नितिन कौशिक के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया।

## एक नजर

### विक्षोभ से तापमान में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में मौसम के बदलते मिजाज के बीच फिलहाल गर्मी का मौसम बीत रहा है। वहीं, पाकिस्तान से आने वाले विक्षोभ से तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रदेश में पिछले दो दिनों से बारिश के बीच मौसम पूरी तरह से बदला नजर आ रहा है। राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में बारिश और तेज हवा का असर देखने को मिला है। जिसकी वजह से मौसम सुहाना है। हालांकि मौसम विभाग ने अब मौसम के पूरी तरह से बदल जाने की संभावना प्रकट की है। इधर, प्रदेश में 6 जून से बारिश का भी सिलसिला थम जाएगा। आने वाले दिनों में प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 6-7 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर स्थानीय स्तर पर कोई विक्षोभ नहीं बनते हैं तो 12-13 जून को पाकिस्तान की ओर से नया विक्षोभ भाव डालेगा। इससे पहले तापमान बढ़ेगा लेकिन बाद में गिरावट आएगी।

### योग दिवस को तैयार किए जा रहे मास्टर योग ट्रेनर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष विभाग योग दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों व ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम का आयोजन कराएगा। इसके लिए मास्टर योग ट्रेनर तैयार किये जा रहे हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष आयुष मंत्रालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग' रखी गई है। आयुष मंत्रालय की ओर से 10 महत्वपूर्ण इवेंट मनाये जा रहे हैं। आयुष विभाग के महानिदेशक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आयुष महाविद्यालय राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज, राजकीय तकमील उत्तिब यूनानी कालेज, गोयल आयुर्वेदिक कालेज, सरदार पटेल आयुर्वेदिक कालेज, एन्क्राइट आयुर्वेदिक कालेज, आरजीएस आयुर्वेदिक कालेज, एसआरबी आयुर्वेदिक कालेज, योग विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय व बाबू युगराज सिंह आयुर्वेदिक कालेज के छात्र-शिक्षक, पतंजलि योग संस्थान, तत्वमसि आर्ट आफ लिविंग आदि से जुड़े लगभग एक हजार लोग राजभवन लॉन में अभ्यास के लिये आ रहे हैं।

# योगी ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण पर जोर

## मुख्यमंत्री ने आवास पर लगाया बेल का पौधा, विश्व पर्यावरण दिवस को योगी के जन्मदिन ने बनाया और खास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस और अपने जन्मदिन की शुरुआत पूजा-पाठ के बाद पौधरोपण से की। सरकारी आवास पर गुरुवार सुबह बिल्व (बेल) का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। 'एक्स' पर लिखा कि माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।

विश्व पर्यावरण दिवस को मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन ने और खास बना दिया। उनके आवास पर मंत्रियों, अधिकारियों समेत तमाम गणमान्य लोगों का सुबह से ही तांता लगा रहा। इस दौरान वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं व स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (वन/पर्यावरण) अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) पीपी सिंह, लखनऊ की मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह आदि की मौजूदगी रही। मुख्यमंत्री योगी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं।



अपने जन्मदिन पर सरकारी आवास पर पौधा रोपित करते मुख्यमंत्री योगी।

### भाजपा ने शुरू किया एक पेड़ मां के नाम अभियान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया। सभी जिला मुख्यालयों पर पौधरोपण करते हुए जिला स्तर पर अभियान भी शुरू हो गया है। 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 5 अगस्त तक बूथ स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा अपने हर कार्यक्रम के बाद पौधरोपण करेगी। साथ ही, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि वृहद स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रमों से जुड़ेंगे।

### शिक्षामित्रों ने पौधरोपण कर जाहिर की व्यथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन और पर्यावरण दिवस के मौके पर जहां पूरे प्रदेश में पौधे लगाए जा रहे थे, वहीं लखनऊ के ईको गार्डन में शिक्षामित्रों ने एक अलग ही अंदाज में अपनी व्यथा जाहिर की। उन्होंने पौधारोपण कर सरकार को यह प्रतीकात्मक संदेश दिया कि जैसे पौधा पालन-पोषण पाकर एक दिन छांव देने वाला पेड़ बनता है, वैसे ही 25 वर्षों से शिक्षा की जमीन पर सेवाएं दे रहे शिक्षामित्र भी अब सम्मानजनक वेतन के हकदार हैं। शिक्षक-शिक्षामित्र उत्थान समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में 27 मई से धरने में बीटीसी और टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण शिक्षामित्र हर दिन रचनात्मक तरीके से अपनी मांगें रख रहे हैं।

# मुख्यमंत्री को जन्मदिन पर बधाई देने को लगा रहा तांता

- योगी ने यूपी के विकास के लिए अथक काम किया : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रदेश सरकार के शीर्ष पदाधिकारियों समेत देश-विदेश से गुरुवार को शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ, लोकप्रिय मुख्यमंत्री और हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स दिनभर छाए रहे। मुख्यमंत्री ने सभी का शुभकामनाओं के लिए आभार जताते हुए राज्य के निरंतर विकास का संकल्प दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में यूपी के विकास के लिए अथक काम किया है, जिससे राज्य के लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उन्हें लंबी और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पार्टी नेताओं ने ने योगी की उपलब्धियां गिनाते हुए बधाई दी।

### सोशल मीडिया पर भी चला योगी मैजिक

योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन को सोशल मीडिया यूजर्स और कार्यकर्ताओं ने एक उत्सव के रूप में मनाया। हैशटैग, लोकप्रिय मुख्यमंत्री, हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स पूरे दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ट्रेंड करते रहे। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश समेत लगभग सभी भाजपा शासित राज्यों के आधिकारिक और पार्टी हैंडल्स ने बधाई संदेश प्रसारित किए।

# 10 हजार करोड़ के निवेश से बनेगा टेक्सटाइल पार्क

## लखनऊ-हरदोई सीमा पर मास्टर डेवलपर की चयन प्रक्रिया ने पकड़ा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-हरदोई सीमा पर प्रस्तावित पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क के विकास के लिए मास्टर डेवलपर के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 10 हजार करोड़ के निवेश से स्थापित होने जा रहे इस टेक्सटाइल पार्क से 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। पीपीपी मोड पर विकसित होने वाले इस पार्क के लिए केंद्र सरकार दो चरणों में 500 करोड़ रुपये देगी। चयनित मास्टर डेवलपर को 50 वर्षों की रियायत अवधि पर परियोजना दी जानी प्रस्तावित है। इसके लिए चयनित भूमि को एसपीवी को 99 वर्ष की लीज पर प्रति वर्ष प्रति एकड़ 1 रुपये की दर से हस्तांतरित किया जा चुका है।

परियोजना पूरी होने पर स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट्स को योगी सरकार द्वारा विभिन्न मदों में छूट देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। मास्टर डेवलपर पार्क के लेआउट, सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का डिजाइन तैयार करेगा। मास्टर डेवलपर ही पूरे टेक्सटाइल पार्क का निर्माण करेगा, जबकि सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि के साथ ही निजी निवेश से परियोजना को गति दी जाएगी।

निर्माण के बाद मास्टर डेवलपर पार्क का संचालन और प्रबंधन करेगा, जबकि रियायत अवधि समाप्त होने के बाद पार्क का स्वामित्व और संचालन अधिकार राज्य सरकार और एसपीवी को वापस सौंप दिया जाएगा। केंद्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स मास्टर डेवलपर को कोर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए दो चरणों में 500 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। पार्क का विकास, विपणन और संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा सभी संबंधित राज्यों से विस्तृत विचार विमर्श के बाद मॉडल बिड अभिलेख आरएफपी एवं ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट (डीसीए) तैयार किया गया है।

### 51% शेयर यूपी, शेष 49 प्रतिशत केंद्र सरकार का

वहीं, योगी सरकार इंडस्ट्रियल यूनिट्स को लैंड कॉस्ट सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी, कैपिटल सब्सिडी, इंट्रेस्ट सब्सिडी, पावर सब्सिडी, इंप्लॉयमेंट सब्सिडी और फ्रेट सब्सिडी के रूप में इंसेटिव्स देगी। पार्क के विकास एवं संचालन के लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त स्वामित्व वाले स्पेशल पर्पज वेहिकल (एसपीवी) द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस एसपीवी में 51 प्रतिशत शेयर उत्तर प्रदेश सरकार का होगा एवं शेष 49 प्रतिशत भारत सरकार का।

### मंत्रिपरिषद की मुहर लगनी होगी आवश्यक

राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि पार्क के लिए 1000 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही चार लेन सड़क कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति और पानी की आपूर्ति सहित वाह्य बुनियादी ढांचे का विकास करे। योजना से संबंधित आरएफपी दस्तावेज और ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट को अंतिम रूप देकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समिति की सिफारिशें उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद को अनुमोदन के लिए भेजी जाएंगी।

> चयनित मास्टर डेवलपर वैश्विक मानकों के अनुसार मास्टर प्लान तैयार करने और एसपीवी के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा। पार्क के अंदर की अवस्थापना का विकास मास्टर डेवलपर द्वारा अपने जोखिम और लागत पर किया जाएगा। साथ ही वह विपणन, संचालन और रख रखाव के लिए भी उत्तरदायी होगा। – राकेश सचान, मंत्री (एमएसएमई)

# लखनऊ व गोरखपुर मंडल को मिली घायल वन्य जीवों के लिए एमवीयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन एवं वन्य जीव विभाग ने प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस और अन्य घायल वन्य जीवों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गोरखपुर और लखनऊ मंडल में मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल से दोनों मंडल के पक्षी विहार और वन प्रभागों में घायल होने वाले पक्षियों और वन्य जीवों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल को भी यह सुविधा देने की तैयारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि उप्र सारस संरक्षण समिति की ओर से लंबे समय से मोबाइल वेटनरी यूनिट की मांग की जा रही थी। विभाग ने गोरखपुर और लखनऊ मंडल में एमवीयू की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल के साथ प्रदेश के अन्य मंडलों के लिए भी ये सुविधा शुरू करने का प्रयास है।

# विधानभवन में डॉ. हेडगेवार के चित्र का अनावरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को उप्र. विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार के चित्र का अनावरण किया। इस दौरान विधान भवन परिसर में महाना ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा देश की पहली विधान सभा बनी है, जहां डॉ. हेडगेवार जी का चित्र स्थापित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। उन्होंने कहा, डॉ. हेडगेवार ने समाज के प्रत्येक नागरिक के चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रहित में समर्पण पर विशेष बल दिया।


डॉ. हेडगेवार के चित्र का अनावरण करते विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना।

# बिजली कर्मी दंडित हुए तो तेज होगा आंदोलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र. ने कहा कि अगर बिजली अभियंता दंडित हुए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। समिति ने निजीकरण प्रक्रिया में निजी घरानों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में प्रशासनिक आधार पर अभियंताओं का स्थानांतरण किये जाने के सम्बन्ध में बिजली कर्मियों में गुस्सा फैल गया है। उन्होंने कहा कि झूठा शपथ पत्र देने वाली सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन को 'क्लीन चिट' दी गई है। इससे निजी घरानों से मिलीभगत साफ नजर आ रही है। निजी घरानों को लाभ दिलाने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर प्रबंधन घाटा दिखाया जा रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि लाखों करोड़ रुपये की परिसम्पत्तियां निजी घरानों को कौड़ियों के मोल बेचने के लिए साजिश रची जा रही है। इस बीच, 190वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेशव्यापी विरोध-प्रदर्शन जारी रखा।

### कंपनियों को कम लागत पर बेचने की तैयारी का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया कि इक्विटी के आधार पर बिजली कंपनियों को कम लागत पर बेचने की तैयारी चल रही है। परिषद ने सलाहकार कंपनी से जुड़े लोगों की 'कॉल डिटेल' की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि 42 जिलों वाले पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की कुल संपत्ति लगभग 90,925 करोड़ की हैं। दोनों कंपनियों की कुल इक्विटी शेयर कैपिटल लगभग 53,886 करोड़ है। ऐसे में कम लागत पर बेचने की साजिश पर सीबीआई जांच की जरूरत है।

### पुलिस विभाग 64 करोड़ 65 लाख से खरीदेगा पिस्तौल व कारतूस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में जल्द ही पुलिस बल अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने पुलिस विभाग को 64 करोड़ 65 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इस बजट से 8600 पिस्तौल समेत लाखों कारतूस खरीदे जाएंगे। उप्र. शासन में विशेष सचिव दिनेश कुमार ने पूर्व में जारी शासनादेशों के सापेक्ष गुरुवार को 64 करोड़ 64 लाख 51 हजार 225 रुपये का बजट अपर पुलिस महानिदेशक उप्र. को जारी किया। जारी बजट में नौ एमएम की प्रति पिस्तौल 29,950 रुपये के आधार पर कुल 5600 पिस्तौल खरीद के लिए 16 करोड़ 77लाख 20 हजार रूपए जारी किए गए हैं, पिस्तौल में चलने के लिए 3.8 लाख कारतूस खरीदी जाएंगी।

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर भाजपा के पास कोई विजन नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की विकास के लिए न तो कोई योजना है और नहीं जनजीवन की सुरक्षा के लिए कोई विजन है। पर्यावरण की समस्या वर्तमान की ज्वलंत समस्या है। वनसंपदा नष्ट होती जा रही है, नदियां सूख रही हैं, तालाब मिटते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग से धरती पर जिंदगी खतरे में है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जारी बयान में कहा कि नदियां जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार गंगा-जमुना या गोमती पर सिर्फ सियासत करती है।



नदी की सफाई की जगह केवल फंड का सफाया करना उसका ध्येय है। नदियों के नाम पर ठगने में भी भाजपा माहिर है। नमामि गंगे योजना में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। करोड़ों रुपये का बजट बह गया फिर भी मां गंगा साफ नहीं हुईं। नमामि गंगे योजना जुमला बनकर न जाने कहां चली गयी है।

# उत्तर प्रदेश को केंद्रीय करों में ज्यादा हिस्सा मिलेगा

- वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जतायी संभावना
- अप्रैल, मई में राजस्व से 35563.74 करोड़ रुपये आए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश को केंद्रीय करों में ज्यादा हिस्सा मिलने की संभावना जतायी है।

सुरेश खन्ना के मुताबिक, बुधवार को 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के समक्ष केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 20.47 प्रतिशत करने की मांग की गई। आयोग से अपेक्षा की गई है कि राज्य को केंद्रीय करों में कम से कम 19.76 प्रतिशत की हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि अभी केंद्रीय करों से राज्यों को दी जाने वाली कुल धनराशि में से राज्य की हिस्सेदारी 17.93 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले दो महीने अप्रैल व मई में राजस्व प्राप्ति पर आयोजित पत्रकारवर्ता में बताया कि, बुधवार को केंद्रीय वित्त आयोग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विस्तार से उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और आवश्यकताओं को बताया। आयोग को बताया कि राज्य ने कर्ज को कम करने के साथ ही कर राजस्व को बेहतर किया है।

### राजस्व से खजाने में 35563.74 करोड़ रुपये आए

सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले दो महीने अप्रैल व मई में मुख्य कर व करेत्तर राजस्व से राज्य के खजाने में 35563.74 करोड़ रुपये आए। यह धनराशि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल व मई माह में मिले राजस्व से 1052.10 करोड़ रुपये अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में मई तक 34511.64 करोड़ रुपये मिले थे। चालू वित्तीय वर्ष में मई तक जीएसटी से 14152.41 करोड़ रुपये, वैट से 4006.78 करोड़ रुपये, आबकारी से 9187.96 करोड़ रुपये, स्टांप तथा निबंधन से 5676.76 करोड़ रुपये, परिवहन से 1981.63 करोड़ रुपये तथा भूतत्व तथा खनिकर्म राजस्व के मद में 558.10 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में मई माह तक राजस्व प्राप्ति लक्ष्य 48535.87 करोड़ रुपये था जिसके मुकाबले 35563.74 करोड़ रुपये राजस्व हासिल हुए।

## वर्ग पहेली- 453

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो; टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठीख् अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।




### वर्ग पहेली -452 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | | | 2 कृ |
| व | | | 3 पै | | पा |
| 4 डे | ढ़ी | | 5 गं | धा | लु |
| र | | | ब | | |
| | 6 झिं | गा | र | 7 ना | |
| 8 पू | | | | जु | |
| ती | | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू -177

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 9 | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | | | | |
| 3 | | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | | | | | 8 |

### सुडोकू - 176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- एकादशी 7 जून 04.47 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पश्चिम। **ऋतु**– ग्रीष्म।
चन्द्रबल– मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल– अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र– हस्त 06.34 तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। घर की साफ-सफाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष** – आज अपने आत्मविश्वास के कारण अधिकारियों से प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारो से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन** – आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह** – आज आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** – आज जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। आपके जनसम्पर्क का दायरा मजबूत होगा। घर का माहौल अत्यन्त अनुशासित रहने वाला है।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शान्तिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवायें। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य प्रारम्भ होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा।

**वृश्चिक** – आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे। व्यापार में नये अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है।

**धनु** – आज आप कार्यक्षेत्र में काफी सक्रिय रहेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मकर** – आज नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है। आपको इच्छित जगह पर स्थानान्तरण मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक हो सकती है। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**मीन** – आज प्रभावशाली लोगों के मध्य आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिन्ता हो सकती है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है।

## एक नजर

### फ्लिपकार्ट को रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली।** वालमार्ट समर्थित ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट ने बताया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों ने बताया कि इस कदम से फ्लिपकार्ट के लिए ग्राहकों को सीधे ऋण देने का रास्ता साफ हो सकता है। उन्होंने ऐसे विशिष्ट उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें ग्राहक कई बार अपने द्वारा चुने गए उत्पादों के भुगतान के लिए ईएमआई मॉडल चुनते हैं।

### मई में 211 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण लेनदेन

**नई दिल्ली।** आधार धारकों ने मई 2025 में 211 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण लेनदेन किए, जिससे ऐसे लेनदेन की स्थापना के बाद से अब कुल संख्या 15,223 करोड़ से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त मई 2025 में 15 .49 करोड़ फेस प्रमाणीकरण लेनदेन दर्ज किए गए। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस संबंध आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मई में आधार प्रमाणीकरण लेनदेन पिछले महीने की तुलना में अधिक हैं।

# रेपो दर में 0.25% कटौती की उम्मीद

## रियल एस्टेट कंपनियों ने कहा- इससे मकानों की मांग बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जताई है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती होनी चाहिए। पटेल ने कहा, पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।

आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की है। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

हरिबाबू ने कहा, इसलिए रेपो दर में कटौती से न केवल आवास की मांग बढ़ेगी, बल्कि समग्र आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा।



• क्रेडाई और नारेडको का दावा- रेपो रेट घटने कई क्षेत्रों पर पड़ेगा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव

### गवर्नर मल्होत्रा आज पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न व्यापार तनाव से वैश्विक आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद है। आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई थी। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि मल्होत्रा छह जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई इस बार भी रेपो में 0.25 प्रतिशत कटौती करेगा। हालांकि, एसबीआई की शोध रिपोर्ट में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की बात कही गई है।

## दूसरे दिन भी सेंसेक्स 444 अंक ऊपर चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 912.88 अंक बढ़कर 81,911.13 पर पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली हावी होने से बढ़त सीमित हो गई।

## एआई इंजन 'नमस्ते' देगा होटल उद्योग की प्रामाणिक जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र के बारे में मनचाही जानकारी जुटाने के एक मंच के तौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सर्च इंजन 'नमस्ते' पेश किया गया है। इसकी मदद से कुछ सेकंड में ही आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकता है।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) और कोलकाता स्थित वैश्विक गहन-प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता एन्टिओबी टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को इसे राष्ट्रीय राजधानी में पेश किया। इसका उद्देश्य एआई का इस्तेमाल कर सीखने, निर्णय लेने और नवाचार को सशक्त बनाना है, ताकि आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो।

आईआईएचएम के चेयरमैन सुबर्नो बोस ने इस बारे में कहा, यह आतिथ्य के बारे में सीख देने के तरीके और भविष्य में आतिथ्य व्यवसाय के संचालन के तरीके को बदलने जा रहा है। 'नमस्ते जीपीटी' छात्रों, शिक्षकों और आतिथ्य व्यवसाय चलाने वालों के लिए एक अविश्वसनीय सहायक साबित होगा। उन्होंने इसे आतिथ्य का भविष्य बताते हुए कहा कि यह काम को अधिक कुशल, व्यवस्थित और सुगठित बना देगा। इसके अलावा यह मौजूदा समय में कार्यों पर खर्च किए जाने वाले समय को आधे से भी कम कर देगा।



• एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

# रेटिंग में सीमा पर तनाव का रखेंगे ख्याल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज भारत की रेटिंग का मूल्यांकन करते समय भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के संघर्ष पर भी विचार करेगी। एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रेटिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों ने यहां वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। मूडीज ने इस समय भारत को स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीएए-3' रेटिंग दी हुई है जो सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है। एक सूत्र ने कहा, "रेटिंग एजेंसी अपने सरकारी रेटिंग मूल्यांकन में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को भी ध्यान में रखेगी।" जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाकों में मौजूद आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था।



• मूडीज ने वित्त मंत्रालय के अफसरों से मुलाकात के दौरान की घोषणा

मूडीज ने पिछले महीने कहा था कि दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ा आर्थिक गतिरोध नहीं आएगा। लेकिन यह पाकिस्तान के लिए एक झटका होगा क्योंकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और वृद्धि को प्रभावित कर सकता है। मूडीज को इससे भारत की आर्थिक गतिविधि में बड़े व्यवधान की आशंका नहीं है क्योंकि इसके पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंध बहुत कम हैं। हालांकि, मूडीज ने पिछले महीने वर्ष 2025 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमानों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

## शुल्क पर स्थगित वार्ता के बीच ट्रंप ने की शी चिनफिंग से बात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को बातचीत की। यह वार्ता ऐसे समय हुई है, जब दोनों देशों के बीच शुल्क वार्ता स्थगित होने से वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हुई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बातचीत की पहल की। अमेरिका की तरफ से फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि चिनफिंग के साथ किसी समझौते पर पहुंच पाना मुश्किल है। ट्रंप ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मैं शी को हमेशा पसंद करता हूं, करता रहा हूं और करता करूंगा। लेकिन वह बहुत सख्त हैं और उनके साथ कोई समझौता कर पाना बेहद मुश्किल है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता, 12 मई को दोनों देशों के बीच शुल्क दरों को कम करने के समझौते के तुरंत बाद कुछ समय के लिए रुक गई थी। हालांकि अन्य मुद्दों पर वार्ता जारी रही।

# भारत-किर्गिस्तान के बीच द्विपक्षीय संधि लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिस्तान के विदेश मंत्री झीनबेक कुलुबाएव मोल्दोकनोविच ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय निवेश संधि को लागू करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस संधि से भारत और किर्गिस्तान के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने और सीमापार निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

भारत सरकार और किर्गिज गणराज्य की सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब यह संधि पांच जून, 2025 से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नई निवेश संधि 12 मई, 2000 को लागू पिछले समझौते की जगह लेगी।



• नई संधि ने जून 2019 में बिश्केक में हुए बीआईटी की जगह ली

• टिकाऊ वृद्धि पर जोर, पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना प्रमुख विशेषता

मंत्रालय ने कहा, भारत-किर्गिज बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षित एवं पूर्वानुमानित निवेश परिवेश को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य दूसरे देश के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है।

बीआईटी की कुछ विशेषताओं में टिकाऊ वृद्धि पर जोर देना और सबसे पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना शामिल है। द्विपक्षीय निवेश संधि में कुछ अपवाद भी हैं। इसका मतलब है कि सरकारें कुछ मामलों में अपनी नीतियों को लागू करने के लिए स्वतंत्र रहेंगी। इनमें पर्यावरण, लोगों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सार्वजनिक नैतिकता और व्यवस्था बनाए रखने जैसे अपवाद शामिल हैं। इसके अलावा निवेशकों और सरकार के बीच कोई विवाद होने पर पहले स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आईबीसीए प्रमुख को क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के महानिदेशक एसपी यादव को भारत में 'बंगाल टाइगर' की आबादी को विलुप्ति के कगार से बचाने में उत्कृष्ट योगदान पर 'क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को 'भूगोल का ऑस्कर' कहा जाता है जिसे 2012 में रूसी भूगोल सोसायटी ने स्थापित किया था। यादव को यह पुरस्कार 29 मई को 'मास्को इंटरनेशनल हाउस ऑफ म्यूजिक' में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### 21वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**पुणे।** पुणे में एक आवासीय इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीया महिला आईटी पेशेवर ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिंभिरे ने 31 मई को हिंजवडी इलाके में आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के करीब 4 :30 बजे महिला दोपहिया वाहन से क्राउन ग्रीन सोसाइटी पहुंची, इसके बाद वह 21वीं मंजिल पर अपने दोस्त के घर गई और वहां से छलांग लगा दी। महिला ने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें लिखा है, मेरी जीने की इच्छा खत्म हो चुकी है। मैं अब नहीं जीना चाहती।

### कोरोना संक्रमण से सात और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### स्कूल में बाउंसर रखने पर हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका को शुल्क विवाद के कारण अपने परिसर में छात्रों के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसर का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थान में इस तरह की प्रथा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्तीय चूक के कारण किसी छात्र को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना और डराना न केवल मानसिक उत्पीड़न है, बल्कि इससे बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचती है।

# हाईकोर्ट कराए भगदड़ की जांच: भाजपा

## कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- आरसीबी की विक्ट्री परेड में हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा ने गुरुवार को आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ की घटना की मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से न्यायिक जांच करवाने और प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भगदड़ के लिए कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि यह घटना शासन की आपराधिक विफलता दर्शाती है। विजयेंद्र ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर घोर लापरवाही के ज़रिए जश्न को तबाही में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह कोई दुर्घटना नहीं थी, इसे टाला जा सकता था और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि राज्य सरकार अपने लोगों की सुरक्षा करने के अपने मौलिक कर्तव्य में विफल रही। जब दो लाख से ज्यादा प्रशंसक जमा हुए थे, तब भीड़ को नियंत्रित करने, पुलिस की कोई तैयारी नहीं थी और कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल भी नहीं था।



• भीड़ नियंत्रित करने को नहीं थी कोई तैयारी, मृतकों के परिवार को 50 लाख रुपये दे सरकार

### सरकार शोक में, भाजपा कर रही राजनीति: डीके

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जश्न के दौरान हुई भगदड़ की घटना को व्यक्तिगत- पारिवारिक त्रासदी' बताते हुए कहा कि इस घटना से राज्य सरकार गहरे सदमे और दुख में है। किसी ने भी इतनी भारी भीड़ की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, भाजपा और जद-एस हमेशा राजनीति करते हैं। शिवकुमार ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री सदमे में हैं। गृह मंत्री सदमे में हैं। पूरी सरकार शोक में है। कुछ मिनट पहले मैं रो रहा था। ये हमारे लोग थे। नुकसान हमारा है। कर्नाटक और बेंगलुरु की छवि को नुकसान पहुंचा है। परिवारों को नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार इस दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेती है और वह इस चूक की पूरी जांच करेगी।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि जब स्टेडियम में अराजकता फैली हुई थी, तब मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उनके डिप्टी डीके शिवकुमार और अन्य कैबिनेट सहयोगी विधान सौध के पास आईपीएल खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब मौतों की खबरें पहले से ही आ रही थीं, मंत्री फोटो सेशन में व्यस्त थे। यह असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है।

मुख्यमंत्री के इस बयान पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कि यह त्रासदी स्टेडियम में हुई थी, न कि सरकार की सीट के पास विजयेंद्र ने कहा, यह जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। जब लाखों लोग जश्न एकत्र हुए, तो पुलिस को विधान सौध के आसपास वीआईपी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। राज्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा।

## उत्तरी सिक्किम में फंसे 59 पर्यटक किए एयरलिफ्ट

**गंगटोक।** मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किए गए बचाव अभियान के तहत अत्यधिक बारिश से प्रभावित उत्तरी सिक्किम से 59 पर्यटकों को बृहस्पतिवार सुबह गंगटोक लाया गया। ये लाचुंग में करीब एक सप्ताह से फंसे तकरीबन 109 पर्यटकों में शामिल थे। सुबह गंगटोक के पास पाकयोंग हवाई अड्डे से दो एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर उत्तरी सिक्किम के चातेन रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलीकॉप्टर से 39 पर्यटक लौटे, दूसरे हेलीकॉप्टर से 20 को लाया गया। इनमें दो विदेशी शामिल हैं। सिक्किम राष्ट्रीयकृत परिवहन ने इन पर्यटकों को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचाने के लिए बसें तैनात की हैं। जो लोग हवाई मार्ग से सिलीगुड़ी के निकट बागडोगरा जाना चाहते हैं, उनके लिए पाकयोंग हवाई अड्डे पर अतिरिक्त हेलीकॉप्टर रखा गया है।

# राजनीतिक वर्ग के बीच आपसी समझ बनी रहनी चाहिए: भागवत

**नागपुर, एजेंसी**

• कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह में बोले संघ प्रमुख

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत की कार्रवाई के पश्चात राजनीतिक वर्ग में दिखी आपसी समझ जारी रहनी चाहिए और एक स्थायी विशेषता बननी चाहिए।

भागवत ने संघ स्वयंसेवकों के लिए आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, इस जघन्य आतंकी हमले के बाद लोग दुखी और आक्रोशित थे और चाहते थे कि दोषियों को सजा मिले। कार्रवाई की गई और सजा दी गई। भागवत ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की गई कार्रवाई में सभी ने देश के निर्णय करने वालों का साहस देखा।

उन्होंने कहा, पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के बाद कार्रवाई की गई। इसमें एक बार फिर हमारी सेना का पराक्रम दिखा। प्रशासन की दृढ़ता भी देखने को मिली। आरएसएस प्रमुख ने कहा, राजनीतिक वर्ग ने आपसी समझ दिखाई। समाज ने एकता का संदेश दिया। यह जारी रहना चाहिए।

### नए सीमा प्रहरी



देश की सेना को बृहस्पतिवार को सीमाओं की रक्षा के लिए अग्निवीरों का नया बैच मिला। श्रीनगर के जेएकेएलआई रेजिमेंटल सेंटर में गुरुवार को हुई पासिंग आउट परेड में शामिल अग्निवीर। एजेंसी

## देशभक्त टिप्पणी कांग्रेस के लिए नहीं थी: सलमान खुर्शीद

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर भारत का पक्ष रखने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'देशभक्त' संबंधी उनकी टिप्पणी पार्टी के लिए नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए थी जो खुद को देशभक्त नहीं मानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी उनके नेता हैं और वह सरकार के बारे में जो भी कह रहे हैं, उससे वह सहमत हैं। खुर्शीद ने बीते सोमवार को कहा था कि यह दुखद है कि देश में लोग राजनीतिक निष्ठाओं का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया था कि क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है।

## निर्वाचन आयोग की नई प्रणाली के जरिए तेज होगी चुनाव बाद आंकड़ों की रिपोर्टिंग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चुनाव के बाद विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी प्रणाली को एक उन्नत तंत्र के जरिए सुव्यवस्थित किया है, जो पहले की उस व्यवस्था की जगह लेगा जिसमें ज्यादा समय लगता है।

आयोग का कहना है कि स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाते हुए नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। 'इंडेक्स कार्ड' एक गैर-वैधानिक, चुनाव के बाद का सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है जिसे चुनाव संबंधी डेटा हासिल करने के लिए विकसित किया गया है। इसे कई आयामों में डेटा का प्रसार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, मसलन, उम्मीदवार, मतदाता, डाले गए वोट, गिने गए वोट, पार्टी-वार और उम्मीदवार-वार मत प्रतिशत, लिंग-आधारित मतदान रुझान, क्षेत्रीय विविधताएं और राजनीतिक दलों का प्रदर्शन।

# सुप्रीम निर्देश: जल्द निपटाए जाएं मकान मालिक और किराएदारों के विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• शीर्ष कोर्ट ने कहा- विवादों में देरी से दोनों पक्षों को होता है नुकसान

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए संपत्ति मालिकों-किराएदारों के बीच विवाद में फैसला होने में देरी पर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से वहां लंबित ऐसे मामलों की समीक्षा करने का अनुरोध किया है।

सुप्रीम कोर्ट प्रति वर्ग फुट दर पर विवाद से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध अपीलों पर सुनवाई कर रहा। यह मामला हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड द्वारा मुंबई स्थित हरचंद्राय हाउस को किराए पर लेने से संबंधित है। पीठ ने कहा कि कुछ मामलों में वादियों को विवादों के निपटारे के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है। जब मकान मालिक-किराएदार विवाद की बात आती है तो एक पक्ष के संपत्ति के लाभ से वंचित होने और दूसरे पक्ष के ऐसी संपत्ति के स्वामित्व से प्राप्त होने वाले मौद्रिक लाभ से वंचित होने का पहलू भी शामिल होता है। अदालतों का कर्तव्य है कि सुनिश्चित करें कि उनके कारण किसी भी पक्ष को परेशानी न हो।

अदालत ने कहा कि ऐसे विवादों में देरी से दोनों पक्षों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। कुछ मामलों में मकान मालिक को संपत्ति नहीं मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ता है, या उससे मिलने वाली मौद्रिक राशि नहीं मिल पाती है। किरायेदार को यह नुकसान होता है कि अंतिम निर्णय आने पर उसे थोड़े समय में बड़ी रकम चुकाने का निर्देश दिया जाता है।

## परीक्षा में छह मिनट देर से पहुंची छात्रा को कोर्ट ने नहीं दी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने परीक्षा की 'शुचिता और अनुशासन' को रेखांकित करते हुए 'समान विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा' (सीयूईटी) में छह मिनट की देरी से शामिल होने वाली छात्रा को राहत देने से इनकार कर दिया। अठारह वर्षीय छात्रा ने दावा किया कि 13 मई को वह परीक्षा के निर्धारित समय से छह मिनट बाद सुबह करीब 8.36 बजे परीक्षा केंद्र पहुंची थी, लेकिन उसे प्रवेश नहीं दिया गया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की पीठ ने पाया कि राष्ट्रीय परीक्षा प्राधिकरण के सूचना बुलेटिन और प्रवेश पत्र में परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले सुबह करीब 7 बजे केंद्र पर पहुंचने के बारे में बहुत स्पष्ट निर्देश दिए गए थे और बताया गया था कि सुबह 8.30 बजे के आसपास गेट बंद हो जाएंगे। पीठ ने कहा कि इतनी बड़ी परीक्षा के संचालन में लापरवाही से अव्यवस्था पैदा होगी और परीक्षा का अनुशासन बनाए रखा जाना चाहिए।

# संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को दोहरी जिम्मेदारी मिलने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• पवन खेड़ा ने कहा- ये हमारी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में दो जिम्मेदारियां मिलना भारतीय विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है। वैश्विक समुदाय पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराना कैसे जारी रख सकता है।

पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख की जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस के मीडिया विभागके प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान को एक अरब डॉलर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद विश्व बैंक ने 40 अरब डॉलर देने का फैसला किया। 3 जून को एडीबी ने 80 करोड़ डॉलर दिए। उन्होंने कहा कि अब 4 जून को पाकिस्तान को यूएनएससी तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा, बेशक, यह हमारी अपनी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है लेकिन वैश्विक समुदाय पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराने की अनुमति कैसे दे सकता है।

# दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर



नॉर्थम्पटन, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33 . 57 की औसत से रन बनाये हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्ष क्रम में मिली है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाये थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाये। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिये तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिये तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे जिन्हें पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में जगह दी गई है। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं।

### भारत ए से इंग्लैंड लायंस का आखिरी टेस्ट मैच

**भारत ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद,जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स। **मैच दोपहर 3 . 30 बजे से**

# बुमराह की जगह लेना मुश्किल, इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में पर्याप्त प्रतिभा

मुंबई, एजेंसी

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्पष्ट नहीं किया कि जसप्रीत बुमराह 5 टेस्ट मैचों में से कौन से तीन में उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान इस दिग्गज गेंदबाज की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी संभालने के लिए गेंदबाजी इकाई में प्रतिभा की कमी नहीं है। गंभीर ने कहा कि यह भी जरूरी नहीं कि बुमराह सिर्फ तीन ही टेस्ट मैच खेले।

5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला का आगाज 20 जून को लीड्स में होगा। उन्होंने कहा, हमने यह तय नहीं किया है कि हम उसे कौन से तीन मैच खिलाना चाहते हैं। गंभीर ने नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के साथ इंग्लैंड रवाना होने से पहले कहा, बुमराह जैसे खिलाड़ी की जगह लेना मुश्किल होता है, लेकिन हमारे पास प्रतिभावान गेंदबाज हैं। भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने इस दौरे के लिए टीम की घोषणा के दौरान बताया था कि मेडिकल टीम से मिले परामर्श के अनुसार 31 वर्षीय बुमराह सभी पांच टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। गंभीर ने कहा, मैंने पहले भी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कहा था कि इससे किसी और को खुद को साबित करने का मौका मिलता है और हमारे पास पर्याप्त प्रतिभा है। मुझे पता है कि वह एक बेहतरीन गेंदबाज है, लेकिन हमारे पास टीम में प्रतिभाशाली गेंदबाजों की कमी नहीं है।



### पहले टेस्ट के लिए वोक्स इंग्लैंड की टीम में

**लंदन।** तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की श्रृंखला के पहले मैच के लिए गुरुवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई श्रृंखला के दौरान लाड्र्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा 4 विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने टेस्ट से पूर्व तैयारी करने को कहा है। इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलेंगे।

## खेल डायरी

### शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट पहले पायदान पर पहुंची

**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाये। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाये। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### मैच फिक्सिंग में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किये गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिये हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

### भारतीय तीरंदाज अंताल्या विश्व कप से खाली हाथ लौटे

**अंताल्या (तुर्किये)।** भारतीय तीरंदाज पिछले विश्व कप की अपनी सफलता को दोहराने में विफल रहे और गुरुवार को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कंपाउंड और रिकर्व दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं से खाली हाथ लौटे। पिछले महीने शंघाई में दूसरे चरण में स्वर्ण (पुरुष) और रजत (महिला) जीतने वाली कंपाउंड टीमें इस बार पदक की दौड़ में पिछड़ गईं। ऋषभ यादव, कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और मौजूदा विश्व चैंपियन ओजस देवताले की भारतीय कंपाउंड टीम को शुरुआती दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को रोमांचक मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली चीनी ताइपे ने मात्र एक अंक से 242-241 हराया। मधुरा धमनगांवकर, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथ तनमपर्थी की महिला कंपाउंड टीम भी कांस्य पदक मैच में हार गयी।

### अगले ओलंपिक में मेरा निशाना शीर्ष पायदान पर: कुसाले

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। कुसाले पेरिस में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले देश के पहले निशानेबाज बने थे। 2021-22 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले कुसाले अब तक की सफलता से संतुष्ट नहीं हैं और बड़े पदक चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा बड़ा लक्ष्य अगला ओलंपिक है।

### वर्षा टेकाम पर डोप टेस्ट से बचने के लिए तीन साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत की लंबी दूरी की धाविका वर्षा टेकाम पर गुरुवार को एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) द्वारा डोप टेस्ट से बचने के लिए तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया। पिछले साल पुणे हाफ मैराथन में एक घंटे 26 .22 मिनट के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं वर्षा को 26 मई को अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया था। एआईयू के अनुसार वर्षा को अनुच्छेद 2 .3 (किसी एथलीट द्वारा नमूना संग्रह से बचने, मना करने या उसे प्रस्तुत करने में विफल रहने) के तहत निलंबित किया गया था। एआईयू ने 'एक्स' पर लिखा, एआईयू ने वर्षा टेकाम (भारत) को खिलाड़ी द्वारा नमूना संग्रह से बचने, मना करने या उसे प्रस्तुत करने में विफल रहने के लिए 20 मई 2025 से तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

# पहली बार सबालेंका फाइनल में

## महिला एकल : नंबर एक खिलाड़ी ने स्वियातेक के अभियान पर लगाया विराम

- सबालेंका ने स्वियातेक को चार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने से रोका

पेरिस, एजेंसी

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इगा स्वियातेक के फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 26 मैच में जीत के अभियान को विराम लगाते हुए गुरुवार को महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने स्वियातेक को रोलां गैरो पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तीन सेट में 7-6, 4-6, 6-0 से हराकर पेरिस में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

सबालेंका की जीत ने स्वियातेक को 1968 में प्रतियोगिता में पेशेवर खिलाड़ियों को प्रवेश की स्वीकृति दिए जाने के बाद से इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से रोक दिया। इससे सबालेंका को अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का मौका भी मिलेगा। सबालेंका ने अब तक अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं जिसमें दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एक अमेरिकी ओपन खिताब शामिल है। बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने कहा कि यह अविश्वसनीय लगता है, लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वह सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी है, विशेषकर क्ले कोर्ट पर, खासकर रोलां गैरो पर। सबालेंका का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ और 361वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्ड धारक लोइस बोइसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



एरिना सबालेंका

### गाफ का सामना बोइसों से जोकोविच-सिनेर भी जीते



कोको गाफ

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को हराकर महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को हराया है। बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया।

### इरानी-वावसोरी की जोड़ी बनी मिश्रित युगल चैंपियन

**पेरिस।** इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने मिश्रित युगल के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इटली की जोड़ी ने सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद यह उनका दूसरा खिताब था। इरानी के लिए पेरिस में यह दूसरा बड़ा खिताब है। उन्होंने पिछले साल हमवतन जैस्मीन पाओलिनी के साथ महिला युगल में ओलंपिक स्वर्ण जीता था।



# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू बाहर

जकार्ता, एजेंसी



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

सात्विक और चिराग ने रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी को हराया। सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की जोड़ी से भिड़ेगी।

निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से शिकस्त मिली है। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला जोड़ी भी बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की जोड़ी के खिलाफ सिर्फ हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त मिली।

### प्रदर्शन में निरंतरता के लिए संघर्ष जारी : सिंधू



पिछले काफी समय से लय हासिल करने की कोशिश कर रही पीवी सिंधू ने कहा कि वह सही रास्ते पर हैं और शीर्ष खिलाड़ियों में अपना स्थान फिर से हासिल करने से दूर नहीं हैं। सिंधू इस सत्र में प्रदर्शन में निरंतरता के लिए संघर्ष कर रही हैं। सिंधू ने कहा, मेरे पास नया कोच है। कई बार दोनों को एक-दूसरे को समझने में समय लगता है।

# अगले आईपीएल में करूंगा दोगुना बेहतर प्रदर्शन : वैभव

मुंबई, एजेंसी



अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था।

इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए सपने जैसा है और मुझे पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं। रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार दिया गया।

सूर्यवंशी ने कहा कि अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां कीं और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। पहले सत्र से मिली सीख के बारे में सूर्यवंशी ने कहा, मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने कहा कि यह नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि वहां खेल कैसे चलता है।

### पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी : खुरासिया

**नई दिल्ली।** आरसीबी को आईपीएल में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है। खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है।

# डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से भी मिल सकता है राजस्व : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी



अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी।

मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे कैरियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।

# गुकेश समेत 15 भारतीय ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है।



### कोहली ने मानसिक अस्पष्टता से टेस्ट को अलविदा कहा: ग्रेग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट से नहीं बल्कि कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े असर की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी से संन्यास लिया है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर लिखा, उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते एहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते, जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था। उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए।



# गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी पर करना होगा काम : पोंटिंग

- बोले- इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की जिम्मेदारी के बीच बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता। भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा। ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं। लेकिन अगर अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो तकनीक के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है।

# थरूर ने अमेरिका में कहा- भारत को किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

• राष्ट्रपति ट्रंप के संघर्ष विराम में भूमिका निभाने के दावे पर कांग्रेस सांसद ने रखी भारत की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम में अपनी भूमिका को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति पद का सम्मान करता है लेकिन नई दिल्ली ने कभी नहीं चाहा कि वह किसी से मध्यस्थता करने के लिए कहे और किसी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं कि हमें रुकना है।

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेता थरूर मंगलवार दोपहर यहां पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों एवं सरकारी अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। थरूर ने कहा, हम अपने लिए बस इतना ही कह सकते हैं कि हमने कभी किसी से मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहना चाहा। उन्होंने बुधवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि भारत को पाकिस्तानियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने में कोई दिक्कत नहीं थी। जब तक वे आतंकवाद की भाषा का इस्तेमाल करते रहेंगे, हम बल की भाषा का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है।



अमेरिका में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

### जेडी वेंस के साथ बैठक बहुत अच्छी रही: थरूर

**वाशिंगटन।** भारतीय सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ मुलाकात काफी अच्छी रही और उन्होंने (वेंस ने) ऑपरेशन सिंदूर में भारत की संयमित प्रतिक्रिया के प्रति पूर्ण समर्थन और सम्मान जताया। यह जानकारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने दी। मुझे बहुत खुशी है कि उपराष्ट्रपति वेंस ने इतनी गर्मजोशी से हमारा स्वागत किया।

# मांसपेशियों से नियंत्रण खोना ही पार्किंसन्स

कुछ हट के

पार्किंसन्स एक उम्र संबंधी मस्तिष्क से जुड़ी बीमारी है, जिसमें ब्रेन के कुछ हिस्से बहुत कमजोर या डैमेज हो जाते हैं। इसके कारण आमतौर पर लोग बहुत धीरे चलने-फिरने लगते हैं। उनके हाथ, पैर और सिर कांपने लगते हैं। इसके अलावा बैलेंसिंग की भी समस्या हो सकती है। ज्यादातर मामलों में इसका कोई स्पष्ट कारण पता नहीं है।

हालांकि, कुछ मामलों में देखा गया है कि यह अनुवांशिक कारणों से भी हो सकता है। इसका कोई स्थाई इलाज नहीं उपलब्ध है। समय पर इलाज मिलने से लक्षणों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। साइंस जर्नल फ्रंटियर्स के मुताबिक, साल 2021 में पूरी दुनिया में 118 लाख लोगों को पार्किंसन्स था। अनुमान है कि 2050 तक पेशेंट्स की संख्या दोगुने से ज्यादा बढ़कर 252 लाख के करीब हो सकती है। पार्किंसन्स डिजीज में फिजिकल एक्टिविटीज और एक्सरसाइज का बहुत महत्व होता है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत होती हैं, स्पीड सुधरती है और बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रोटीन से भरपूर चीजें खाएं। मसल्स मजबूत बनाने और बॉडी एक्टिविटीज के लिए प्रोटीन जरूरी है।



**118** लाख से ज्यादा लोग 2021 तक पार्किंसन्स से पीड़ित

**2050** तक 252 लाख लोग हो सकते हैं इस बीमारी का शिकार

### बीमारी के लक्षण, क्यों होता है

• इस बीमारी के लक्षणों को मोटर (मूवमेंट से संबंधित) और नॉन-मोटर (जो मूवमेंट से नहीं जुड़े) - दो ग्रुप में बांटा जा सकता है। मुख्य रूप से ब्रेन में एक खास केमिकल डोपामिन की कमी के कारण होता है। यह केमिकल ब्रेन में स्ट्रायटम नामक हिस्से में होता है, जो मसल्स पर कंट्रोल और उसकी गति को नियंत्रित करता है। जब ब्रेन के इस हिस्से की सेल्स डैमेज होने लगती हैं या कमजोर होने लगती हैं तो पार्किंसन्स के लक्षण उभरते हैं।

### पार्किंसन्स के मुख्य कारण

- **जेनेटिक:** यह डिजीज कुछ मामलों में जेनेटिक हो सकती है। परिवार में किसी को पार्किंसन्स है तो उस व्यक्ति को खतरा दूसरों की अपेक्षा ज्यादा होता है।
- **आइडियोपैथिक:** ज्यादातर पार्किंसन्स मामलों का कारण पता नहीं चलता है। इसे आइडियोपैथिक पार्किंसन्स कहा जाता है, इस बीमारी का कारण स्पष्ट नहीं है।
- **एनवायर्नमेंटल:** कुछ मामलों में पेस्टिसाइड्स जैसे केमिकल्स से भी पार्किंसन्स होता है। कार्बन मोनोऑक्साइड व कुछ पॉइजन्स से भी खतरा बढ़ सकता है।
- **मस्तिष्क में सूजन:** मस्तिष्क में सूजन, जिसे एन्सेफलाइटिस कहा जाता है। इसके कारण भी कभी-कभी पार्किंसन्स के लक्षण उभर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करेगी मदद

• चलने में सावधानी बरतें और स्पीड नियंत्रित करें, बहुत तेजी से न चलें। • चलते समय हमेशा पैर की एड़ी को जमीन पर पहले रखें। • अपने बॉडी पॉश्चर पर ध्यान दें। सीधे खड़े होने की कोशिश करें, ताकि शफलिंग यानी धीरे-धीरे चलने को रोका जा सके। • पीछे की तरफ न चलें और न ही कुछ सामान उठाकर चलने की कोशिश करें।

## एक नजर

### बाइडन के ऑटोपेन इस्तेमाल के खिलाफ जांच का आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्षमादान देने और अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा ऑटोपेन का इस्तेमाल किए जाने की जांच करने का बुधवार को आदेश दिया। इसके अलावा अमेरिकी संसद के निचले सदन-प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भी बाइडन के करीबी सदस्यों से पूछताछ का अनुरोध किया है।

### चीन ने ताइवान के 20 हैकर के खिलाफ वारंट किया जारी

**ताइपे।** चीन ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से देश में हैकिंग अभियान को अंजाम देने के आरोप में वहां (ताइवान) के 20 लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को वारंट जारी किया। बीजिंग ने उस ताइवानी कंपनी के साथ व्यापार पर भी प्रतिबंध लगा दिया, जिसके मालिकों को चीनी अधिकारियों ने "ताइवान की स्वायत्तता का कट्टर समर्थक" बताया है। दक्षिणी शहर गुआंगझाउ की पुलिस ने बताया कि ताइवान की स्वायत्तता की समर्थक 'डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी' (डीपीपी) की ओर से हैकिंग अभियान निंग एनवेई नामक व्यक्ति के नेतृत्व में चलाया गया।

### यून व उनकी पत्नी की जांच के लिए विधेयक पारित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की विधायिका ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा दिसंबर में अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' लगाए जाने और उनकी पत्नी के खिलाफ आपराधिक आरोपों की विशेष जांच शुरू करने के लिए गुरुवार को विधेयक पारित किए। कई महीनों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद मुखर उदारवादी नेता ली जे-म्यांग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया और इसके एक ही दिन बाद उन्होंने अपदस्थ रूढ़ीवादी नेता यून के खिलाफ यह कदम उठाया।

### हज के लिए 15 लाख से ज्यादा मुसलमान सऊदी अरब पहुंचे

**अराफात।** इस साल हज करने के लिए दुनियाभर से 15 लाख से ज्यादा जायरीन सऊदी अरब पहुंचे हैं। एक प्रवक्ता ने बताया कि हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और आर्थिक एवं शारीरिक तौर पर सक्षम मुस्लिम के लिए यह जरूरी माना जाता है कि वह एक बार हज जरूर करे।

# प्रधानमंत्री ने शुरू की 700 किलोमीटर लंबी अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

## पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम पहल को आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय राजधानी से गुजरात तक फैली 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण करने की विशेष पहल की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है तथा यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान इस पर्वतमाला से जुड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने पर है। हम संबंधित स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे और जल प्रणालियों में सुधार, धूल भरी आंधी पर अंकुश लगाने, थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने आदि पर जोर देंगे। मोदी ने कहा, अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है।

पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया। उन्होंने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई।




दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम पहल को आगे बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी।

### कहा- सरकार गरीबों के कल्याण, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राजग सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए जन संपर्क अभियान शुरू करेगी। मोदी ने एक्स पर कहा कि राजग सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक समय में सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित कर कई लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजग ऐसे समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है।

# मस्क ने कहा- ट्रंप अहसान फरामोश मैं नहीं होता तो चुनाव न जीत पाते

वॉशिंगटन, एजेंसी

• ट्रंप के नए टैक्स बिल को लेकर दोस्ती में दरार, उद्यमी मस्क ने ट्रंप को दिया करारा जवाब



अरबपति उद्योगपति एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने पहले बयान दिया कि वह मस्क से काफी निराश हैं। ट्रंप की मानें तो उन्होंने मस्क की काफी मदद की थी और अब उनका रवैया दिल दुखाने वाला है। अब मस्क ने पलट कर ट्रंप को जवाब दिया है। मस्क ने जवाब में एक बड़ा दावा किया और कहा कि अगर वह नहीं होते तो ट्रंप साल 2024 का राष्ट्रपति चुनाव नहीं जीत पाते। दोनों के बीच दरअसल टैक्स बिल को लेकर तनाव चल रहा है। जिस समय ट्रंप ने चुनाव जीता था मस्क ने खुलकर उनकी जीत का समर्थन किया था।

एलन मस्क और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच की नोकझोंक सबके सामने आ गई। ट्रंप ने कहा था देखिए, एलन और मेरे बीच बहुत अच्छे संबंध थे। मुझे नहीं पता कि हम आगे भी ऐसे ही रहेंगे या नहीं। एलन मस्क ने ट्रंप की तरफ से आए टैक्स बिल को हर कीमत पर रोकने की अपील की है।

मस्क ने कहा, बिल को खत्म कर दो। ट्रंप ने कहा कि मस्क की मदद के बिना भी वह शायद पेन्सिलवेनिया जैसे महत्वपूर्ण राज्य में जीत हासिल कर लेते क्योंकि कमला हैरिस ने राज्य के गवर्नर जोश शापिरो को अपना रनिंग मेट नहीं चुना था। मस्क ने इस पर कहा कि यह बहुत ही हास्यास्पद है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरे बिना, ट्रंप चुनाव हार जाते, कितनी अहसानफरामोशी है।

### ट्रंप ने मस्क के सरकारी अनुबंधों में कटौती की चेतावनी दी

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने अपने पूर्व समर्थक और सलाहकार एलन मस्क के सरकारी अनुबंधों में कटौती करने की चेतावनी दी। ट्रंप ने दिग्गज कंपनी टेस्ला एवं सोशल मीडिया मंच एक्स के प्रमुख मस्क को यह चेतावनी ऐसे समय दी जब दोनों के बीच रिश्तों में खटास आई है और यह एक सार्वजनिक झगड़े में बदल गया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया नेटवर्क पर लिखा, हमारे बजट में, अरबों-खरबों डॉलर की बचत करने का सबसे आसान तरीका एलन की सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों को समाप्त करना है। मैं हमेशा सोचता था कि (पूर्व राष्ट्रपति जो) बाइडन ने ऐसा क्यों नहीं किया।

## हार्वर्ड में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक के लिए ट्रंप ने उठाया कदम

• राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर शासकीय आदेश पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आइवी लीग स्कूल से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। आइवी लीग हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है। ट्रंप ने बुधवार को एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने आदेश में लिखा, मैंने यह तय किया है कि उक्त वर्णित विदेशी नागरिकों के वर्ग का प्रवेश अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक है क्योंकि मेरे विचार में हार्वर्ड के आचरण ने इसे विदेशी छात्रों व शोधकर्ताओं के लिए अनुपयुक्त गंतव्य बना दिया है। यह देश के सबसे पुराने और सबसे धनी विश्वविद्यालय के साथ 'व्हाइट हाउस के टकराव की दिशा में एक और कदम है।

## एफटीए से भारत, ब्रिटेन के बीच कानूनी संबंध हुए मजबूत : सीजेआई गवई

**लंदन।** प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन का समृद्ध कानूनी इतिहास साझा है, जो समान कानून के सिद्धांतों पर आधारित है और पिछले महीने संपन्न द्विपक्षीय एफटीए से यह संबंध व मजबूत हुआ है। भारत-ब्रिटेन वाणिज्यिक विवादों की मध्यस्थता पर आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत-ब्रिटेन मध्यस्थता प्रथाओं में समन्वय विषय पर उद्घाटन भाषण देते हुए न्यायमूर्ति ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गहन सहयोग से व्यापार को लाभ होगा। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन ने भारत को सिंगापुर और लंदन की तरह एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## मध्य एशियाई देशों के 4 विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

• तुर्कमेनिस्तान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान व कजाकिस्तान से सहयोग पर हुई चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के अपने समकक्षों से मुलाकात की और इन मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उनकी चर्चा में आतंकवाद का मुद्दा भी उठा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में जयशंकर ने अपनी बैठकों की व्यापक रूपरेखा साझा की। जयशंकर ने कहा, तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्री राशिद मेरेदोव से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारे सहयोग को और मजबूत करने, खासकर व्यापार, निवेश, संपर्क, स्वास्थ्य और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर गर्मजोशी से चर्चा हुई। आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की उनकी कड़ी निंदा का स्वागत करता हूं। उन्होंने हैदराबाद हाउस में हुई बैठक की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।



नई दिल्ली में अपने किर्गिज समकक्ष से मिलते जयशंकर।

## गाजा पट्टी से दो इजराइली बंधकों के शव बरामद

**तेल अवीव।** इजराइल ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए दो इजराइली-अमेरिकी लोगों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रातभर और बृहस्पतिवार को इजराइल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, जिनमें तीन स्थानीय पत्रकार भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जूडिह वीनस्टीन और गैड हग्गई के शव सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत बरामद कर इजराइल लाए गए हैं। नेतन्याहू ने कहा, इजराइल के सभी नागरिकों की ओर से मैं इनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### पर्यटकों का इंतजार



पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पार्यटकों की आवाजाही बहुत कम हो गई है। गुरुवार को डल झील में खाली खड़े शिकारे। एजेंसी

## यूक्रेन-रूस को कुछ समय तक लड़ने देना बेहतर होगा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन और रूस को अलग करने तथा शांति स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने से पहले इन दोनों को कुछ समय तक लड़ने देना बेहतर होगा। ट्रंप ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ ओवल ऑफिस में बैठक के दौरान यूक्रेन में युद्ध की तुलना दो बच्चों के बीच लड़ाई से की, जो एक-दूसरे से नफरत करते हैं। रूस ने 2022 की शुरुआत में यूक्रेन पर आक्रमण किया था। कहा, कभी-कभी उन्हें कुछ देर तक लड़ने देना और फिर उन्हें अलग कर देना बेहतर होता है। उन्होंने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर बातचीत में इस बात को दोहराया था। ट्रंप ने प्रतिबंधों की धमकी को अभी भी बरकरार रखा है।

# अमेरिका ने इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम की मांग पर लगाया वीटो

• बंधकों की बिना शर्त रिहाई और सभी प्रतिबंधों को हटाने की मांग

वाशिंगटन/तेल अवीव/संरा, एजेंसी

अमेरिका ने गाजा में इजराइल और हमास आतंकवादियों के बीच स्थायी संघर्ष विराम की मांग को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। प्रस्ताव में गाजा में बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता की डिलीवरी पर लगे सभी प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की गयी है।

अमेरिका ने स्थायी युद्ध विराम की मांग करने वाले यूएनएससी के प्रस्ताव के मसौदे पर वीटो लगा दिया है। इसने एन्क्लेव में सहायता आपूर्ति पर प्रतिबंध हटाने का भी आह्वान किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, संरा में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने मतदान से पहले परिषद को बताया, अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो और हमास को निरस्त्र करने और गाजा छोड़ने का आह्वान न करे। उन्होंने 15 सदस्यीय परिषद में 10 देशों द्वारा रखे गए प्रस्ताव के बारे में कहा, यह जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा।



साक्षात्कार — सांसद शशि थरूर ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज कर कांग्रेसी नेताओं को सुनाई दो टूक

# राष्ट्रहित के लिए विदेश दौरे पर हूं, पार्टी के लिए नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

सांसद शशि थरूर ने उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कोई भी यह मानता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना कोई पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे खुद से सवाल करने की जरूरत है। थरूर पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और इस समय अमेरिका में हैं।

कुछ कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम हमले के बाद सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए थरूर की आलोचना की है। एक सहयोगी ने तो भाजपा का महाप्रवक्ता तक कह दिया।



थरूर ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा, सच कहूं तो, जब कोई देश की सेवा कर रहा हो, तो मुझे नहीं लगता कि उसे इन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। जब उनसे पूछा गया कि भारत लौटने पर वह अपने आलोचकों को क्या संदेश देंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो कोई भी यह समझता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना किसी प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे हमसे नहीं, बल्कि खुद से सवाल करने की जरूरत है। कई बार कुछ मुद्दों पर थरूर की टिप्पणियां कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक रुख से भिन्न रही हैं। सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या थरूर कांग्रेस में बने रहेंगे या भाजपा में शामिल होंगे।

इन अटकलों को लेकर थरूर ने कहा, मैं संसद का निर्वाचित सदस्य हूं। मेरे कार्यकाल के चार साल बाकी हैं। मुझे नहीं पता कि इस पर कोई सवाल क्यों पूछा जा रहा है।

### थरूर ने दिया अपने बेटे के सवाल का जवाब

**वाशिंगटन।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर से गुरुवार को उनके पत्रकार बेटे ने सवाल पूछा कि क्या सरकारी वार्ताकारों ने पहलगाम हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत मांगे थे, जिस पर थरूर ने कहा कि भारत ने बिना पुख्ता सबूत के ऑपरेशन सिंदूर नहीं चलाया। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में बातचीत के दौरान जब वाशिंगटन पोस्ट में वैश्विक मामलों के स्तंभकार उनके बेटे ईशान थरूर उनसे सवाल पूछने के लिए खड़े हुए, तो थरूर ने हंसते हुए कहा, इसे प्रश्न पूछने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। यह मेरा बेटा है। ईशान ने कहा, ईशान थरूर, वाशिंगटन पोस्ट। निश्चित रूप से व्यक्तिगत हैसियत से सवाल पूछ रहा हूं।

# ट्रंप और पुतिन वार्ता के बाद रूस का यूक्रेन पर हमला, 5 की मौत

कीव, एजेंसी

उत्तरी यूक्रेन के प्रिलुकी शहर पर बृहस्पतिवार को हुए ड्रोन हमले में एक शिशु, उसकी मां और दादी समेत कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सुबह होने से कुछ समय पहले शहर के रिहाइशी इलाके में छह ड्रोन ने हमला किया।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाला बच्चा स्थानीय दमकल सेवा प्रमुख का पौत्र था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने दमकल प्रमुख की पहचान 50 वर्षीय ओलेक्जेंडर लेबिड के रूप में की है। जेलेंस्की ने कहा, वह अपने ही घर पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया देने पहुंचे थे। पता चला है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया। हमले से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी।

ट्रंप के अनुसार, पुतिन ने बहुत दृढ़ता से कहा कि रूस रविवार को रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर हुए यूक्रेन के आश्चर्यजनक ड्रोन हमलों का जवाब देगा। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में किए गए कूटनीतिक प्रयासों से कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है, तथा यह भीषण युद्ध बेरोकटोक जारी है। यूक्रेन राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाले एक वर्ष के बच्चे की मां दरीना शिहिदा एक पुलिस अधिकारी थी।